राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.....
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 09 जून 2026
वर्ष 07, अंक 243, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण...02

ताकि पुलिस भर्ती परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थियों किसी परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो...11

बिहार कोचिंग विवादः रौशन आनंद की जमानत पर आदेश सुरक्षित, खान सर मामले में कल सुनवाई

- ज्ञान बिंदु लर्न एकेडमी के डायरेक्टर रौशन आनंद की रेगुलर जमानत अर्जी पर बहस पूरी हुई, जिसके बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया
- वहीं, मशहूर टीचर और खान ग्लोबल इंस्टीट्यूट के हेड, फैसल खान ने अपने खिलाफ दर्ज एक क्रिमिनल केस में गिरफ्तारी के डर से पटना सिविल कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है

बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अनुराग वर्मा की अदालत में प्रमुख कोचिंग संस्थानों से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान, ज्ञान बिंदु GS एकेडमी के डायरेक्टर रौशन आनंद की रेगुलर जमानत अर्जी पर बहस पूरी हुई, जिसके बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। वहीं, खान सर के ग्लोबल इंस्टीट्यूट से जुड़े मामले में गिरफ्तार दो बॉडीगार्ड्स की जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस से केस डायरी तलब की. कोर्ट ने निर्देश दिया कि जांच से जुड़े दस्तावेज और प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश किए जाएं।

सूत्रों के मुताबिक, अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। रौशन आनंद ने रेगुलर जमानत की मांग की, जबकि अभियोजन पक्ष ने मामले की गंभीरता को उजागर करते हुए अपना पक्ष रखा। बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि फैसला बाद में सुनाया जाएगा। उधर, खान सर के दो बॉडीगार्ड्स के मामले में अदालत ने कहा कि जमानत अर्जी पर फैसला लेने से पहले जांच के तथ्यों की जांच करना जरूरी है। इसे देखते हुए पुलिस से केस डायरी पेश करने को कहा गया।

खान सर की जमानत याचिका कल सुनवाई

'खान सर' के नाम से मशहूर टीचर और खान ग्लोबल इंस्टीट्यूट के हेड, फैसल खान ने अपने खिलाफ दर्ज एक क्रिमिनल केस में गिरफ्तारी के डर से पटना सिविल कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। उनकी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। खान सर के वकील, अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया चल रही है और आगे क्या होगा, यह कोर्ट के फैसले और उपलब्ध तथ्यों पर निर्भर करेगा। माना जा रहा है कि गिरफ्तारी की आशंका के चलते खान सर ने कोर्ट का रुख किया।

वीडियो वायरल होने के बाद दोनों गार्ड गिरफ्तार

दरअसल, खान सर के खिलाफ एक वायरल वीडियो के आधार पर मामला दर्ज किया गया है. बताया जा रहा है कि 2 जून को शूट किए गए इस वीडियो में उनके कोचिंग संस्थान के दो सुरक्षा गार्ड गोलीबारी करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पटना पुलिस ने खान ग्लोबल इंस्टीट्यूट पहुंचकर दोनों गार्डों को हिरासत में लिया और बाद में कदमकुआं थाने में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

खान सर के कहने पर की गार्डों ने की थी फायरिंग

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान दोनों गार्ड ने फायरिंग करने की बात कबूल की. जांच में यह भी आरोप लगाया गया कि फायरिंग खान सर के कहने पर की गई थी. इसके बाद, केस में हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप जोड़े गए. हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि कोर्ट में सुनवाई और आगे की जांच के बाद ही हो सकती है। FIR दर्ज होने के बाद, खान सर ने पुलिस जांच में सहयोग का भरोसा दिया था, लेकिन उसके बाद वे सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए।

पटना में विरोध-प्रदर्शन

पुलिस ने उनके कोचिंग सेंटर समेत कई जगहों पर तलाशी ली, लेकिन वे नहीं मिले. इस मामले को लेकर पटना में विरोध-प्रदर्शन भी देखने को मिले हैं। कुछ छात्र खान सर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, जबकि कुछ अन्य ज्ञान बिंदु GS एकेडमी के डायरेक्टर रोशन आनंद की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे हैं।

क्या है पूरा मामला?

गौरतलब है कि यह पूरा विवाद 2 जून की रात खान ग्लोबल इंस्टीट्यूट में तोड़फोड़ और मारपीट की घटना के बाद शुरू हुआ था। शुरू में खान सर ने दावा किया था कि फायरिंग हुई थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया। इस बीच, सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो ने मामले को एक नया मोड़ दे दिया। इससे जांच का दायरा बढ़ गया और खान सर खुद जांच के केंद्र में आ गए।

दो-दो बार जांच के बाद भी होटल को बताते रहे 'चाय की दुकान'

- MCD के 5 अफसर हौजरानी अग्निकांड के बड़े गुनाहगार

नई दिल्ली। हौजरानी की घटना को लेकर महापौर प्रवेश वाही की ओर से जांच के निर्देश दिए जाने के बाद अभी आधिकारिक रिपोर्ट तो नहीं आई है, लेकिन प्राथमिक जांच में पब्लिक हेल्थ इंस्पेक्टर (PHI) और सहायक पब्लिक हेल्थ इंस्पेक्टर की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस इमारत का निगम के इन्ही कर्मचारियों ने एक नहीं, बल्कि दो बार जमीनी निरीक्षण किया था, लेकिन एक बार भी नियमों के उल्लंघन की जानकारी शीर्ष अधिकारियों को नहीं दी गई, जिसके चलते यह हादसा हो गया। लापरवाही के नआरोप में निगम ने पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। नोटिस में पूछा गया है कि जमीनी निरीक्षण के दौरान वहां 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' (बीएंडबी) और 'टी एंड स्नैक्स' के नाम पर चल रहे होटल व रेस्तरां की सही रिपोर्ट क्यों नहीं दी गई और सभी दस्तावेजों को सही क्यों मान लिया गया?

टी एंड स्नैक्स के लाइसेंस पर चल रहा था होटल

एमसीडी सूत्रों ने बताया कि जिस 'फ्लरिश स्टे होटल' में आग लगी, वह पिछले कई वर्षों से एमसीडी से 'टी एंड स्नैक्स' का लाइसेंस लेकर काम कर रहा था। चूंकि चाय और स्नैक्स के सभी लाइसेंसों के लिए जमीनी निरीक्षण अनिवार्य नहीं होता था और कंप्यूटर द्वारा तय किए गए केवल 20 प्रतिशत लाइसेंसों का ही रैंडम निरीक्षण किया जाता था, इसलिए पहले इसकी कोई जांच नहीं हुई। लेकिन, मार्च 2025 में पश्चिमी जोन के एक जिम मामले में हुए विवाद के बाद, एमसीडी ने सभी तरह के त्वरित (इंस्टेंट) लाइसेंसों के लिए जमीनी निरीक्षण अनिवार्य कर दिया था। इसके तहत दक्षिणी जोन को ऐसे 1300 लाइसेंस मिले, जिनका भौतिक सत्यापन होना था। दक्षिणी जोन में हौजरानी वार्ड में तैनात पीएचआई और एपीएचआई हीरालाल, केके गुप्ता और प्रिंस मान व अन्य दो को अलग-अलग समय पर इसकी जिम्मेदारी दी गई थी।

रिपोर्ट में होटल होने की कोई जानकारी नहीं दी

सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2025-26 में दो बार इस इमारत का जमीनी निरीक्षण हुआ और इस दौरान जिन अधिकारियों ने जमीनी निरीक्षण किया, उन्होंने अपनी रिपोर्ट में चाय की दुकान चलने की तो जानकारी दी लेकिन होटल की जानकारी नहीं दी। निगम की इसी रिपोर्ट के आधार पर इस इमारत में टी एंड स्नैक्स का लाइसेंस एमसीडी ने मंजूर किया था। इसी आधार पर निगम ने नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए? चूंकि इस इमारत को 2024 से बेड एंड ब्रेकफास्ट का दिल्ली पर्यटन विभाग से लाइसेंस मिला हुआ था इसलिए निगम ने 2023 से अब तक के तैनात रहे पीएचआइ और एपीएचआइ को नोटिस दिया था।

वहीं, एक अन्य अधिकारिक सूत्र का कहना है कि एमसीडी अब तक बीएंडबी पर कार्रवाई करने से इसलिए बचती रही है, क्योंकि साल 2022 में हौजखास के एक बीएंडबी पर कार्रवाई के दौरान संचालक हाईकोर्ट चला गया था। तब हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि चूंकि बीएंडबी का लाइसेंस एमसीडी नहीं देती, इसलिए वह इस पर कार्रवाई नहीं कर सकती। इसी कानूनी अड़चन के कारण निगम अब तक ढील दे रहा था।

दूसरे जोन के अधिकारियों की भी जांच शुरू

एमसीडी सूत्रों के अनुसार, सैदुलाजाब और हौजरानी की घटनाओं से हुई किरकिरी के बाद निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। अब कार्रवाई केवल दक्षिणी जोन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि निगम के सभी जोनों के अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच की जाएगी। इसके तहत भवन विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, जनरल ब्रांच और सेंट्रल लाइसेंसिंग विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जांच के दायरे में आएंगे। निगमायुक्त ने इस संबंध में विजिलेंस विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। विजिलेंस की रिपोर्ट मिलते ही एमसीडी इसी सप्ताह दोषी अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी कर सकता है।

संक्षिप्त ख़बरें

सड़क पर थूकने का विरोध पड़ा भारी, ससुर-दामाद पर दबंगों का हमला

लात-घूंसों से की मारपीट, जान से मारने की धमकी; दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

ललितपुर। सड़क पर थूकने का विरोध करना एक बुजुर्ग और उनके दामाद को भारी पड़ गया। मामूली कहासुनी के बाद दो युवकों ने ससुर-दामाद के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना में बुजुर्ग घायल हो गए, जबकि उनके दामाद ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बार क्षेत्र के ग्राम मथुराडाँग निवासी वीरसिंह (55) पुत्र हरलाल लोधी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार 6 जून 2026 की रात लगभग 9:30 बजे वह अपने दामाद ऋषिकेश पुत्र ध्यान सिंह के साथ मोटरसाइकिल से बस्तगुवा से अपने गांव मथुराडाँग लौट रहे थे। जब वे गांव के समीप स्थित नाले के पास पहुंचे, तभी रास्ते में गांव के ही गुरू यादव पुत्र रत्न यादव तथा नीतेश यादव पुत्र गुलाब सिंह यादव मिल गए। आरोप है कि चलती मोटरसाइकिल से थूकने और उसके छींटे पडने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। वीरसिंह ने जब युवकों को सड़क पर थूकने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने से मना किया, तो दोनों आरोपी भड़क उठे। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उन्हें मोटरसाइकिल से नीचे खींच लिया और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से वह संभल भी नहीं पाए। शोर-शराबा सुनकर उनके दामाद ऋषिकेश ने बीच-बचाव किया और किसी तरह उन्हें आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घटना में वीरसिंह को चोटें आई हैं, जबकि ऋषिकेश बाल-बाल बच गए। मारपीट के बाद आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना देर रात की होने और कोई साधन उपलब्ध न होने के कारण वह उसी समय थाने नहीं पहुंच सके। अगले दिन रविवार को उन्होंने थाना बार पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बार थाना पुलिस ने गुरू यादव और नीतेश यादव के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

चौंकाने वाला खुलासा-जन सूचना ने खोल दी नौतनवा पुलिस की पोल

- 30 अप्रैल को हुए धरना प्रदर्शन में 92 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के अलावा कोई रिकॉर्ड थाने पर मौजूद नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नौतनवा, महराजगंज। बीते 30 अप्रैल 2026 का दिन नौतनवा के लिए शर्म का दिन बना। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के 200-300 लोग सड़क पर उतरे। मुख्य मार्ग को घंटों जकड़ दिया। तहसील का फाटक बंद करा दिया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 का उल्लंघन हुआ, पर रोकने वाला कोई नहीं था। पूर्व जिलापंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने जन सूचना के अधिकार 2005 की धारा 6 के तहत सूचना मांगी। पूछा गया- जुलूस के सूत्रधार कौन थे? अनुमति किसने दी थी? थाने में कोई मामला दर्ज हुआ या नहीं? कितने पुलिसकर्मी तैनात हुए? सरकारी धन कितना खर्च हुआ? थाना नौतनवा से जो जवाब आया वह लोकतंत्र के माथे पर कलंक है। नौ बिंदुओं में से आठ पर एक ही रट- 'अभिलेख में नहीं है। मतलब सूत्रधार का नाम नहीं, अनुमति का कागज नहीं, कोई मामला दर्ज नहीं, कोई हिसाब नहीं, कोई सबूत नहीं।

बिना कागज के, बिना आदेश के 92 पुलिसकर्मी सड़क पर खड़े कर दिए गए। नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज करना बनता था, पर थाने की कलम नहीं चली। बिना मजिस्ट्रेट के आदेश के इतनी बड़ी फौज तैनात कर दी गई, पर खर्च का लेखा तक नहीं रखा गया। जन सूचना के अधिकार का मकसद ही पारदर्शिता है। धारा 4 के तहत हर सरकारी काम का ब्योरा रखना जरूरी है। नौतनवा पुलिस ने उस कानून को भी ताक पर रख दिया। न वीडियो बना, न रोज़नामचा लिखा, निषेधाज्ञा का आदेश दिखाया।

अब सवाल सीधा है - जब कानून तोड़ने वालों का नाम ही रजिस्टर में नहीं, तो कार्रवाई होगी किस पर?

जब बिना कागज के फौज उतार दी जाए, तो जनता के पैसे की जवाबदेही कौन तय करेगा? यह जन सूचना पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि पुलिस के पास यह रिकार्ड उपलब्ध नहीं तो किसके पास है कौन है जवाब दे अब देखना यह है कि इस पर पुलिस अधीक्षक महाराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी क्या रुख होगा फिलहाल पूछने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने कहा कि जन सूचना अधिकार के तहत दिए गए प्रावधानों के अनुसार प्रथम अपीलीय अधिकारी पुलिस अधीक्षक महाराजगंज है प्रथम अपील जल्द ही करूंगा।

राज्यसभा नामांकन की आखिरी तारीख खत्म, मध्य प्रदेश और झारखंड में चुनावी टक्कर की संभावना

राज्यसभा की 27 और विधान परिषद की 17 सीटों के लिए नामांकन की आज आखिरी तारीख था. नामांकन की स्क्रूटनी 9 जून को होगी और नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 11 जून है. सभी जगह चुनाव 18 जून को शाम 4 बजे तक होंगे और उसी दिन मतगणना भी होगी। दस राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव हो रहा है। वहीं महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा में एक-एक राज्यसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, लिहाजा कुल 27 राज्यसभा सीटों पर चुनाव किया जाएगा. बीजेपी ने कुल 13 उम्मीदवार राज्यसभा में उतारे हैं। इनमें से गुजरात में 4, राजस्थान में 2, मध्यप्रदेश में 3, कर्नाटक में 1, मणिपुर में 1, ओडिशा में 1, अरुणाचल प्रदेश में 1 उम्मीदवार खड़े किए हैं. यदि एनडीए की बात करें तो आंध्र प्रदेश में 2 सीटों पर टीडीपी और 1 सीट पर जनसेना ने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं महाराष्ट्र के लिए होने वाले राज्यसभा उप चुनाव में एनसीपी के राजेंद्र जैन को उम्मीदवार बनाया गया है. यानी कुल 27 सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव में एनडीए के कुल 17 उम्मीदवार हिस्सा ले रहे हैं।

विशाखापत्तनम में बड़ा हादसा, मजदूरों पर गिरा पिघला हुआ स्टील; 8 की मौत और कई घायल

» आंध्र प्रदेश के विशाखापानम में स्टील प्लांट में दर्दनाक हादसा हो गया. प्लांट के एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में बड़ी मात्रा में पिघले हुए स्टील के रिसाव से 8 कर्मचारियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में स्टील प्लांट में दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। प्लांट के एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में बड़ी मात्रा में पिघले हुए स्टील के रिसाव से 8 कर्मचारियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. हादसा बहुत उच्च तापमान वाले पिघले स्टील से भरे लेडल के फटने से हुआ। हादसे के बाद दहशत फैल गई, जिससे कर्मचारी और अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। स्टील प्लांट के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा स्टील प्लांट के एसएमएस-2 (SMS-2) और एसटीसी-3 (STC-3) हीट एफजी विभाग में हुआ. क्रेन के जरिए खौलते हुए लिक्विड स्टील को ऊपर उठाया जा रहा था. बताया जा रहा है कि लगभग 1,500 डिग्री सेल्सियस से अधिक उच्च तापमान पर उबल रहे इस मेटल लिक्विड का लैडल अचानक अनियंत्रित होकर हिल गया, जिससे खौलता हुआ गर्म स्टील वहां काम कर रहे मजदूरों पर जा गिरा। स्टील प्लांट की फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है. हालांकि, इस दौरान कई मजदूर हादसे का शिकार हो गए, जबकि कुछ मजदूर स्टील लिक्विड गिरते ही डर की वजह से भाग गए।

राजघाट बांध की मत्स्य आखेट नीलामी में अनियमितता का आरोप

- जिलाधिकारी से जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। राजघाट बांध वै डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट (मछली पकडने) की नीलामी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय मछुआरों एवं छोटे ठेकेदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026-27 की नीलामी प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 1999 से राजघाट बांध के डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मत्स्य आखेट की नीलामी प्रतिवर्ष विधिवत विज्ञप्ति जारी कर कराई जाती रही है। आरोप है कि वर्ष 2026-27 के लिए अब तक कोई सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है, जबकि संबंधित क्षेत्र को कथित रूप से बिना नीलामी के ही शामिल कर लिया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रक्रिया में बेतवा रिवर बोर्ड के अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत होने की आशंका है। उनका आरोप है कि बिना पारदर्शी नीलामी के कार्य आवंटित किए जाने से छोटे ठेकेदारों और मछुआरों के

राजघाट बांध के गेट का दृश्य

सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। इससे उनके परिवारों के भरण-पोषण तथा बच्चों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा नियमों के अनुसार सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए। ज्ञापन पर मोहसिन खान, मोनू राजा, विनय विश्वकर्मा आदि के हस्ताक्षर हैं।

मुख्य मांगें मत्स्य आखेट नीलामी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच। कथित अनियमितताओं की कानूनी जांच एवं कार्रवाई। सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर नियमानुसार नीलामी कराई जाए। छोटे ठेकेदारों एवं मछुआरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड डंपर, शहर की सड़कों पर मंडरा रहा हादसों का खतरा

- गिट्टी-बजरी से लदे वाहनों पर नहीं लग रही लगाम
- घनी आबादी वाले इलाकों में तेज रफ्तार से बढ़ी लोगों की चिंता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। मुख्यालय की सड़कों पर इन दिनों गिट्टी और बजरी से भरे ओवरलोड डंपरों का संचालन आम बात हो गया है। दिन हो या रात, शहर के व्यस्त और घनी आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरते ये भारी वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका भी लगातार बढ़ा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्धारित क्षमता से अधिक माल भरकर चल रहे डंपर तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर गिट्टी और बजरी से लदे डंपरों के गुजरने के दौरान अक्सर सामग्री सड़क पर गिरती देखी जा सकती है। सड़क पर बिखरी गिट्टी के कारण बाइक और साइकिल सवारों के फिसलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ललितपुर में चल रहे निर्माण कार्यों और खनन क्षेत्रों से आने-जाने वाले डंपरों की संख्या लगातार बढ़ी है। शहर में प्रवेश करने वाले अनेक डंपरों में सुरक्षा मानकों का भी पालन नहीं किया जाता। कई वाहनों पर तिरपाल तक नहीं ढका जाता, जिससे रास्ते भर गिट्टी और धूल उड़ती रहती है। इससे न केवल सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है बल्कि पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया पर भी आए दिन ओवरलोड डंपरों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होती

रहती हैं। कई बार नागरिकों द्वारा प्रशासन और संबंधित विभागों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद व्यापक स्तर पर कार्रवाई दिखाई नहीं देती। इससे लोगों में यह धारणा बन रही है कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों को अप्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि ओवरलोड वाहन सड़क की गुणवत्ता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। भारी भार के कारण सड़कें समय से पहले क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे सरकार को मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। वहीं नगरवासियों का कहना है कि परिवहन, खनन और यातायात विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों की जांच करनी चाहिए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

थानाक्षेत्र जगदीशपुर अन्तर्गत एक व्यक्ति की गोली लगने से मृत्यु से संबंधित घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा किया गया निरीक्षण

जगदीशपुर अमेठी। थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी अंर्तगत ग्राम ग्राम लोढ़ियावा मजरे बगाही थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी के पास 75 वर्षीय व्यक्ति की गोली लगने से हुई मृत्यु से संबंधित स्थल का पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा निरीक्षण किया गया। मृतक की पहचान हीरालाल दुबे उर्फ बदलू पुत्र जागेश्वर उम्र करीब 75 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा प्रकरण के संबन्ध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर को निर्देशित किया गया। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को पचपेड़वा पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलरामपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पचपेड़वा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा ओम प्रकाश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार थाना पचपेड़वा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 84/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त धर्मपाल यादव उर्फ नेता पुत्र रक्षाराम यादव, निवासी ग्राम मल्दाडीह, थाना पचपेड़वा, जनपद बलरामपुर को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए रवाना कर दिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अब्दुल हकीम एवं हेड कांस्टेबल ब्रह्मदेव यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

राजा परीक्षित और कलयुग की कहानी को सुनकर भावविभोर हो उठे श्रद्धालु

सिद्धार्थनगर। विकास खंड भनवापुर के ग्राम पंचायत अहिरौली पड़री स्थित ऐतिहासिक पडेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय भजनों और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा यज्ञ पंडाल में अवध धाम से पधारे कथा व्यास पंडित राकेश शास्त्री महाराज जी ने राजा परीक्षित के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महाराज परीक्षित ने कलयुग को अपने शरण में स्थान दिया था। कलयुग ने राजा से रहने के लिए स्थान मांगा, तो राजा परीक्षित ने उसे जुआ, मदिरापान, परैया स्त्री गमन, हिंसा और स्वर्ण अधर्म की कमाई में वास करने की अनुमति दी। कथा व्यास ने श्रोताओं को सचेत करते हुए कहा कि आज के युग में मनुष्य को इन बुराइयों से दूर रहकर केवल प्रभु भक्ति में लीन रहना चाहिए, क्योंकि कलयुग में केवल नाम ही सुमिरन से मोक्ष का एक मात्र साधन है। इस अवसर पर यज्ञाचार्य अंशु जी महाराज, चन्द्र भान गुप्ता, नैन कुमार, जितेंद्र कुमार, बब्लू गिरी, रघुराज तिवारी, राजमणि दूबे, मंटू गिरी, ननकन यादव, पारस गिरी, विजय पाल यादव, रवि गिरी, बलराम बलिन्दर तिवारी, विकास गिरी, व भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे!

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने परीक्षा के प्रथम दिवस जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा निगरानी व्यवस्था का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज व रणन्जय इंटर कॉलेज गौरीगंज का भ्रमण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी एवं हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) से जांच के उपरांत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए, जिससे परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनी रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के बाहर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा जाए। सड़क किनारे खड़े वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रवेश द्वारों, बैरिकेडिंग तथा निगरानी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाओं पर बारीकी से नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल, निगरानी व्यवस्था एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं अधिकारी तैनात हैं तथा संवेदनशील बिंदुओं की विशेष निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जनपद अमेठी में उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा वरिष्ठ अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

कानपुर में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 126 चालकों के विरुद्ध कार्यवाही

डीसीपी यातायात के निर्देश पर देर रात हुई कार्यवाही

कानपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में दिनांक : 6.06.2026 व दिनांक 7.06.2026 को कानपुर यातायात पुलिस एवं सिविल पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सजेती टोल प्लाजा व शिवराजपुर टोल प्लाजा पर ब्रीथ एनालाइज़र उपकरण के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई। इस प्रकार की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है, जो वाहन चालक व निर्दोष नागरिकों की जान के लिये गंभीर संकट है। चेकिंग के दौरान शराब पीकर नशे की हालत में वाहन चलाने वालो के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कुल 126 वाहन चालकों पर वैधानिक कार्यवाही की गई। कानपुर पुलिस द्वारा आमजन से अपील कि गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके और जनसुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

जादूगरी के अंदाज में किसानों को दी ट्रैक्टर तकनीकी की जानकारी

● न्यू हॉलैंड का ग्राहक मिलन समारोह संपन्न वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीशचंद्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शुकुल बाजार,अमेठी। क्षेत्र के मवैया चौराहे स्थित बाबा अधीन दास धाम (पाठक चक्की) परिसर में सोमवार को न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर कंपनी द्वारा भव्य ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जादूगरी के आकर्षक प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को ट्रैक्टर की आधुनिक तकनीक, माइलेज, रखरखाव एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई।कंपनी के प्रतिनिधियों ने मनोरंजक और रोचक अंदाज में जादू के माध्यम से ट्रैक्टर की विशेषताओं को प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित किसान काफी प्रभावित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई तकनीक से परिचित कराना तथा ट्रैक्टर के बेहतर उपयोग के बारे में जागरूक करना था।समारोह का शुभारंभ क्षेत्र के लोकप्रिय वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक आधारित खेती से उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है।कार्यक्रम में न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर के प्रोपराइटर आदिल अहमद एवं सेल्समैन अजय शुक्ला ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कंपनी की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा,युवा पत्रकार दीपक पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, प्रतिष्ठित व्यापारी लतीफ़ अहमद, युवा भाजपा नेता विनय चौरसिया, पत्रकार एवं प्रतिष्ठित व्यापारी शफीर अहमद सहित क्षेत्र के अनेक किसान, गणमान्य नागरिक एवं संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने कंपनी के इस अनूठे प्रयास की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक और मनोरंजक बताया।

महिला कर्मचारी से अभद्रता के आरोप पर सीएचसी तुलसीपुर में हंगामा, अधीक्षक ने आरोपों को बताया निराधार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तुलसीपुर (बलरामपुर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तुलसीपुर के अधीक्षक डॉ. सुजीत कुमार पर एक महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगने के बाद अस्पताल परिसर में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना से नाराज महिला कर्मचारियों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, महिला कर्मचारी के साथ कथित अभद्रता की घटना के बाद अस्पताल की महिला कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई।

सूत्रों का कहना है कि डॉ. सुजीत कुमार पर पूर्व में कौवापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनाती के दौरान भी एक महिला एएनएम के साथ अभद्र व्यवहार के आरोप लगे थे। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

विवाद और वीडियो वायरल होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक कार्रवाई या बयान सामने नहीं आया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी की ओर से भी समाचार लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी। वहीं इस संबंध में जब सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुजीत कुमार से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया। उनका कहना था कि उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। फिलहाल मामले को लेकर अस्पताल कर्मियों और स्वास्थ्य विभाग के बीच चर्चाओं का दौर जारी है। कर्मचारियों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। (नोट : समाचार में प्रकाशित आरोप संबंधित पक्षों द्वारा लगाए गए आरोपों पर आधारित हैं। अधीक्षक ने सभी आरोपों का खंडन किया है। मामले की आधिकारिक जांच या निष्कर्ष आने तक किसी भी पक्ष को दोषी नहीं माना जा सकता।

खितवांस में अवैध मिट्टी खनन पर खनन विभाग का छापा, जेसीबी और डंपर जब्त

टीम को देखते ही भागे खननकर्ता, पुलिस चौकी की सुपुर्दगी में सौंपे गए वाहन

ललितपुर। महरौनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खितवांस में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरे डंपर को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान खनन में संलिप्त लोग टीम को देखकर मौके से फरार हो गए। जिला खनन अधिकारी अमितोष वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खितवांस गांव में दिनदहाड़े अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही खनन विभाग की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई की। छापे के दौरान टीम ने एक खेत में जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी की खुदाई होते हुए पाई। मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा एक डंपर बरामद किया गया। हालांकि विभागीय टीम को देखकर खनन में शामिल लोग मौके से भाग निकले। खनन विभाग की जांच में मौके पर बड़े पैमाने पर खुदाई के निशान मिले, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। कार्रवाई के बाद जब्त किए गए दोनों वाहनों को खितवांस पुलिस चौकी की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया तथा उन्हें सीज कर दिया गया है।

समाजवादी पार्टी का विशाल धरना प्रदर्शन, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आज जिला मुख्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, यूरिया की कालाबाजारी, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं तथा बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है।

सपा नेताओं ने किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि यूरिया की कालाबाजारी के कारण किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। वहीं गैस सिलेंडर, डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों और किसानों दोनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है।

धरना प्रदर्शन के उपरांत समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में महंगाई पर नियंत्रण, बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने तथा आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

सपा नेताओं ने कहा कि जनता से जुड़े इन मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनहित की लड़ाई आगे भी जारी रखेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'समाजवादी पार्टी जिंदाबाद' और 'माननीय अखिलेश यादव जिंदाबाद' के नारों के साथ जनसमस्याओं के समाधान की मांग को बुलंद किया।

भाजपा की नीतियों से जनता में बढ़ रहा असंतोषः अलंकार अग्निहोत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार को जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए आगामी समय में संगठन विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक के दौरान अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा के प्रति जनता में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण बेरोजगारी और महंगाई में वृद्धि हुई है, जिससे आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है और जनता अपने विभिन्न मुद्दों को लेकर परेशान है।

अग्निहोत्री ने दावा किया कि भाजपा की कथित सवर्ण विरोधी नीतियों से आहत होकर उन्होंने जनवरी 2026 में बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट के पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने कहा कि देश की जनता को न्याय दिलाने और उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का गठन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं से उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कम वर्षा की आशंका के बीच माइकोराइजा उपचार से बढ़ाएं धान की पैदावार- डॉ. सर्वजीत

सिद्धार्थनगर। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के कृषि वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष अल नीनो के सक्रिय रहने के कारण देश के कई क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में धान की फसल को सूखे के प्रभाव से बचाने तथा अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए किसानों को विशेष प्रबंधन अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि धान की रोपाई से पूर्व पौधों की जड़ों को माइकोराइजा से उपचारित करने पर फसल की जड़ें अधिक विकसित होती हैं तथा पौधे सूखे की स्थिति को बेहतर ढंग से सहन कर पाते हैं। इसके लिए 100 लीटर पानी में 2 किलोग्राम माइकोराइजा मिलाकर घोल तैयार करें और धान की पौध के जड़ वाले भाग को लगभग 20 मिनट तक इस घोल में डुबोकर रखें। इसके बाद खेत में रोपाई करें। डॉ. सर्वजीत ने बताया कि माइकोराइजा जड़ों के क्षेत्रफल एवं लंबाई को बढ़ाता है, जिससे पौधे मिट्टी की गहराई से पानी एवं पोषक तत्वों को अधिक मात्रा में ग्रहण कर पाते हैं। यह ऐसे पोषक तत्वों को भी पौधों तक पहुंचाने में मदद करता है जो सामान्यतः मिट्टी में स्थिर अवस्था में रहते हैं।

कोतवाली देहात पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के 20 हजार रुपये वापस, पीड़ित ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच कोतवाली देहात पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति की पूरी धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित के खाते में ?20,148.30 की धनराशि वापस पहुंच गई, जिससे पीड़ित ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम विशुनापुर निवासी जानू साहू ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया था कि 15 दिसंबर 2025 को उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया गया था। इसके बाद साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से ?20,148.30 की धनराशि निकाल ली थी। घटना के बाद पीड़ित ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत प्राप्त होते ही थाना कोतवाली देहात की साइबर हेल्पडेस्क सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने संबंधित बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तकनीकी जांच शुरू की और ठगी गई धनराशि को आरोपी के बैंक खाते में तत्काल होल्ड करा दिया। इसके बाद मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय से आवश्यक आदेश प्राप्त किए गए। पुलिस द्वारा संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी के साथ लगातार समन्वय बनाए रखते हुए सभी विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कराई गईं। इसके परिणामस्वरूप ठगी गई पूरी राशि ?20,148.30 सफलतापूर्वक पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित जानू साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुलिस समय पर कार्रवाई नहीं करती तो उनकी मेहनत की कमाई वापस मिलना मुश्किल था। उन्होंने कोतवाली देहात पुलिस की त्वरित, प्रभावी और संवेदनशील कार्यवाही की सराहना करते हुए पूरी पुलिस टीम का आभार जताया।

इस सफल कार्रवाई में साइबर हेल्पडेस्क की महिला आरक्षी रीमा वर्मा एवं महिला आरक्षी शीलम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके प्रयासों से पीड़ित को उसकी पूरी धनराशि वापस मिल सकी। इस अवसर पर बलरामपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें अथवा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय रहते शिकायत करने पर ठगी गई धनराशि को होल्ड कराकर वापस दिलाने की संभावना काफी बढ़ जाती है। पुलिस की इस कार्रवाई को साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी पहल माना जा रहा है, जिससे आम नागरिकों का कानून व्यवस्था और साइबर सुरक्षा तंत्र पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

सीएम से उसका बाजार के पास नए पुल के निर्माण और नपं के विस्तर की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य और जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ल, फतेह बहादुर सिंह पवन मिश्रा ने मुलाकात करके जनपद के विकास और विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया है। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने लिखित मांग पत्र देकर सीएम से नपं उसका बाजार की सीमा विस्तार और कस्बा के पुराने रेलवे पुल के पास नए पुल निर्माण की मांग की है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने आश्वासन भी दिया है। मांग पत्र में लिखा है की उसका बाजार कस्बा सम 2009 में शासन द्वारा नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त किया । तभी से इसका सीमा विस्तार नही हुआ है। नगर सीमा से सटे भिटीया, नवलपुर, पठानपुर, लक्ष्नपुर,सुगही आदि गांवों को नगर पंचायत क्षेत्र में शामिल करने से विकास को गति मिलती। इसके अलावा कस्बा से सटे कूड़ा नदी पर बने पुराने रेलवे पुल जो रेलवे द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित कर दिया गया है, के बगल में नए पुल का निर्माण आवागमन और व्यावसायिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यहां पुल की सुविधा न रहने से एक बड़ी आबादी मुख्य कस्बा से दूर हो जा रही है जिसका असर कस्बा के व्यवसाय पर पड़ रहा है। बाहरी लोग भी सीधे बाईपास से निकल जा रहे है। इससे कस्बा का विकास और समृद्धि प्रभावित हो रही है।

सरकारी योजना का झांसा देकर महिला से साइबर ठगी

ललितपुर। जनपद में साइबर अपराधियों द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में एक महिला को आंगनबाड़ी एवं प्रसव सहायता राशि खाते में भेजे जाने का झांसा देकर साइबर ठग ने उसके बैंक खाते से 14,290 रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैगांवकलां निवासी श्रीमती वर्षा पत्नी आशाराम के मोबाइल पर 8 अप्रैल 2026 को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को सरकारी योजना से जुड़ा बताते हुए कहा कि सरकार की ओर से आंगनबाड़ी एवं डिलीवरी सहायता राशि उसके खाते में भेजी गई है।

80 करोड़ लोगों को मिल रहा निशुल्क राशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने शनिवार को जनपद ललितपुर के विकास खंड जखौरा अंतर्गत ग्राम मसौराकलां में आयोजित लाभार्थी चौपाल में सहभागिता करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभार्थियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है और राशन वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री के जनपद आगमन पर महर्रा टोल प्लाजा पर श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहरलाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन तथा भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं बुके भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर भी ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया गया। ग्राम मसौराकलां पहुंचने पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने मंत्री का स्वागत किया, जबकि मंचासीन जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चंद्र मिश्र ने जनपद में खाद्य एवं रसद विभाग की उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। इसके उपरांत मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने 15 नवीन पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित किए। इनमें मसौराकलां, खिरियाछतारा, पटसेमरा, रजवारा एवं नगर क्षेत्र के लाभार्थी शामिल रहे। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पांच महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन, गैस चूल्हा एवं अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। लाभार्थियों में कपासी, बालाबेहट, नाराहट एवं अन्य गांवों की महिलाएं शामिल रहीं। अपने संबोधन में मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि लाभार्थी चौपाल का उद्देश्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानना और उन्हें अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना महामारी के समय से देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जब विश्व के कई विकसित देश कोरोना संकट से जूझ रहे

संक्षिप्त खबरें

गांव में लगी अदालत में 25 मामलों का मौके पर निस्तारण

लालगंज (रायबरेली)। शासन की पहल आपका गांव, आपकी अदालत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आलमपुर ग्राम सभा स्थित पंचायत भवन में न्यायालय का आयोजन हुआ। तहसीलदार शिवम राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस न्यायालय में राजस्व विवादों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम में कुल 32 पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं। इनमें से 25 मामलों का दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। वर्षों से चले आ रहे कई विवादों के समाधान से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं सात मामलों में विस्तृत सुनवाई हुई। इन प्रकरणों में दोनों पक्षों के साथ उनके अधिवक्ता भी मौजूद रहे और अपने अपने पक्ष रखे। तहसीलदार शिवम राठौर ने बताया कि विचाराधीन मामलों में कुछ ऐसे प्रकरण भी शामिल थे जो लंबे समय से लंबित चले आ रहे थे। इनमें तीन मामले करीब 15 वर्षों से और दो मामले लगभग 20 वर्षों से विवाद का कारण बने हुए थे। इन मामलों में भी दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद समाधान का रास्ता निकला गया। संबंधित प्रकरणों में आदेश पारित करने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि आपका गांव, आपकी अदालत कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को न्याय के लिए बार बार तहसील और न्यायालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। गांव में ही सुनवाई होने से समय और धन दोनों की बचत होती है। साथ ही आपसी संवाद और समझौते के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान भी संभव हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर लेखपाल उमाकांत तिवारी, ऋषिकांत सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

सीतापुर में चल रही थी मतांतरण सभा, पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

सीतापुर। तीन दिन अंदर मतांतरण का दूसरा मामला सामने आया है। रविवार को रामकोट के रामनगर में मतांतरण सभा चल रही थी। एक हिंदूवादी संगठन की शिकायत पर पुलिस ने छापेमारी करके तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक लखीमपुर खीरी का निवासी है। आरोपितों ने ग्रामीणों को प्रलोभन देकर बुलाया था। ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। मिश्रिख के मुहल्ला थोक-दो में पांच जून को मतांतरण का प्रकरण पकड़ा गया था। पुलिस जांच कर ही रही थी कि रविवार को रामकोट के रामनगर खटकरी में मतांतरण सभा पकड़ी गई। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की शिकायत पर पुलिस ने छापा मारा तो वहां सभा चल रही थी। विष्णु के घर पर लखीमपुर के मंजीत और रामकोट के गांव देवगनपुर के नंदकिशोर मौर्य ग्रामीणों को ईसाई धर्म के बारे में समझा रहे थे। सभास्थल पर लकड़ी से बने क्रास, बाइबिल व धार्मिक पुस्तकें भी मिलीं। जिले में मतांतरण की कई घटनाएं पकड़ी जा चुकी हैं। सभी घटनाओं में आर्थिक रूप से कमजोर लोग मतांतरण की सभा में मिले हैं। दरअसल, मतांतरण कराने वाले इस तरह के लोगों को ही निशाना बनाते हैं। उन्हें ईसाई धर्म स्वीकार करने पर अच्छे जीवन स्तर के साथ जिंदगी बिताने का झांसा देते हैं। सभाओं में बताया जाता है कि ईसाई धर्म अपनाने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा मुफ्त हो जाएगी। इसके अलावा आर्थिक लाभ भी दिया जाएगा।

रंग लाया बच्चियों का विरोध, लखनऊ के विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल खाली कराने का आदेश प्रशासन ने लिया वापस

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में नरही के विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल को खाली कराने का आदेश जिला प्रशासन ने पलट दिया है। अब स्कूल को खाली नहीं कराया जाएगा और बच्चियां नये सत्र से अपने पुराने स्कूल में ही शिक्षा ग्रहण करेंगी। बीते गुरुवार को एडीएम प्रशासन के आदेश पर पुलिस के साथ पहुंचे कुछ लोगों ने नरही में विद्या मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल को खाली कराया था। इसके बाद भी पुलिस की मौजूदगी में भी स्कूल को खाली कराने की कार्रवाई का विरोध किया गया। गुरुवार से लगातार चल रहा बच्चियों, उनके अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ स्कूल प्रबंधन का विरोध रंग लाया। जिला प्रशासन ने सोमवार को बालिका स्कूल खाली कराने का आदेश वापस ले लिया है। स्कूल परिसर को खाली कराने के लिए एडीएम की ओर से जारी निर्देश के बाद शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने कड़ा विरोध जताया। लखनऊ मध्य से समाजवादी पार्टी के विधायक पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा भी विरोध प्रदर्शन में पहुंचे थे और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस फैसले के विरोध में एक्स पर एक पोस्ट किया था। मीडिया ने भी इसे प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद प्रशासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना पड़ा। सत्र के बीच विद्यालय खाली कराने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती और शैक्षणिक गतिविधियां बाधित होतीं।

विरोध बढ़ने के बाद एडीएम ने पूर्व में जारी आदेश को निरस्त कर दिया। आदेश वापस होने से छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने राहत की सांस ली।

वकीलों की हड़ताल पर इलाहाबाद हाई कोर्ट सख्त, बार के पदाधिकारियों समेत तीन अधिवक्ताओं को नोटिस

● पुलिस प्रशासन और नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का अधिवक्ताओं ने विरोध किया था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अक्सर ही न्यायिक कार्य के बहिष्कार और वकीलों की हड़ताल को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने सेंट्रल बार एसोसिएशन व लखनऊ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत तीन अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की अवकाशकालीन पीठ ने कोर्ट ने पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। न्यायिक कार्य के बहिष्कार और वकीलों की हड़ताल पर कोर्ट ने कहा कि उनके आचरण की शिकायत बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को क्यों न भेजी जाए। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेश अनुराधा सिंह व अन्य की ओर से दाखिल एक केस की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। दरअसल इस केस की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूर्व में कैसरबाग में पुराने हाई कोर्ट परिसर के आस पास से वकीलों व अन्य के अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। पुलिस प्रशासन और नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का अधिवक्ताओं ने विरोध किया था और तीन दिन तक न्यायिक कार्य का बहिष्कार भी किया था। इस पर कोर्ट बहुत नाराज हुई थी और जिला जज से रिपोर्ट मांगी थी।

कोर्ट ने सोमवार को पारित आदेश में कहा कि 18 मई से 26 मई 2026 तक दोनों बार एसोसिएशनों के आह्वान पर लखनऊ में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन किया। न्यायालय ने इसे प्रथम दृष्टया अवैध और अनुचित बताया। कोर्ट ने कहा कि हड़ताल के कारण बड़ी संख्या में वादकारी प्रभावित हुए। दूर-दराज से आने वाले गरीब मुकदमेबाजों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और गवाहों सहित अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। आदेश में कहा गया कि किसी भी अधिवक्ता या बार एसोसिएशन को न्यायालयों के बहिष्कार अथवा हड़ताल का अधिकार नहीं है। पीठ ने अधिवक्ता उत्तम त्रिपाठी, हिमांशु मिश्रा और बृजेश कुमार यादव को भी नोटिस जारी कर दो सप्ताह में शपथपत्र के साथ जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि सेंट्रल बार एसोसिएशन ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पांच वर्ष के लिए सदस्यता से निष्कासित किया है। सुनवाई के दौरान जिला जज लखनऊ की रिपोर्ट और वीडियो फुटेज भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसमें एक अधिवक्ता के बैठक के दौरान वकीलों में प्लास्टिक की लाठियां बांटने तथा प्रशासन व पुलिस के खिलाफ उत्तेजक टिप्पणियां करने का भी उल्लेख किया गया है। कोर्ट ने इस घटना को गंभीरता से लिया। मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

लखनऊ में रेस्टोरेंग की रेटिंग का झांसा देकर 22.29 लाख की ठगी, साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज

लखनऊ। सरोजनी नगर के निवासी आकाश कुमार नसरपुरी ने साइबर क्राइम थाने में रेस्त्रां की रेटिंग के बहाने ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि चार महीने में उनसे कुल 22.29 लाख रुपये ठग लिए गए। आकाश ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को दिल्ली एयरपोर्ट पर मिले आयुष नामक युवक ने मुलाकात के बाद रेटिंग के काम में पैसे कमाने का लालच दिया। इसके बाद वह टेलीग्राम पर जुड़ गए। प्रारंभ में कुछ वेबसाइट पर जानकारी भरवाने के बाद उन्हें कुछ रुपये मिले, लेकिन बाद में जालसाजों ने अधिक रकम कमाने का झांसा देकर कई बार अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। जब आकाश ने रकम निकालने की कोशिश की, तो उनका खाता फ्रीज कर दिया गया। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर ने बताया कि बैंक विवरण के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है। गोरखपुर के हरपुर निवासी श्यामपत प्रजापति सीतापुर डी के कोटवा में रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 22 मई को वह बख्शी का तालाब बाजार में उनका मोबाइल खो गया था। नया सिम लेने के लिए दुकानदार को आधार कार्ड दिया था। तीन जून को वह बैंक में रुपये निकालने पहुंचे तो पता चला कि खाते से 4.28 लाख रुपये निकल गए। उन्होंने बीकेटी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मवेशी बचाने में बाइक सवार सड़क पर गिरा मौत, भाई और पिता गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लालगंज (रायबरेली)। सेमरी सरेनी रोड पर खपुरा बीजेमऊ गांव के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका पिता और छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सरेनी क्षेत्र के बेलहा धनपालपुर गांव निवासी संजय राजपूत (40) अपने पिता गोकरन (60) और छोटे भाई लवकुश (22) के साथ बाइक से महारानीगंज बाजार जा रहे थे। रास्ते में खपुरा बीजेमऊ गांव के निकट अचानक एक मवेशी (कुत्ता) सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई और तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल लवकुश और उनके पिता को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चला रहे संजय हेलमेट नहीं पहने थे। परिजनों के अनुसार संजय चार भाइयों में सबसे बड़े थे। वह दिल्ली में मजदूरी करते थे। करीब दो माह पहले पत्नी की बीमारी के कारण घर लौटे थे और यहीं रहकर पल्लेदारी का काम कर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। 24 जून को संजय की बहन की शादी तय है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। सोमवार को भी वह पिता और भाई के साथ शादी की खरीदारी करने निकले थे लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। मृतक की पत्नी शशि, बेटे शिवांश और बेटी शिवांशी का रो रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना संबंधित थाने को भेज दी गई है।

सीएचसी में उचक्कों का आतंक, दो महिलाओं की सोने की चेन उड़ा ले गए बदमाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र में चोरों और उचक्कों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में देखने को मिला, जहां इलाज कराने आई दो महिलाओं की सोने की चेन अज्ञात उचक्कों ने पार कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम निपनिया कुतुबपुर निवासी प्रेमलता वर्मा पत्नी राजनारायण वर्मा अपने पति के साथ इलाज कराने बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई थीं। उनके पति अस्पताल के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर रहे थे, जबकि प्रेमलता अस्पताल के अंदर चली गईं। इसी दौरान अज्ञात उचक्कों ने उनके गले से लगभग 12 ग्राम वजनी सोने की चेन उड़ा दी। कुछ देर बाद जब उन्हें अपनी चेन गायब होने का पता चला तो वह स्तब्ध रह गई और अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। इसी प्रकार सदरपुर निवासी सुनीता भी इलाज कराने सीएचसी पहुंची थीं। अस्पताल के अंदर पहुंचने के कुछ समय बाद उन्होंने जब अपने गले पर हाथ लगाया तो सोने की चेन गायब मिली। चेन चोरी होने की जानकारी मिलते ही वह घबरा गईं और बेहोश होकर गिर पड़ीं।घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची सीएससी का गेट बंद करके एक-एक व्यक्ति की तलाशी ली गई और और सीसीटीवी फुटेज खगाले जा रहे हैं मामले की जांच शुरू कर दी गयी । एक ही दिन में अस्पताल परिसर के अंदर दो महिलाओं की चेन चोरी होने की घटना से मरीजों और तीमारदारों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया जांच की जा रही है जल्दी घटना का अनावरण किया जाएगा।

विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 7 जून 2026 गोमती नगर, लखनऊ स्थित विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति की नई कार्यकारिणी के चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा आज निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र प्रताप सिंह एवं पर्यवेक्षक राजेन्द्र प्रसाद द्वारा, गोमती नगर जनकल्याण महासमिति, लखनऊ के सचिव संजय निगम की उपस्थिति में की गई।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति में निम्न पदाधिकारी एवं सदस्य चुने गए हैं—

अध्यक्ष - डॉ. भरत राज सिंह, उपाध्यक्ष - राज नारायण सिंह एवं श्री विजय कुमार चोपड़ा, सचिव - नित्यानन्द पाण्डेय (अधिवक्ता), कोषाध्यक्ष - अतुल जौहरी, सहायक सचिव - प्रवीण कुमार मिश्र, संगठन सचिव - प्रभात श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव - अरुण त्रिवेदी, प्रचार सचिव - मनोज शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य - राकेश श्रीवास्तव एवं चन्द्रशेखर सिंह, मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य - डॉ. आर.पी. शर्मा एवं आलोक सिंह भदौरिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह ने समिति के सभी सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति उनके विश्वास एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी विराम खण्ड-5 के निवासियों के कल्याण, विकास, नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा क्षेत्र के समग्र उत्थान हेतु सामूहिक रूप से कार्य करेगी। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम क्षेत्र की समस्याओं के समाधान तथा स्थानीय विकास कार्यों में जनभागीदारी को और अधिक सशक्त बनाएगी। नवनिर्वाचित एवं मनोनीत सभी कार्यकारिणी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

नागेंद्र कुमार दुबे बने जिला शासकीय अधिवक्ता



भदोही। जनपद के राजस्व न्यायालयों में राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के रिक्त पदों पर अस्थायी नियुक्ति की है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार अधिवक्ता नागेंद्र कुमार दुबे को जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) तथा प्रकाश कुमार तिवारी को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) नियुक्त किया गया है। नागेंद्र कुमार दुबे जिला न्यायालय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं जिला उप संचालक चकबंदी न्यायालयों में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करेंगे, जबकि प्रकाश कुमार तिवारी तहसील ज्ञानपुर के राजस्व न्यायालयों में शासन का पक्ष रखेंगे।

डीएम-एसपी ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

● जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हो रही है परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रायबरेली:- जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की जा रही उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु चन्द्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज, के0बी0 सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों पर 08, 09 व 10 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2768 अभ्यर्थी उपस्थित व 976 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2733 अभ्यर्थी उपस्थित व 1011 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7488 अभ्यर्थियों में से 5501 अभ्यर्थी उपस्थित व 1987 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी कॉन्फ्रेंस व लकड़ी अखाड़ा कार्यक्रम

सुरियावा- सुरियावा नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर 13 गांधीनगर में आयोजित यंग इस्लामी कमेटी द्वारा जश्ने ईद उल मिलादुन्नबी कॉन्फ्रेंस व लकड़ी अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन द्वारा किया गया था जिसका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा विनय चौरसिया व विधायक भदोही समाजवादी पार्टी जाहिद जमाल बाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस मौके पर उन्होंने हुस्नैनीअखाड़ा जलसा नई बस्ती वाराणसी पंपापुर वाराणसी भिखारी रामपुर से आय अखाड़ा के कलाकारों का माला पहनकर तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया उन्होंने कहा कि खेल कलाकारी की उत्पत्ति होती है तथा हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है खेल खेल हमारे शारीरिक विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है यह हमारे समाज व देश बढ़ाने की दिशा में बहुत ही महत्वपूर्ण सहायक होता है कार्यक्रम का संचालन सफीक अहमद अंसारी द्वारा किया गया तथा इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता वार्ड के सभासद एडवोकेट पप्पू वर्मा विक्की सिंह बघेल मोहम्मद फारूख शकील अहमद सभासद सुमन यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सेठ जयदयाल इंटर कॉलेज में हुआ गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रसिद्ध कवि एवं पत्रकार मौलाना हसरत मोहानी की स्मृति में आतंकवाद के विरोध, राष्ट्रीय एकता,भाईचारे और सोशल मीडिया पर सौहार्द का संदेश देने हेतु विषय पर एक सफल गोष्ठी का आयोजन सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं प्रसिद्ध शायर रहबर प्रतापगढ़ी रहे, विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार पदम कांत शर्मा प्रभात, वरिष्ठ नोटरी अधिवक्ता आरएन सिंह मौजूद थे। अध्यक्षता शायर डॉक्टर सईदुल हसन ने की। जबकि संचालन शिक्षक व कवि आनंद खत्री ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शायर रहबर प्रतापगढ़ी ने बड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हसरत मोहानी ने अपनी शायरी और पत्रकारिता के जरिए देश को आजादी का संदेश दिया। उनका नारा 'इंकलाब जिंदाबाद' आज भी युवाओं को अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है। हमें उनकी कलम की ताकत और देशभक्ति से सीख लेने की जरूरत है। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार पदम कांत शर्मा प्रभात ने भारी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया नौजवानों को गुमराह करने के साथ उनको राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त करने में मुख्य भूमिका निभा रहा है इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है यह तभी संभव है जब ऐसी गोष्ठियों का आयोजन लगातार होता रहे। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग नेक बनेंगे तो एक रहेंगे, जब एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। प्रसिद्ध विद्वान फारुख रशीद फारुकी ने कहा कि हसरत मोहानी न केवल एक शायर थे बल्कि उन्होंने उर्दू पत्रकारिता को भी नई दिशा दी। उनकी रचनाएं आज भी सामाजिक जागरूकता का काम करती हैं। डा0 सईदुल हसन ने कहा कि हसरत मोहानी की शायरी व इंकलाब जिंदाबाद के नारे ने पूरे मुल्क की आवाम को इंकलाब लाने पर मजबूर कर दिया। जिसका नतीजा हमें आजादी मिली। वक्ता के तौर पर आर्य समाज के मंत्री अजीत आर्य ने कहा कि हम लोग मौलाना हसरत मोहानी के विचारों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रीयता एवं सौहार्द को बरकरार रख सकते हैं।

इसी क्रम में अधिवक्ता व पत्रकार आरएन सिंह ने कहा कि देश को आज हसरत मोहानी जैसे क्रांतिकारियों की अहम जरुरत है ताकि सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे भ्रामक जानकारियों से बचा जा सके। मौलाना एखलाक कासमी ने मौलाना हसरत मोहानी की जीवनी पर रोशनी डाली। कार्यक्रम आयोजक व संगठन के जिला अध्यक्ष सिराज अहमद ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने बच्चों को मौलाना हसरत मोहानी के बताए हुए रास्ते पर चलाएं ताकि देश में सौहार्द कायम रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए शायरों एवं कवियों के कलाम से हुआ। जिनमें मुख्य रूप से डॉ कफील बिसवानी,अनवर बिसवानी,शमीम नातिक, हाफिज आफाक बिसवानी, सलीम कुरैशी,डा0 शकील सागर, जुबेर वारिस,मकसूद अली, शेख अफजल हुसैन आदि नाम शामिल है। इसके अतिरिक्त दर्जनों शायरों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिनको सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम आयोजक उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत के जिला अध्यक्ष एवं सिराज टाइम्स अखबार के संपादक सिराज अहमद ने अतिथियों को बैज अलंकरण कर अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। पत्रकारों, साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, शायरों, शिक्षकों एवं अधिवक्ताओं सहित आए हुए सभी लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सह आयोजक वहाजुद्दीन ग़ौरी व अतिथियों द्वारा यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे?। भाजपा के वरिष्ठ नेता विद्यालय प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजक सिराज अहमद व सह आयोजक वहाजुद्दीन ग़ौरी को शुभकामनाएं प्रस्तुत की है।

जनपद के वरिष्ठ पत्रकार रोहित मिश्रा एवं कमरुल हक के निधन पर तम्बौर स्थित गांजर इन्टर कॉलेज प्रांगण में दी गई भाव भीनी श्रद्धांजलि

तंबौर सीतापुर- तंबौर क्षेत्र के अंतर्गत शोक सभा में क्षेत्र के पत्रकारों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने दिवंगत पत्रकारों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि रोहित मिश्रा और कमरुल हक ने पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्ष एवं जनहितकारी कार्य करते हुए समाज को महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत पत्रकारों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ।

आरोग्य मंदिर को कलुषित कर रहे अराजक तत्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदिया गांव में बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र इन दिनों अराजक तत्वों द्वारा लगातार अपवित्र किया जा रहा है। आलम यह है कि परेशान होकर सुरक्षा की दृष्टि से एएनएम को भी दूसरी जगह किराये पर कमरा लेकर रहना पड़ रहा है फिर भी अराजक तत्वों की कारस्तानी में कोई कमी न होने पर मजबूर होकर एएनएम को बिसवां सीएचसी अधीक्षक और देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी से गुहार लगानी पड़ी। मामला सदरपुर थाना क्षेत्र के नदिया गांव का हैं। गांव में सुखावांकलां न्याय पंचायत का एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र का भवन है जो गांव के किनारे बना हुआ है जिसमें एक एएनएम तैनात है। एएनएम के अनुसार गत 5 जून को जब वह उपकेंद्र पर पहुंची तो उसे अस्पताल के वाशबेसिन में एक उपयोग किया हुआ कंडोम पड़ा मिला। अगले दिन 6जून को सुबह लगभग तीन बजे डिलिवरी केस आने पर जब एएनएम आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र नदिया पहुंची तो उसका बिस्तर जमीन पर अस्त व्यस्त हालत में पड़ा मिला तथा इसी के आस पास लगभग आधा दर्जन इस्तेमाल किये हुए कंडोम एवं उनके रैपर पड़े मिले जो बरामदे तक बिखरे हुए थे। जिसको देखकर एएनएम डर गयी और उसने तुरन्त सीएचसी अधीक्षक बिसवां डा0अमित कपूर को फोन कर अवगत कराया उन्होंने पुलिस को सूचना देने की बात कही जिसपर शनिवार को देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह से मिलकर एक लिखित प्रार्थना पत्र घटना के सम्बन्ध में दिया है। प्रार्थना पत्र में अराजक तत्वों द्वारा भविष्य में किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाये जाने की आशंका व्यक्त की गई है। आशंका जताई जा रही है कि अराजक लोग दीवार फांदकर उपकेंद्र में प्रवेश करते होंगे और अंदर से कमरे का दूसरा दरवाजा ज

क्या भारत बूढ़ा होने की ओर बढ़ रहा है?

भारत को लंबे समय से वैश्विक पटल पर एक ऊर्जावान और सबसे युवा आबादी वाले देश के रूप में देखा जाता रहा है। यही वह मुख्य कारण है जिसके आधार पर पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों और विचारकों ने भारत को भविष्य की एक अनिवार्य आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्वीकार किया। देश की इस विशाल युवा आबादी को उसकी सबसे बड़ी पूंजी और सामर्थ्य माना गया क्योंकि समाज का युवा वर्ग ही उत्पादन, नए विचारों, नवाचार, श्रम शक्ति और उपभोग का सबसे बड़ा केंद्र होता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था तभी गति पकड़ती है जब उसमें उपभोग करने वाले और उत्पादन करने वाले दोनों ही स्तरों पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी हो। लेकिन हाल के समय में इस उत्साह के बीच एक नई और अत्यंत गंभीर चिंता उभरकर सामने आने लगी है। यह चिंता जनसंख्या विस्फोट या आबादी बढ़ने की नहीं है, बल्कि जनसंख्या के भीतर बदलती आयु संरचना की है। यदि आने वाले वर्षों में देश की युवा आबादी का अनुपात लगातार घटता गया और बुजुर्गों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से तेजी से वृद्धि होती रही, तो भारत को भी निकट भविष्य में उन अभूतपूर्व समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जिनसे आज जापान, दक्षिण कोरिया और कई विकसित यूरोपीय देश अत्यंत तीव्रता से जूझ रहे हैं।

वर्तमान में उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के सांख्यिकीय आंकड़े इसी ओर संकेत कर रहे हैं कि भारत के जनसांख्यिकीय ढांचे में एक मौन परंतु बहुत बड़ा परिवर्तन हो रहा है। देश की कुल प्रजनन दर अब 2.1 के उस प्रतिस्थापन स्तर से काफी नीचे पहुंच चुकी है जिसे किसी भी समाज की जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए अनिवार्य मानक माना जाता है। वर्ष 2025 के नवीनतम प्रतिवेदनों और आंकड़ों के अनुसार भारत की राष्ट्रीय प्रजनन दर लगभग 1.9 दर्ज की गई है, जबकि वर्ष 2014 में यही दर 2.3 के स्तर पर थी। इस सांख्यिकीय गिरावट का सीधा और स्पष्ट अर्थ यह है कि अब औसतन प्रत्येक महिला उतने बच्चों को जन्म नहीं दे रही है जितने अगली पीढ़ी में जनसंख्या के संतुलन और स्थिरता को बनाए रखने के लिए आवश्यक माने जाते हैं। यह स्थिति केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर और भी अधिक असमान और चिंताजनक है। देश की राजधानी दिल्ली जैसे अत्यधिक शहरीकृत और विकसित क्षेत्रों में यह प्रजनन दर गिरकर मात्र 1.2 के स्तर तक पहुंच चुकी है जो कि अत्यंत न्यून है। अब भारत में केवल कुछ ही राज्य ऐसे बचे हैं जहां प्रजनन दर अभी भी 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से ऊपर बनी हुई है, अन्यथा अधिकांश राज्यों में जन्मदर में भारी कमी देखी जा रही है। वर्तमान समय में भारत की कुल आबादी लगभग 146 करोड़ के आसपास आंकी जा रही है और राहत की बात यह है कि देश के पास अभी भी एक बहुत बड़ी कार्यशील आयु वाली जनसंख्या मौजूद है। एक अनुमान के अनुसार भारत की लगभग 68 प्रतिशत आबादी 15 से 64 वर्ष के आयु वर्ग के भीतर आती है। जनसांख्यिकी विज्ञान के अनुसार यही वह मुख्य आयु वर्ग होता है जो देश की आर्थिक गतिविधियों को संचालित करता है, कर चुकाता है और संपूर्ण अर्थव्यवस्था को तीव्र गति प्रदान करता है। लेकिन इस उत्साहजनक आंकड़े के समानांतर ही एक दूसरा सच यह भी है कि देश में 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग लोगों की संख्या भी लगातार और बहुत तेजी से बढ़ रही है। देश में बेहतर हुई स्वास्थ्य सुविधाओं, व्यापक टीकाकरण अभियानों, आधुनिक चिकित्सा तकनीक के प्रसार और आम लोगों के जीवन स्तर में हुए क्रमिक सुधार के कारण नागरिकों की औसत आयु पहले की तुलना में काफी अधिक हो गई है। अतीत में जहां एक बड़ी आबादी उचित इलाज न मिलने या संक्रामक बीमारियों के कारण कम उम्र में ही मृत्यु का ग्रास बन जाती थी, वहीं अब चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण लोग अधिक समय तक और दीर्घायु जीवन जी रहे हैं।

पहली दृष्टि में देखने पर जीवन प्रत्याशा में यह सुधार और बुजुर्गों की बढ़ती आयु अत्यंत सकारात्मक और स्वागत योग्य स्थिति प्रतीत होती है क्योंकि लंबा और स्वस्थ जीवन किसी भी सभ्य समाज और कल्याणकारी राज्य की प्रगति का सबसे बड़ा सूचकांक माना जाता है। परंतु जब देश में जन्मदर में लगातार और तीव्र गिरावट होने लगे और उसके साथ ही बुजुर्ग आबादी का अनुपात निरंतर बढ़ता जाए, तब राज्य और समाज पर अप्रत्याशित आर्थिक एवं सामाजिक दबाव बढ़ने लगते हैं। आने वाले भविष्य में देश के भीतर वास्तविक रूप से कार्य करने वाले और श्रम बल में योगदान देने वाले लोगों की संख्या आनुपातिक रूप से कम होती जाएगी, जबकि दूसरी ओर सेवानिवृत्ति वेतन, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर पूरी तरह आश्रित रहने वाले बुजुर्ग लोगों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। इस जनसांख्यिकीय असंतुलन का सीधा और सबसे गहरा प्रभाव सरकार के राजकोषीय खर्च, राजस्व संग्रह और संपूर्ण देश की आर्थिक विकास दर पर पड़ेगा।

भारत वर्तमान समय में वैश्विक मंचों पर जिस जनसांख्यिकीय लाभांश की बात अत्यंत गर्व के साथ करता है, वह कोई स्थायी वरदान नहीं है और न ही यह हमेशा के लिए रहने वाला है। यदि देश की इस वर्तमान युवा आबादी को समय रहते गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल प्रशिक्षण और उनकी योग्यता के अनुसार पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं कराए गए, तो यही लाभांश भविष्य में देश के लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक और सामाजिक बोझ बन सकता है। देश में बेरोजगारी की समस्या पहले से ही एक बहुत बड़ी चुनौती के रूप में विद्यमान है। यदि आने वाले दशकों में देश का कम संख्या वाला युवा कार्यबल अपने से कई गुना अधिक बुजुर्ग आबादी का आर्थिक भार उठाने के लिए मजबूर होगा, तो इससे न केवल युवाओं पर करों का बोझ बढ़ेगा बल्कि देश के आर्थिक विकास की गति भी अत्यंत धीमी पड़ जाएगी। कार्यशील लोगों की कमी के कारण उद्योगों में उत्पादन प्रभावित हो सकता है और नए विचारों के क्रियान्वयन की गति मंद हो सकती है।

आर्थिक मोर्चे के साथ-साथ देश की संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी बुजुर्ग आबादी के इस बढ़ते बोझ का बेहद गंभीर और दूरगामी असर पड़ेगा। जैसे-जैसे समाज में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे आयु से संबंधित बीमारियां जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कर्क रोग, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकार और विस्मृति जैसी समस्याएं अत्यंत तीव्र गति से बढ़ेंगी। इन बीमारियों के प्रबंधन और उपचार के लिए देश को बहुत बड़े स्तर पर विशेषीकृत चिकित्सालयों, वृद्धावस्था देखभाल केंद्रों, इस कार्य के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और एक मजबूत सामाजिक सहायता तंत्र की आवश्यकता होगी। भारत की वर्तमान स्वास्थ्य अवसंरचना को यदि देखा जाए, तो वह अभी भी विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में उतनी मजबूत और पर्याप्त नहीं है जितनी होनी चाहिए। यदि हमने आज से ही इस जनसांख्यिकीय बदलाव को भांपकर अपनी चिकित्सा प्रणालियों में सुधार और व्यापक तैयारियां शुरू नहीं कीं, तो भविष्य में देश के सामने एक अत्यंत गहरा स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है।

सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर भी इस जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बहुत गहरे और संवेदनशील प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले हैं। सदियों पुरानी पारंपरिक भारतीय संयुक्त परिवार व्यवस्था समकालीन समय में बहुत तेजी से बदल रही है और उसका स्थान अब एकल या छोटे परिवारों ने ले लिया है। आजीविका और बेहतर जीवन की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों की ओर होने वाला पलायन भी निरंतर बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में महानगरों और शहरों में बुजुर्गों के अकेले पड़ जाने की पारिवारिक समस्या अत्यंत विकराल रूप धारण कर सकती है। आने वाले समय में देश के भीतर ऐसे लाखों बुजुर्ग हो सकते हैं जिनकी दैनिक देखभाल करने वाला या भावनात्मक संबल देने वाला परिवार में कोई सदस्य उपलब्ध न हो। इस पारिवारिक अलगाव के कारण बुजुर्गों में मानसिक तनाव, अकेलापन, अव और सामाजिक अलगाव जैसी गंभीर मनोवैज्ञानिक समस्याएं बहुत बड़े पैमाने पर पैदा होंगी, जो किसी भी संवेदनशील समाज के लिए एक अत्यंत चिंताजनक पहलू है। इन परिस्थितियों में भारत के नीति निर्माताओं के समक्ष सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती यही होगी कि वे अपनी वर्तमान युवा आबादी को सही समय पर एक कुशल आर्थिक शक्ति में परिवर्तित कर सकें। इसके लिए केवल जनसंख्या का आकार बड़ा होना या आंकड़ों में युवाओं की संख्या अधिक होना मात्र पर्याप्त नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य आवश्यकता यह है कि देश का प्रत्येक युवा उच्च शिक्षित, तकनीकी रूप से कुशल और शारीरिक व मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ हो। इसके अतिरिक्त देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी को बढ़ाना भी अत्यंत आवश्यक और निर्णायक कदम होगा क्योंकि दुनिया के जिन देशों में जन्मदर कम हुई है, वहां महिलाओं की सक्रिय आर्थिक भागीदारी ने ही अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस रणनीति के समानांतर भारत को आज से ही अपने बुजुर्ग नागरिकों के सम्मानजनक जीवन के लिए दीर्घकालिक और ठोस राष्ट्रीय नीतियां तैयार करनी होंगी। देश की सामाजिक सुरक्षा प्रणाली, सेवानिवृत्ति भत्ता व्यवस्था, सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा और वृद्ध कल्याण सेवाओं को कानूनी और व्यावहारिक रूप से अत्यंत मजबूत करना होगा। यदि हमारा देश समय रहते और दूरदर्शिता के साथ अभी से इन सभी मोर्चों पर तैयारी शुरू करता है, तो भविष्य में बढ़ती हुई बुजुर्ग आबादी को देश के लिए संकट मानने के बजाय उनके विशाल अनुभव, कार्यकुशलता और ज्ञान की सकारात्मक सामाजिक शक्ति के रूप में बदला जा सकता है। इसके विपरीत यदि इस जनसांख्यिकीय परिवर्तन और आसन्न संकट को नजरअंदाज किया गया या इसके प्रति उदासीनता बरती गई, तो आने वाले कुछ ही दशकों में भारत के भीतर तीव्र आर्थिक दबाव, गहरा स्वास्थ्य संकट और गंभीर सामाजिक असंतुलन अत्यंत भयावह रूप ले सकते हैं। भारत आज भले ही दुनिया की सबसे युवा शक्तियों में अग्रगण्य है, परंतु यह स्थिति स्थायी नहीं है। आने वाले 20 से 30 वर्ष की यह अवधि ही यह पूरी तरह तय करेगी कि भारत अपनी इस विशाल जनसंख्या को एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में बदलता है या चुनौती में। जनसंख्या केवल आंकड़ों का खेल नहीं होती, बल्कि वह किसी भी राष्ट्र के भविष्य की वास्तविक दिशा और दशा को निर्धारित करती है। इसलिए आज के सही नीतिगत निर्णय और दूरदर्शी संकल्प ही भारत के आने वाले कल को सुरक्षित और समृद्ध बना सकते हैं।

महेन्द्र तिवारी

इंडिया गठबंधन की एकजुटता: शिक्षा घोटालों पर सवालिया निशान

संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला

नई दिल्ली। विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में लगभग 25 पार्टियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। यह फैसला हाल के नीट-यूजी 2026 पेपर लीक, एनटीए की बार-बार की असफलताओं और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते अनियमितताओं के संदर्भ में लिया गया है। परीक्षा घोटालों ने पूरे देश के लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। नीट-यूजी परीक्षा रद्द होने, यूजीसी-नेट विवाद और सीबीएसई में कथित गड़बड़ियों ने युवाओं में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) जैसे युवा आंदोलनों ने जंतर-मंतर पर बड़े प्रदर्शन किए और प्रधान के इस्तीफे की मांग को और तेज किया। विपक्षी दलों ने इसे सिर्फ एक मंत्री की नाकामी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल बताया।

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, टीएमसी, एसपी, आरजेडी, वामपंथी दल और अन्य छोटे-बड़े दल शामिल थे। बैठक में 23-25 दलों की भागीदारी (डीएमके जैसे कुछ दलों की अनुपस्थिति के बावजूद) दिखाती है कि शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर विपक्ष एकजुट हो सकता है। सीपीआई(एम) और अन्य दलों ने पहले ही एनटीए को भंग करने और प्रधान के इस्तीफे की मांग की थी। यह बैठक 2029 के लोकसभा चुनावों की रणनीति के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। शिक्षा मंत्रालय के अधीन एनटीए जैसी महत्वपूर्ण संस्था का बार-बार फेल होना गंभीर है। पेपर लीक माफिया सक्रिय है, सुरक्षा व्यवस्था चरमरा रही है और छात्र आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि मंत्री के इस्तीफे से जवाबदेही तय होगी और नई शुरुआत हो सकेगी। सरकार को इस मांग को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

इंडिया गठबंधन की यह बैठक विपक्ष की पुनर्जागरण की दिशा में एक कदम है। छात्रों का भविष्य राजनीति से ऊपर है। अगर शिक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो युवा वोटर 2029 में अपना फैसला सुनाएंगे। सर्वसम्मति से इस्तीफे की मांग न सिर्फ नैतिक दबाव है, बल्कि लोकतंत्र में जवाबदेही की मिसाल भी। समय आ गया है कि केंद्र इस संकट को राजनीतिक नजरिए से नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में देखे। यह संपादकीय युवा भारत की आवाज और विपक्ष की चेतावनी दोनों को प्रतिबिंबित करता है। शिक्षा का भविष्य दांव पर है - इसे बचाना सबकी जिम्मेदारी है।

लोकतंत्र वैचारिक स्वतंत्रता का वास्तविक स्वरूप

लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि नागरिकों और समाज की स्वतंत्र अभिव्यक्ति का जीवंत मंच है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सेना या अर्थव्यवस्था से पहले उसके विचारों की स्वतंत्रता और सामाजिक चेतना में निहित होती है। जब नागरिक बिना भय के सोच सकते हैं, बोल सकते हैं और अपने विचार साझा कर सकते हैं, तभी एक सशक्त, प्रगतिशील और जीवंत लोकतंत्र का निर्माण होता है। हर देश में ऐसे चिंतनशील व्यक्तियों और समूहों का होना आवश्यक है, जो राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के सिद्धांतों को नई ऊर्जा प्रदान करें। संस्कृति, संस्कार और वैचारिक परिपक्वता के बिना कोई भी राष्ट्र वैश्विक मंच पर स्थायी प्रगति नहीं कर सकता। विचार केवल शब्द नहीं होते, वे समाज की दिशा और दशा तय करने वाली शक्तियाँ होते हैं।

व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत जैसे गणतांत्रिक देश की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत मनुष्य की अंतःप्रज्ञा का प्रतिबिंब होते हैं। यदि इन विचारों के प्रवाह को रोका जाए, तो यह केवल अभिव्यक्ति का दमन नहीं, बल्कि व्यक्ति की अंतरात्मा को आहत करना होता है। इतिहास साक्षी है कि जब भी विचारों को दबाने का प्रयास हुआ, उन्होंने और अधिक तीव्र होकर समाज में परिवर्तन की लहर पैदा की। प्राचीन यूनान के महान दार्शनिक सुकरात

इसका सजीव उदाहरण हैं। साधारण रूप-रंग के बावजूद उनके विचारों में अद्भुत मौलिकता और जनजागरण की शक्ति थी। राजसत्ता ने उनके विचारों को खतरा मानकर उन्हें मृत्युदंड दे दिया, परंतु विष का प्याला पीने के बाद भी उनके विचार अमर हो गए। आज भी उनकी शिक्षाएं मानवता को दिशा प्रदान करती हैं। इसी प्रकार अब्राहम लिंकन ने दास प्रथा के विरुद्ध जो विचार प्रस्तुत किए, वे उस समय अत्यंत क्रांतिकारी थे। उन्होंने कहा कि दास भी मनुष्य हैं और उन्हें समान अधिकार मिलना चाहिए। उनके इन विचारों ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया। यद्यपि उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी, पर उनके विचारों ने दास प्रथा के अंत की नींव रखी और मानवाधिकारों की नई परिभाषा गढ़ी।

स्वामी विवेकानंद के शब्द हम जो सोचते हैं, वही बन जाते हैं आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके अनुसार विचार ही मनुष्य का निर्माण करते हैं, वही उसे महान या दुष्ट बनाते हैं। व्यक्ति का अस्तित्व उसके विचारों से ही परिभाषित होता है। भौतिक शरीर भले ही नष्ट हो जाए, पर विचारों की शक्ति और प्रभाव कालातीत होते हैं।

आज के डिजिटल युग में यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। सोशल मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी और वैश्विक संवाद के माध्यमों ने विचारों के प्रसार को तीव्र और व्यापक बना दिया है। एक व्यक्ति का विचार अब कुछ ही क्षणों में लाखों लोगों तक पहुँच सकता है। यही कारण है कि विचार अब केवल व्यक्तिगत नहीं रहते, वे जनांदोलन का रूप धारण कर सकते हैं।.इतिहास में फ्रांसीसी क्रांति इसका सशक्त उदाहरण है, जहाँ जनमानस में जागृत विचारों ने राजसत्ता की जड़ों को हिला दिया। इसी प्रकार भारत का स्वतंत्रता संग्राम भी विचारों और सिद्धांतों की शक्ति का परिणाम था, जहाँ लाखों लोगों ने एक साझा विचारधारा के तहत संघर्ष किया।

हालाँकि, विश्व के कुछ देशों में आज भी विचारों की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं। अभिव्यक्ति के माध्यमों को नियंत्रित कर वैचारिक प्रवाह को सीमित करने का प्रयास किया जाता है। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है। विचारों को कैद नहीं किया जा सकता वे स्वभावतः स्वतंत्र, गतिशील और अजेय होते हैं।

यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को दबाया जा सकता है, पर विचारों को नहीं। विचार एक से दूसरे व्यक्ति तक पहुँचते हुए और अधिक सशक्त होते जाते हैं। जब एक विचार जनमानस में उतर जाता है, तो वह अकेले व्यक्ति का नहीं रह जाता, बल्कि सामूहिक चेतना का हिस्सा बन जाता है। यही वह क्षण होता है, जब परिवर्तन की शुरुआत होती है और युग निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है।

अतः किसी भी स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के लिए आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों को विचारों की स्वतंत्रता प्रदान करे, उन्हें नवीनता और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करे। क्योंकि विचार ही वह शक्ति हैं, जो समाज को दिशा देते हैं, राष्ट्र को ऊँचाइयों तक ले जाते हैं और मानवता को आगे बढ़ाते हैं।

संजीव ठाकुर

समता की शरण

> एक घटना प्रसंग दो पड़ोसी अग़ल बग़ल के मकान में रहते थे।एक पड़ौसी दूसरे पड़ौसी के घर के सामने रोज़ कूड़ा गिराता था।बग़ल वाला पड़ौसी जब कूड़ा देखता तो वो अपने बगीचे से फूल तोड़ कर एक गुलदस्ता उसके घर के आगे रख देता।यह क्रम कई दिनो तक चलता रहा।हारकर कूड़ा फेंकने वाला पड़ौसी अपने बग़ल वाले मकान मालिक को पुछा कि मैं रोज़ तुम्हारे घर के सामने कूड़ा गिराता हूं और उसी दिन तुम रोज़ मेरे घर के आगे फूलों का गुलदस्ता रखते हो। क्या तुम्हें बुरा नहीं लगता ? तब पड़ौसी ने जवाब दिया कि जिसके पास जो होगा वो ही देगा।तुम्हारे पास कूड़ा है,तुम वो देते हो और मेरे पास फूल है,मैं तुम्हें फूल देता हूँ। वह जो व्यक्ति कूड़ा गिराता था उसकी आंखें यह सुनकर शर्म से झुक गयी और उसने अपने पड़ोसी से माफ़ी मांगी।उस दिन से उसका हृदय परिवर्तन हो गया। इसलिए जीवन में कौन हमारे साथ क्या व्यवहार करता है हम्हें उस पर ध्यान नहीं देना चाहिये।हम्हें अपनी तरफ़ से हमेशा अच्छा ही व्यवहार करना चाहिये।यही एक अच्छे इंसान की सोच कहलाती है। गुरुदेव के मुख से यही आशीर्वाद मिलता हैं की कोई कितना भी ग़ुस्सा कर ले हमें समता भाव रखना हैं। 10 मिनट का क्रोध 600 सेकंड की प्रसन्नता छीन लेता है। माचिस की तीली के सर तो होता है पर दिमाग़ नही होता। अतः वह थोड़ा रगड़ खाने से सुलग उठती है। हमारे पास तो सर दिमाग़ दोनों है फिर हम उत्तेजित एवं क्रोधित आदि होकर अपनी प्रसन्नता को आग क्यों लगाएँ ।श्रीमद्भगवद् गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि अर्जुन ! तुम समता की शरण में , बुद्धि की शरण में चले जाओं सुखी बन जाओगे। जो सकाम कर्म हैं, आसक्तिपूर्ण कर्म हैं वह बहुत निकृष्ट हैं, दूर से ही छोड़ने लायक हैं। बुद्धियोग बड़ा उच्च हैं। तुम कर्म करते- करते ही बुद्धि में शरण खोज लो। भगवती बुद्धि की शरण में आ जाओ , तुम सुरक्षित हो जाओगे। कर्म में फल की आशंसा रखना बहुत तुच्छ चीज हैं। तुम उसमें मत जाओं , अकृपण रहों और समता के आश्रय में रहों। अर्थ और काम पर धर्म का अंकुश तब हो सकेगा जब जीवन में समता का विकास होगा। हमारे मन की माटी पर हर पल तृष्णा का जल गिर रहा है। हम उन कंटीली झाड़ियों से परेशान हो रखें हैं जो हमारे आसपास जन्म ले रही है और चुभन का अहसास दे रही है। यह सही है कि हमारे हाथ कभी किसी को मारने के लिए नहीं उठे पर घृणा का जो धुआं हमने पूरे आकाश मे फैलाया है क्या वह हमारी मौत का पैगाम नहीं है? क्योंकि जरा गौर से हम देखें कि इन कंटीली झाड़ियों की जडें भी शायद हमारे अपने ही भीतर कहीं है। समता का विकास नहीं , विषमता का प्राधान्य हैं तो मानव काम में उच्छृंखल बन जाएगा यानी स्वस्त्री, परस्त्री आदि की सीमा भी वहां अध्यात्व्य हो जाएगी, स्वदार संयम की सीमा का लंघन हो जाएगा, स्वपति संतोष की सीमा का भी लंघन हो जाएगा और मानव अतिमात्र काम सेवन करने लग जाएगा। वह यदि मानव पैसा कमाने के लिए सच्चाई, प्रामाणिकता आदि की परवाह नहीं करता हैं और गलत तरीकों से अर्थ का अर्जन करता हैं तो यहां पहली गलती हैं कि अर्थ के अर्जन में प्रमाद हैं और अर्थ की प्राप्ति के बाद उसके उपभोग में असंयम हैं , यह दूसरी गलती हैं। गीता की भाषा में समता का अभ्यास करना और उतराध्ययन की भाषा में अप्रमाद का जीवन जीना यह जीवन जीने की कला हैं । हमारे जीवन में फूल है तो कांटे भी हैं। वह कही धूप है तो कही छाँव भी हैं। वह कही रिश्तों में मिठास है तो कही अपनों में खटास है। हम मकड़ी के जालों की तरह कही व्यर्थ चिंतन में उलझे है और कही विकारों से घिरे है। हम कब तक उलझते रहेंगे। हम कभी स्वयं को एकांत में जाने। हम शांत स्वरूप आत्मा है। इससे कभी परमात्म को पहचाने। समता का हमको विकास करना हैं। शान्ति ही हमारा स्वधर्म है। पवित्रता हमारा आभूषण है। धर्म आत्मा का केवल ज्ञान , केवल दर्शन, असंवेदन, आत्म रमण, अटलअवगाहन, अमूर्ति, अगुरुलघु और निरंतराय आदि हैं। स्व को पाने, निज आत्मिक गुण सत्य को पाने को, शाश्वत आनंद प्राप्त करने आदि हम जन्म मरण के बंधन से मुक्त हों। यही धर्म की शरण है। यही हमारे लिए काम्य हैं।

प्रदीप छाजेड़

दैनिक राशिफल

मेष आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

वृषभ धैर्य और समझदारी से काम लेने का दिन है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

मिथुन करियर में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। यात्रा के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

कर्क भावनाओं पर नियंत्रण रखें। कार्यस्थल पर मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

सिंह मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापारियों को लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से संपर्क लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ है।

तुला भाग्य का साथ मिलेगा। लंबे समय से

रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

वृश्चिक कार्यस्थल पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

धनु नई संभावनाएं सामने आएंगी। नौकरी और व्यवसाय में उन्नति के संकेत हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। यात्रा लाभदायक हो सकती है।

मकर मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

कुंभ रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। करियर में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

मीन आज का दिन सकारात्मक रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में लाभ के योग हैं। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

मरीज, मशीन और हैकर: स्वास्थ्य व्यवस्था का नया संकट

[अस्पताल के बिस्तर तक पहुंच चुका है साइबर अपराध]

[स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक के साथ बढ़ता जोखिम का नया रूप]

अस्पतालों की सुरक्षा की पारंपरिक तस्वीर बदल रही है। आज स्वास्थ्य सेवाएँ इंटरनेट, डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित हैं। मरीज की जांच रिपोर्ट से लेकर उपचार रिकॉर्ड तक सब कुछ डिजिटल नेटवर्क से जुड़ा है। चिकित्सा जगत इसे प्रगति का प्रतीक मानता है, लेकिन इसके साथ एक अदृश्य खतरा भी उभर रहा है– साइबर हमलों का। अब अस्पताल के सर्वर में सेंध लगना केवल डेटा चोरी नहीं रह गया। जब चिकित्सा उपकरण और उपचार डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर हों, तब कंप्यूटर नेटवर्क पर हुआ हमला सीधे मानव जीवन को प्रभावित कर सकता है। इसलिए जन स्वास्थ्य की सुरक्षा अब चिकित्सा विज्ञान के साथ-साथ साइबर सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय बन गई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में इंटरनेट ऑफ मेडिकल थिंग्स का विस्तार अभूतपूर्व रहा है। पेसमेकर, इंसुलिन पंप, वेंटिलेटर, हार्ट मॉनिटर और एमआरआई जैसी मशीनें अब एक विशाल डिजिटल नेटवर्क का हिस्सा हैं। इससे उपचार और निगरानी बेहतर हुई है, लेकिन जोखिम भी बढ़े हैं। किसी डिवाइस की मामूली तकनीकी खामी साइबर अपराधियों के लिए प्रवेश का मार्ग बन सकती है। विश्व की कई नियामक संस्थाएँ लगातार ऐसी कमजोरियों को लेकर चेतावनी देती रही हैं, फिर भी स्वास्थ्य क्षेत्र का बड़ा हिस्सा उन्हें पर्याप्त गंभीरता से नहीं लेता। जबकि आज चिकित्सा उपकरणों में सुरक्षा कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि जीवनरक्षा की अनिवार्य आवश्यकता है।

जब साइबर हमले अस्पतालों को निशाना बनाते हैं, तब उनके दुष्परिणाम केवल कंप्यूटरों तक सीमित नहीं रहते। वर्ष 2017 में वानाक्राई रैंसमवेयर ने ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को इस तरह प्रभावित किया कि कंप्यूटर ठप पड़ गए, सर्जरियाँ टालनी पड़ीं और स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित हो गईं। यह डिजिटल युग की कठोर सच्चाई थी। कोविड महामारी के बाद भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण तेज़ी से बढ़ा, पर सुरक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो सकी। डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन परामर्श और स्मार्ट उपकरणों के बढ़ते उपयोग के बीच अनेक अस्पताल अब भी पुराने सॉफ्टवेयर और असुरक्षित नेटवर्क पर निर्भर हैं। ऐसे में स्वास्थ्य संस्थान साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनते जा रहे हैं।

स्वास्थ्य संबंधी जानकारी अब केवल अस्पतालों के रिकॉर्ड में नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के मोबाइल ऐप्स में भी सुरक्षित है। फिटनेस, शुगर मॉनिटरिंग, ब्लड प्रेशर और टेलीमेडिसिन ऐप्स व्यक्ति की बीमारी, दवाओं, पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और कई बार आनुवंशिक जानकारी तक संजोते हैं। किंतु अनेक ऐप्स में सुरक्षा मानकों का पालन पर्याप्त नहीं होता। कमजोर पासवर्ड, अपर्याप्त एन्क्रिप्शन और समय

पर अपडेट का अभाव उन्हें साइबर हमलों के प्रति संवेदनशील बनाता है। ऐसे में स्वास्थ्य डेटा अपराधियों के लिए बहुमूल्य संपत्ति बन जाता है, जिसका दुरुपयोग ब्लैकमेल से लेकर व्यावसायिक शोषण तक किया जा सकता है।

जब स्वास्थ्य संबंधी गोपनीय सूचनाएँ लीक होती हैं, तब क्षति केवल डेटा तक सीमित नहीं रहती, बल्कि विश्वास की नींव भी हिल जाती है। ब

संक्षिप्त खबरें

रास्ता रोककर युवक से मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार, अभिरक्षा में दो बाल अपचारी

सहजनवां गोरखपुर: गीडा थाना क्षेत्र में सोमवार को दो मोटरसाइकिलों पर सवार छह लोगों द्वारा एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने पहले युवक के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। पीड़ित की तहरीर पर गीडा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, घटना के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना गीडा में मुकदमा अपराध संख्या 258/2026 के तहत संबंधित धाराओं में छह नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शिवम पाण्डेय पुत्र जनार्दन पाण्डेय, शिवम पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय कृष्णानन्द तथा अमन पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय शत्रुघन पाण्डेय को हिरासत में लिया। वहीं दो बाल अपचारियों को भी अभिरक्षा में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। गीडा पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा अन्य आरोपियों के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बॉयफ्रेंड से शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, प्रशासन की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

इटियाथोक गोंडा। थाना क्षेत्र इटियाथोक अंतर्गत मरदनपुरवा गांव में सोमवार शाम एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती की पहचान काजल सिंह के रूप में हुई, जो शाम करीब 4 बजे गांव के पास स्थित जियो टावर पर चढ़ी। इस घटना की सूचना पूरे क्षेत्र में फैल गई, जिससे मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। टावर पर चढ़ने के बाद युवती फेसबुक पर लाइव आकर अपनी मांग बताई। काजल सिंह का कहना था कि उसका बॉयफ्रेंड अमर सिंह वहां आए और उससे शादी करे। सोशल मीडिया पर लाइव आने के बाद दूर-दराज से भी उसके फॉलोअर्स मौके पर इकट्ठा हो गए। पुलिस ने लाउडस्पीकर और फोन के जरिए काजल सिंह से नीचे उतरने का आग्रह किया, लेकिन शाम 6 बजे तक वह राजी नहीं हुई। पुलिस ने उसके साथी सोशल मीडिया क्रिएटर्स की मदद भी ली, पर कोई सफलता नहीं मिली।इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने की रणनीति बनाई। इस दौरान सीओ सदर शिल्पा वर्मा और प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी भी मौजूद रहे।पुलिस के काफी समझाने-बुझाने के बाद शाम 7 बजे फायर ब्रिगेड के कर्मी एक-एक कर टावर पर चढ़े। दीवान त्रिलोकी नाथ शर्मा ने युवती को सुरक्षित नीचे उतारा। युवती को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन

देवरिया। मत्स्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 28 जून तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना सहित कई योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिया जाएगा। आवेदकों को प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। विभागीय वेबसाइट पर परियोजना की लागत, पात्रता की शर्तें, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक अभिलेखों से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में यदि योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित नियम प्रभावी होंगे। पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत आवेदन वाले अभ्यर्थी भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। मत्स्य विभाग ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य मत्स्य पालकों को आर्थिक रूप से मजबूत करना तथा आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना है। योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी जनपदीय कार्यालय, मंडलीय कार्यालय अथवा मत्स्य निदेशालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। विभाग ने अधिक से अधिक पात्र लोगों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है।

ग़ोला के जंगल सरया बेलवरिया में खूनी संघर्ष

● दोनों पक्षों के 17 लोगों पर मुकदमा, गांव में बढ़ी तनाव की स्थिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोला गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के जंगल सरया बेलवरिया (जपती) गांव में मामूली विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि मामला हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद पुलिस ने दोनों तरफ से दर्ज तहरीरों के आधार पर कुल 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष के देवेन्द्र शर्मा ने आरोप लगाया है कि 6 जून की सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने परिवार के साथ घर की छत पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के सीताराम यादव ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मामला बढ़ गया और सीताराम यादव अपने साथियों के साथ लाठी-डंडा तथा फावड़ा लेकर उनके दरवाजे पर पहुंच गए। आरोप है कि वहां जमकर मारपीट की गई, जिसमें देवेन्द्र शर्मा समेत उनके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए।

देवेन्द्र शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने सीताराम यादव, केशभान यादव, चन्द्रकेश यादव, हरिकेश यादव, बालेन्द्र यादव, आजाद यादव, अजय यादव और आदित्य यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के सीताराम यादव ने भी पुलिस को तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उसी दिन शाम करीब 7:30 बजे सूर्यनारायण यादव, बेचन यादव, रामलखन शर्मा, महेश शर्मा, शारदा, बिन्दा देवी, देवेन्द्र शर्मा, दिनेश शर्मा और विवेक शर्मा ने लाठी-डंडों, ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया। सीताराम यादव का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी संगीता देवी और पुत्र बालेन्द्र यादव को भी नहीं बख्शा गया और उनके साथ भी मारपीट की गई।

तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने घर में घुसकर हमला किया तथा छत पर चढ़कर ईंट-पत्थर फेंके, जिससे परिवार में दहशत फैल गई। पुलिस ने सीताराम यादव की शिकायत पर नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गोला थाना प्रभारी सी.पी. पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल और आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

सर्पदंश से महिला की मौत

रुद्रपुर, देवरिया। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बर्दगोनिया पोस्टमास्टर टोला में जहरीले सर्प के डसने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, बर्दगोनिया पोस्टमास्टर टोला निवासी रामरती देवी उम्र 75 वर्ष पत्नी अयोध्या प्रसाद राजभर रविवार देर शाम घर से टहलते हुए खेत की ओर गई थीं। इसी दौरान उन्हें एक जहरीले सर्प ने डंस लिया। महिला मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पति अयोध्या प्रसाद राजभर पत्नी के वियोग में फूट-फूटकर रोते रहे। आसपास के लोग उन्हें ढांढस बंधाने में जुटे रहे। मृतका अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।

एक माह में 101 खोए मोबाइल बरामद, पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। शहर पुलिस और सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली है। पिछले एक माह के दौरान चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 101 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई। सर्विलांस टीम ने तकनीकी सहायता से मोबाइल फोन को ट्रेस कर विभिन्न स्थानों से बरामद किया। बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस द्वारा सभी पंजीकृत मोबाइल स्वामियों को बुलाकर विधिवत उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

अभियान की विशेष बात यह रही कि बरामद मोबाइलों में कुछ ऐसे फोन भी शामिल हैं, जो वर्ष 2023 से गुम थे। करीब दो वर्ष बाद अपने मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस और सर्विलांस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों की खोई हुई संपत्ति वापस दिलाने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाते रहेंगे। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

निर्माणाधीन मकान से लाखों के सामान की चोरी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत गांव में निर्माणाधीन मकान से चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बांसगांव थाना क्षेत्र के भुसवल निवासी सतीश सिंह पुत्र बृजभूषण सिंह का सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी रावत गांव में मकान निर्माण कार्य चल रहा है। आरोप है कि 2 मई की रात अज्ञात चोर निर्माणाधीन मकान में घुस गए और वहां रखे निर्माण सामग्री व अन्य सामान उठा ले गए। चोरी गए सामान में दो लोहे के एंगल, लोहे की ट्राली, रिंग, दो छोटे गैस सिलेंडर, दो इनवर्टर बैटरियां, लोहे की पाइप, सरिया समेत अन्य सामग्री शामिल है।

पीड़ित को घटना की जानकारी तब हुई जब वह निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा। सामान गायब मिलने पर उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन चोरी के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद पीड़ित ने सहजनवा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

देवरिया में यातायात पुलिस का चेकिंग अभियान, 57 वाहनों का ई-चालान

देवरिया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में बस स्टैंड, हनुमान मंदिर और कसया ओवरब्रिज के पास सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने, तीन सवारी बैठाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा बिना फिटनेस के संचालित ऑटो और ई-रिक्शा वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 57 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि 3 वाहनों को सीज कर दिया गया। यातायात पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना तथा वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ाना है। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

दो साल बाद मिली खोई हुई बेटी, पीपीगंज पुलिस ने रचा मिसाल; परिजनों की आंखों में छलके खुशी के आंसू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर, कभी-कभी पुलिस की एक सफल कार्रवाई किसी परिवार के लिए नई जिंदगी लेकर आती है। ऐसा ही भावुक कर देने वाला मामला गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र में सामने आया है, जहां लगभग दो वर्ष पूर्व गुम हुई एक बच्ची को पीपीगंज पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। अपनी खोई हुई बेटी को दोबारा सामने देखकर परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पीपीगंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना पीपीगंज पर दर्ज मुकदमा संख्या 196/2026, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित मामले में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस की लगातार कोशिशों और सूक्ष्म जांच के परिणामस्वरूप दो वर्ष से लापता बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 जून 2024 को एक व्यक्ति अपनी पत्नी को प्रसव के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने पर घर लेकर जा रहा था। इसी दौरान नवजात बच्ची की तबीयत अचानक खराब हो गई। बच्ची को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराने के लिए उसने अपने एक परिचित को जिम्मेदारी सौंपी और स्वयं पत्नी को घर छोड़ने चला गया। जब वह वापस अस्पताल पहुंचा तो नवजात बच्ची वहां नहीं मिली। इसके बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और बच्ची की तलाश शुरू हुई, लेकिन लंबे समय तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। करीब दो वर्षों तक चले प्रयासों और जांच के बाद आखिरकार 8 जून 2026 को पीपीगंज पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची के मिलने की खबर सुनते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए इसे उनके जीवन का सबसे बड़ा सुखद पल बताया।

2950 मीटर लंबे बहुप्रतीक्षित संपर्क मार्ग का विधायक ने किया शिलान्यास, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मनकापुर (गोंडा)। विधानसभा गौरा के बहुप्रतीक्षित संपर्क मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास कर विकास की नई शुरुआत की गई। सादुल्लानगर-मनकापुर मार्ग से अमघटी पंचायत भवन होते हुए रमईपुर तक बनने वाले इस संपर्क मार्ग का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ किया। लगभग 2950 मीटर लंबाई वाले इस मार्ग के निर्माण पर करीब 188 लाख रुपये की लागत आएगी। लंबे समय से इस सड़क की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा की जा रही थी। मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिलने और शिलान्यास होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

इस अवसर पर विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीण विकास को भी गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में जिला मंत्री जितेंद्र नाथ पाण्डेय, जे.पी. मिश्रा, अवर अभियंता रंजीत बहादुर प्रजापति, सुरेश तिवारी, भगवानदीन मिश्रा, राम प्रकाश तिवारी, संतोष मिश्रा, घनश्याम तिवारी, राजेश दुबे, वेद प्रकाश शुक्ला, श्याम नारायन वर्मा, दयाराम मिश्रा, इंद्रदेव मिश्रा, परशुराम पंडित, सुभाष तिवारी, विमलेश शुक्ला, विनोद तिवारी, कृपा शंकर मिश्रा, छांगुर यादव, ज्ञानी राम यादव, के.के. तिवारी, राजकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

देवरिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार एवं जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही ने किया। भाकियू नेताओं ने कहा कि जिले में किसानों को डीएपी और यूरिया खाद लेने में 'फॉर्मर रजिस्ट्री' की अनिवार्यता के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे, गरीब, बटाई, हुंडा एवं बंधक पर खेती करने वाले किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। फुटकर में खाद खरीदने वाले किसानों को भी दुकानदार खाद देने से इंकार कर रहे हैं, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। किसान नेताओं ने कहा कि गन्ने की फसल में इस समय यूरिया एवं फास्फेटिक खाद की भारी आवश्यकता है, वहीं आने वाले दिनों में धान की रोपाई शुरू होने वाली है, जिसके लिए भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने सरकार की इस व्यवस्था को किसान विरोधी बताते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को बताया कि डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण किसान निजी नलकूप और मोटर कनेक्शन की ओर रुख कर रहे हैं,

जीडीए में आवास दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी, फर्जी कर्मचारी बनकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर: गोरखनाथ पुलिस ने आवास दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी खुद को गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) का कर्मचारी बताकर लोगों को सरकारी आवास दिलाने का झांसा देता था और उनसे मोटी रकम वसूलकर फर्जी दस्तावेज थमा देता था। पुलिस के अनुसार, थाना गोरखनाथ में दर्ज मुकदमा संख्या 026/2026 के तहत आरोपी विजय प्रताप के खिलाफ कूटरचना, धोखाधड़ी और धन हड़पने का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि विजय प्रताप ने स्वयं को जीडीए का कर्मचारी बताते हुए आवास आवंटित कराने का भरोसा दिलाया और इसके एवज में रुपये ले लिए। बाद में उसने कथित आवंटन से जुड़े फर्जी कागजात भी उपलब्ध करा दिए। जब दस्तावेजों की जांच कराई गई तो पूरा मामला फर्जी निकला और पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी विजय प्रताप को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय प्रताप पुत्र स्वर्गीय संतराज निवासी भरपुरवा, भीटीरावत, थाना सहजनवा, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। इससे पहले वर्ष 2023 में थाना सहजनवा में उसके खिलाफ धारा 406, 420, 504 और 506 के तहत धोखाधड़ी एवं अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज हो चुका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी योजनाओं, आवास आवंटन या नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। आम जनता से भी अपील की गई है कि किसी भी व्यक्ति के झांसे में आने से पहले उसकी पहचान और दावों की सत्यता की जांच अवश्य करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र एवं आवास की चाबियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने विभिन्न विभागों की योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र एवं अन्य सहायता सामग्री का वितरण किया।इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को गृह प्रवेश हेतु चाबियों का वितरण कर उनके सपनों के आशियाने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीण आबादी अभिलेख (घरौनी) प्रमाण पत्रों का वितरण कर लाभार्थियों को उनकी संपत्तियों का वैधानिक अधिकार सुनिश्चित किया गया।कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज वितरित किए गए, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो सके। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को गति दी गई। श्रम विभाग द्वारा विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सामुदायिक निवेश निधि एवं वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) का डेमो चेक प्रदान किया गया। आयुष्मान भारत आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ?5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा से संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किए गए।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

आईजीआरएस प्रकरणों में लापरवाही पर डीएम ने दी कड़ी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता और गुणवत्ताहीन आख्या पर सख्त नाराजगी जताई है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की शिकायतों की जांच की गई। समीक्षा में चार अधिकारियों की आख्या त्रुटिपूर्ण मिलने पर उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता से वार्ता करने, स्थलीय जांच कराने तथा फोटोग्राफ सहित स्पॉट मेमो तैयार कर स्पष्ट संतुष्टि अथवा असंतुष्टि अंकित करते हुए गुणवत्तापूर्ण आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए।

समीक्षा में जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामपुर कारखाना, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया की आख्या में कमियां पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी की लापरवाही से जनपद की आईजीआरएस रैंकिंग प्रभावित हुई तो संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।

ग्रेट निकोबार की वन संपदा बचाने को कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर के सुभाष चौक पर ग्रेट निकोबार द्वीप समूह की वन संपदा बचाने के लिए जन-जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के समर्थन में हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने केंद्र सरकार पर ग्रेट निकोबार की बहुमूल्य वन संपदा और प्राकृतिक संसाधनों को बड़े कॉर्पोरेट घरानों के हित में सौंपने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषय हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि आम जनता और पर्यावरणीय हितों की उपेक्षा हो रही है। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से इसका विरोध करेगी। अभियान के दौरान सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', रामजी गिरी, भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार, संजीव कुमार मिश्रा, मार्कण्डेय मिश्रा, शहनाज जफर, रीता देवी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

अवैध रूप से संचालित 'निदान चिकित्सालय', मरीजों की जान से खिलवाड़ - आरोप

सी. एच. सी. क्षेत्र नकहा में संचालित मानक विपरीत हॉस्पिटल पर मेहरबान सी. एच. सी. अधीक्षक

लखीमपुर खीरी- विकास खंड नकहा क्षेत्र में 'निदान चिकित्सालय' नाम से संचालित एक निजी अस्पताल पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की नियमित मौजूदगी नहीं रहती, जबकि बाहर बड़े-बड़े डॉक्टरों के नाम और बैनर लगाए गए हैं।सूत्रों के अनुसार अस्पताल में अनट्रेंड स्टाफ द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। आरोप है कि मरीजों को गुमराह कर अवैध तरीके से धन उगाही की जाती है।जानकारी यह भी सामने आ रही है कि अस्पताल में मुख्य रूप से डीएनसी जैसे कार्य कराए जाते हैं, जबकि अन्य चिकित्सीय सुविधाओं को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था दिखाई नहीं देती।हैरानी की बात यह है कि यह अस्पताल सीएचसी नकहा से चंद दूरी पर संचालित हो रहा है, बावजूद इसके अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल्द बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस सम्बंध में सी. एम. ओ . खीरी डॉक्टर संतोष गुप्ता ने बताया मामला संज्ञान में आया है टीम भेजकर जांच कराई जाएगी अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

राशन वितरण व्यवस्था में बड़ा बदलावः अब QR कोड से होगी हर बोरी की निगरानी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी Sarthak-PDS योजना के तहत अब राशन की प्रत्येक बोरी पर QR कोड लगाया जाएगा, जिससे गोदाम से लेकर उचित दर विक्रेता (कोटेदार) की दुकान तक खाद्यान्न की पल-पल निगरानी संभव हो सकेगी। जानकारी के अनुसार, मई 2026 में केंद्र सरकार द्वारा मंजूर की गई इस योजना के लिए वर्ष 2026 से 2031 तक लगभग 25,530 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली में होने वाली अनियमितताओं, कालाबाजारी और राशन की चोरी पर प्रभावी रोक लगाना है। नई व्यवस्था के तहत गेहूं और चावल की प्रत्येक बोरी पर एक विशेष क्त्र कोड लगाया जाएगा। इस कोड में खाद्यान्न का प्रकार, वजन, गोदाम का नाम, परिवहन संबंधी विवरण तथा गंतव्य दुकान की पूरी जानकारी दर्ज होगी। राशन लेकर जाने वाले वाहनों की GPS आधारित निगरानी भी की जाएगी, जिससे खाद्यान्न की आवाजाही पर रीयल-टाइम नजर रखी जा सकेगी। सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे AI आधारित 'SAKSHAM' प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह पता लगाया जा सकेगा कि राशन कब और कहां से निकला, किस मार्ग से होकर गया और निर्धारित स्थान तक पहुंचा या नहीं। इससे वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। प्रदेश के कोटेदारों के लिए भी नई व्यवस्था लागू की जाएगी। गोदाम से राशन प्राप्त करते समय क्त्रकोड स्कैन कर स्टॉक एंट्री करनी होगी। हालांकि लाभार्थियों को राशन वितरण की वर्तमान बायोमेट्रिक ePoS प्रणाली पूर्ववत जारी रहेगी। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा कोटेदारों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ आवश्यक तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस व्यवस्था से ईमानदार कोटेदारों को लाभ मिलेगा तथा राशन वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। फिलहाल योजना का विभिन्न राज्यों में पायलट संचालन किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश में इसके चरणबद्ध विस्तार की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। खाद्य विभाग ने कोटेदारों से अपील की है कि वे अपनी ePoS मशीनों को अद्यतन रखें और विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर नई व्यवस्था को समझें।

अवैध रूप से संचालित अस्पतालों में, ऑपरेशन-डिलीवरी के नाम मरीजों की जान से खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी- जनपद में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सैकड़ों फर्जी अस्पताल संचालित होते देखे जा सकते है।और महकमे के जिम्मेदार आंख कान बंद किए बैठा है **क्या है मामला-** लखीमपुर शहर के राजापुर इलाके में स्थित सियाराम हॉस्पिटल पर अवैध रूप से संचालन के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में नियमों को ताक पर रखकर ऑपरेशन, नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी समेत सभी गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।जबकि हकीकत के धरातल पर यह हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा है।आरोप है कि सियाराम हॉस्पिटल के पास क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत जरूरी रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस तक नहीं है।अवैध रूप से ओटी चला रहे है ओटी मे गंन्दगी का साम्राज्य व्याप्त है स्थानीय लोगों का दावा है कि अस्पताल में ऑपरेशन और डिलीवरी जैसे संवेदनशील केस अनट्रेंड स्टाफ से कराए जा रहे हैं। 24 घंटे इमरजेंसी का बोर्ड, हकीकत मेंअस्पताल के बाहर '24 घंटे इमरजेंसी एवं एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध' का बड़ा बोर्ड लगा है, लेकिन मरीजों के परिजनों का आरोप है कि इलाज के नाम पर यहां जान जोखिम में डाली जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर सवाल- क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जिले में पहले भी अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई हो चुकी है, फिर भी सियाराम हॉस्पिटल कैसे खुलेआम चल रहा है आखिर किसकी शह पर नियमों को ताक पर रखकर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है?

केस नंबर-2 जनपद के स्थानीय शहर लखीमपुर की डीसी रोड पर स्थित मेडी लाइफ हॉस्पिटल एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि यह अस्पताल अवैध तरीके से संचालित हो रहा है और यहां ऑपरेशन, डिलीवरी समेत सभी गंभीर बीमारियों का इलाज नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार इस अस्पताल पर पहले भी हो चुकी है कार्रवाई, फिर कैसे खुला? स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने मेडी लाइफ अस्पताल पर छापा मारकर कार्रवाई की थी। इसके बावजूद अस्पताल दोबारा खुल गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसकी शह पर यह अस्पताल चल रहा है और विभाग की कार्रवाई के बाद भी इसे बंद क्यों नहीं किया गया?स्थानीय लोगों के द्वारा लगाये आरोपो को सत्य माने तो इस अस्पताल में योग्य एमबीबीएस/एम डी डॉक्टरों की जगह अनट्रेंड लड़कों से मरीजों का इलाज कराया जाता है। अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड

पर शहर के नामी डॉक्टरों के नाम लिखे हैं, जबकि मौके पर वे मौजूद नहीं मिलते। आरोप है कि यह अस्पताल लंबे समय से अवैध तरीके से चल रहा है और स्वास्थ्य विभाग आंख मूंदे बैठा है।मामला सामने आने के बाद अब सबकी नजरें सी. एम. ओ. कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि अस्पताल की गहन जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

अस्पताल प्रबंधन का पक्ष- इस सम्बंध में मेडीलाइफ हॉस्पिटल प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनसे संपर्क न हो सका जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकीं। क्या कहते है सी. एम .ओ. खीरी डॉक्टर संतोष गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी, दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

ब्लॉक बिजुआ की ग्राम पंचायत लखहा में भ्रस्टाचार की जांच की मांग

● मनरेगा कार्यो में जमकर भ्रस्टाचार, वास्तविक मजदूर और जॉब कार्ड धारक हो रहे प्रभावित

बाहरी मजदूरो से कराया जा रहा कार्य, पलायन को विवश ग्राम पंचायत के जॉब कार्ड धारक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी- मामला विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत लखहा का बताया जाता है जहां पर ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान की मिलीभगत से ग्राम पंचायत के मज़दूरों और जॉब कार्ड धारको को काम देने की बजाय दूसरे गाव के लेबरो से काम कराए जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं।

मामले की लिखित शिकायत जिलाधिकारी खीरी से कर मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने की मांग की गई है। शिकायत कर्ता सच्चिदानंद शुक्ला के मुताबिक ग्राम पंचायत लखहा में करीब 700 से 800 जॉब कार्ड धारक हैं,लकिन इनको काम नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते वह परदेश में मजदूरी करने जाने को विवश है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि बाहरी ग्राम पंचायत जहानपुर के लोगों से कार्य कराया जाता है।जिससे ग्राम पंचायत के गरीब मजदूरी पेशा लोगों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

संदिग्ध और फर्जी फोटो अपलोड करने के आरोप

सच्चिदानंद शुक्ला ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत से रोजगार सेवक द्वारा फर्जी और संदिग्ध फोटो अपलोड कर शासन प्रशासन को गुमराह करने के साथ-साथ सरकारी धन का बंदर बाट किया जा रहा है। अपलोड की गई तस्वीरों में बड़े बड़े पेड़ सड़क के किनारे, ऊंचा गन्ना, तुरई की फसल, बिजली के पोल एवं कोहरे जैसे दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो वास्तविक कार्य स्थल से मेल नहीं खाते हैं। महज शासन प्रशासन को गुमराह करने के उद्देश्य गलत फोटो अपलोड किए गए हैं। उक्त मामले की उच्चाधिकारियों से जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।यदि करायी गयी उच्च स्तरीय गठित जांच टीम से जांच तो भ्रस्टाचार खुलकर आएगा सामने और कई जिम्मेदार विभागीय लोगों पर आएगी कार्रवाई की आंच।

नीमगांव थाना प्रभारी की कार्यशैली से अपराधियों में खौफ, कुछ लोगों द्वारा लगाए जा रहे भ्रामक आरोप

नीमगांव (खीरी)। नीमगांव थाना प्रभारी की सक्रिय कार्यशैली और अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रभावी प्रयासों की क्षेत्र में सराहना हो रही है। थाना क्षेत्र में अपराधियों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई से कानून व्यवस्था मजबूत हुई है तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी द्वारा अपराधियों, वांछित अभियुक्तों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान से कई लोगों के हित प्रभावित हुए हैं। इसी कारण कुछ लोगों द्वारा उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिकों का कहना है कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने का कार्य किया है। लोगों का मानना है कि कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए की जा रही कार्रवाई से परेशान कुछ तत्व ही अनावश्यक विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि पुलिस प्रशासन निष्पक्षता के साथ अपना कार्य जारी रखेगा और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

सड़क दुर्घटना में 62 वर्षीय इकरार खां की मौत, एक घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुबह लखीमपुर- सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। मानसरोवर पार्क के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 62 वर्षीय इकरार खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद युवक नितिन घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक की संवेदनहीनता भी सामने आई। बाइक ट्रक में फंसने के बावजूद वह वाहन रोकने के बजाय उसे करीब दो किलोमीटर तक घसीटता हुआ ले गया और बाद में ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम महम्दाबाद निवासी इकरार खान पुत्र वारिस खान 62 सुबह करीब साढ़े सात बजे पड़ोसी गांव धूसरू निवासी नितिन पुत्र मटरू के साथ बाइक से क्षेत्र स्थित एक मछली फार्म की ओर जा रहे थे। परिजनों के मुताबिक, दोनों रोजमर्रा के काम से निकले थे और किसी को अंदाजा नहीं था कि यह सफर इकरार खान के जीवन का आखिरी सफर साबित होगा। जैसे ही उनकी बाइक सीतापुर रोड स्थित मानसरोवर पार्क के पास पहुंची, तभी लखीमपुर की ओर से ओयल जा रहे ट्रक संख्या यूपी-25 बीटी-8926 ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इकरार खान सड़क पर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद भी नहीं रुका चालक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई थी। इसके बावजूद चालक ने वाहन नहीं रोका। वह ट्रक को तेज गति से दौड़ाता रहा और फंसी हुई बाइक को सड़क पर घसीटते हुए करीब दो किलोमीटर दूर ओयल पुलिस चौकी तक ले गया। रास्ते भर बाइक के घिसटने की आवाज और सड़क पर उड़ती चिंगारियां लोगों को हैरान करती रहीं। चौकी के सामने पहुंचकर चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

बेटे ने बयां किया दर्द

मृतक के पुत्र शादाब खान ने बताया कि उनके पिता परिवार के जिम्मेदार और मेहनती सदस्य थे। सुबह वह घर से सामान्य रूप से निकले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद हादसे की सूचना मिल गई। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रक चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार ने उनके पिता की जान ले ली। उन्होंने पुलिस से आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही ओयल पुलिस चौकी प्रभारी डिम्पल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने

घायल नितिन को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, उसकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

परिवार में मचा कोहराम

इकरार खान की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी बड़ी संख्या में उनके घर पहुंच रहे हैं और शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। मृतक के परिवार ने प्रशासन से न्याय दिलाने और आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

चालक की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। एक क्षण की लापरवाही ने एक परिवार से उसका सहारा छीन लिया और कई जिंदगियों को गहरे दुख में डुबो दिया।

नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले में पुलिस पर रिश्वत मांगने का आरोप

लखीमपुर खीरी- ओयल चौकी क्षेत्र से करीब दस दिन पहले घर भागी हुई नाबालिक लड़की को सेठ घाट चौकी क्षेत्र में रहने वाले एक लड़के को आरोपी बनाया गया हैं उसको तलाश करने के लिए दलालों के माध्यम से सेट घाट पुलिस का अमानवी चेहरा सामने आया है जिसमें लड़की के पिता से 15000 रुपयों मांग की गई है लड़की की तलाश के लिए द्य पिता बहुत गरीब है उसकी स्थिति नहीं है की 15000 दे सके इसलिए उसकी लड़की का मामला ठंडा बस्ते में डाल दिया गया है पिता दर-दर भटक रहा है लोगों से हाथ जोड़कर विनती करता है कि किसी तरह मेरी बेटी को ढूंढवा दीजिए 14 साल की बेटी किस स्थिति में इस समय कहा है उसकी जानकारी नहीं है उसे डर है की कही मेरी नाबालिग बेटी के साथ कोई अनहोनी ना हो जाए करीब दस दिन पहले एक नाबालिग लड़की के कथित रूप से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। वहीं, पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है।

माटीकला कौशल विकास योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

देवरिया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एल.बी. सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित 'माटीकला कौशल विकास योजना' के अंतर्गत जनपद देवरिया को 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु 15 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत माटीकला से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पियों को कौशल उन्नयन एवं प्रोत्साहन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माटीकला से संबंधित दैनिक उपयोग की वस्तुएं, सजावटी सामग्री, खिलौने, मूर्तियां तथा मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग, चित्रकारी, नक्काशी एवं अन्य शिल्प कलाओं का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा साक्षर होना अनिवार्य है। प्रशिक्षार्थियों का चयन उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा गठित जिला स्तरीय त्रि-सदस्यीय चयन समिति के माध्यम से प्रथम आवत-प्रथम पावत के आधार पर किया जाएगा। योजना हेतु आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

किन्नर समाज की तरफ से कराया गया हनुमान मंदिर में भंडारा, क्षेत्र के लोगों ने भंडारे का परसाद ग्रहण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/ नवाबगंज नगर के मोहल्ला बिजोरिया स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर आज किन्नर समाज ने एक भव्य भंडारे का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र से आए लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया मौके पर कई भाजपा के नेता मौजूद रहे। नगर की रहने वाली शबनम किन्नर,किरण किन्नर दोनों ने मिलकर नगर के बिजोरिया स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर पहुंची भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने किन्नर समाज की इस पहल की जमकर सरहाना की ,डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने कहा किन्नर समाज ने जो पहल की है, ये हमारे समाज को जागरूक करती है। जो भेदभाव आज समाज में होता है उसे खत्म करने के लिए है मीनाक्षी गंगवार ने कहा किन्नर समाज से मेरा 16 साल पुराना रिश्ता है इनका आश्रीवाद मेरे ऊपर सदैव बना रहे। तो वहीं मौके पर पहुंचे भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण

किया और किन्नर समाज के इन कार्यो की जमकर सरहाना की ।इस दौरान भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा किन्नर समाज की दुआ और बददुआ में बड़ी तासीर होती है,और ये आशीर्वाद ईश्वर ने किन्नर समाज को स्वयं दिया है, इसलिए सारा समाज किन्नर समाज को सम्मान दे,। इस मौके पर अलका किन्नर रेशमा किन्नर लक्ष्मी किरन किन्नर सभी को अपना आशीर्वाद दिया। भंडारे के आयोजन में पहुंचे सोनू राठौर उपदेश सिंह,सूरज वर्मा,सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

दरबारी लाल इंटर कॉलेज के पूर्व संस्कृत प्रवक्ता बाबूराम द्विवेदी का निधन, शिक्षा जगत स्तब्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली रिठौरा।'काक चेष्टा वको ध्यानम, श्वान निद्रा तथैव च। अल्पहारी गृहत्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणम।' जैसे कालजयी श्लोकों को हजारों छात्र-छात्राओं के कंठ में बसाने वाले दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज के पूर्व वरिष्ठ संस्कृत प्रवक्ता बाबूराम द्विवेदी का आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही कस्बे और शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। एक आदर्श और विद्वान शिक्षक के चले जाने से क्षेत्र ने अपनी साहित्यिक व सांस्कृतिक धरोहर का एक बड़ा मार्गदर्शक खो दिया है।

शोक सभा में प्रबुद्ध वर्ग ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

रविवार।को नगर के शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने एक शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कॉलेज के प्रबंधक शुभम पटेल, पूर्व प्रबंधक सुबोध कुमार व प्रमोद कुमार ने कहा कि बाबूराम जी का जाना केवल एक शिक्षक का जाना नहीं, बल्कि एक युग का अंत है। उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा और संस्कारों के लिए समर्पित था। प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह और पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश गंगवार ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों में केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिक संस्कारों का बीजारोपण करते थे। शोक जताने और श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, गोपाल गुप्ता, अंजलि गुप्ता, एडवोकेट वीरेंद्र पाल गुप्ता, कमल यादव, डॉ. सर्वेश कुमार, अभिराम गुप्ता, रामसिंह, राजपाल, सुरेश कुमार, डॉ. हरमीत सिंह, डॉ. राजेश कुमार गंगवार, मुरारीलाल, लोकेश कुमार, प्रभुदयाल शर्मा, महेंद्र कुमार गुप्ता, यज्ञदत्त शुक्ला, प्रदीप कुमार गुप्ता, अरुण कुमार शुक्ला, शरदकांत शर्मा और कुसुम शुक्ला आदि शामिल रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

'विद्यार्थी पंच लक्षणम' और बाबूराम जी का अनूठा अंदाज

ज्ञान की वो अनमोल विरासत बाबूराम द्विवेदी जी केवल संस्कृत पढ़ाते नहीं थे,

बल्कि उसे जीते थे। वे अक्सर विद्यार्थियों को समझाते थे कि देववाणी संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि जीवन जीने का विज्ञान है। उनका सबसे प्रिय श्लोक थाः

काक चेष्टा वको ध्यानं श्वाननिद्रा तथैव च।
अल्पहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पंचलक्षणम्॥

इसका अर्थ है, एक विद्यार्थी में कौए जैसी जानने की चेष्टा, बगुले जैसा एकाग्र ध्यान, कुत्ते जैसी सतर्क नींद, आवश्यकतानुसार खाने वाला (अल्पहारी) और सुख-सुविधाओं के मोह से दूर रहने वाले लक्षण होने चाहिए। बाबूराम जी का मानना था कि जो छात्र इन पांच नियमों को अपना लेता है, उसे जीवन के किसी भी मोड़ पर असफलता नहीं मिलती। वरिष्ठ शिक्षक के सम्मान में क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग ने उनके दिखाए गए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

साहित्य समाज का है दर्पण एवं पथ प्रदर्शक, डॉक्टर कौशल वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोलागोकर्ण नाथ खीरी- नगर के प्रख्यात साहित्यकारों की मौजूदगी में कवि मुनेन्द्र मंजुल के आवास पर एक वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन कवि श्री कांत तिवारी की अध्यक्षता में हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक एक भाजपा नेता डॉक्टर कौशल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पटेल अशोक कनौजिया रहे। गोष्ठी का विषय पुस्तक लकीरें रौशनी की रहा, यह पुस्तक अपने में अनूठी साहित्यकार के कृतित्व एवं व्यक्तित्व का दर्पण हैं। जिसमें गोला खीरी ही नहीं अपितु प्रदेश के तमाम ख्यातिलब्ध साहित्यकारों का साहित्यक परिचय एवं आत्मिक परिचय हैं। जिसके प्रथम भाग के भव्य विमोचन समारोह की तैयारियों पर विमर्श किया गया। अगले अंक में गोला की सरजमी से उपजे वो सहित्यकार व शायर,जो अपनी शायरी व काव्य को देकर अमर हो गए हैं, उनके विषय में मां सरस्वती का आवाहन करके मंजुल जी को लिखने का सम्बल दिया, गीतकार रमेश पाण्डेय शिखर शलभ ने कहा

कि जो समाज को किसी ने किसी रूप में अपनी प्रतिभा से सेवा दे रहे हैं उनके लिए भी कलम चलाएं। कौशल वर्मा ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण एवं पथप्रदर्शक है। साहित्य प्रेमी समाज एक उन्नत समाज होता है। उन्होने पुस्तक लकीरें रौशनी क़ो सहर्ष वांछनीय योगदान प्रदान करने का संकल्प जताया। अशोक कनौजिया ने पुस्तक की गरिमा और महत्ता की प्रशंसा करते हुए भव्य पुस्तक विमोचन में सहयोग करने पर बल दिया। कवि ब्रजेश तिवारी,द्वारिका प्रसाद रस्तोगी,गेंदन लाल कनौजिया,शशिकांत मिश्रा, रमाकांत चौधरी,रविसुत शुक्ला के अलावा डॉ अरुण शर्मा,ज्ञान चंद वर्मा,अभिषेक वर्मा,विनोद वर्मा,वीरेश वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत पनई में अवैध रूप से काटे गए प्रतिबंधित नीम के पेड़, ठेकेदार पर अभी तक मुकदमा दर्ज नही

पसगवां- कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनई के ग्राम समाज की भूमि पर स्थित मजार के पास हरे-भरे नीम के प्रतिबंधित पेड़ों को बिना किसी अनुमति के काट दिया गया है। लकड़ी ठेकेदार श्रीराम द्वारा पेड़ों का अवैध कटान किया गया, जबकि न तो वन विभाग से कोई परमिशन ली गई, न ही पेड़ों का मूल्यांकन किया गया और न ही कटी हुई लकड़ी को निष्कासित किया गया।स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद पुलिस चौकी जंग बहादुरगंज क्षेत्र (पसगवां कोतवाली) द्वारा अभी तक ठेकेदार श्रीराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। हल्का लेखपाल द्वारा भी इस मामले का संज्ञान नहीं लिया गया है। उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को शिकायत दी जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। वन विभाग के नियमों के अनुसार प्रतिबंधित पेड़ काटने के लिए अनुमति अनिवार्य है। ग्राम समाज की भूमि पर पेड़ काटने पर पहले भी मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ है, लेकिन यहाँ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोग तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सरकारी जमीन पर डॉक्टर का अवैध कब्जा, जिम्मेदार मौन

● आखिर किसके संरक्षण में जंगल झाड़ी के नाम दर्ज सरकारी जमीन पर हो रहा पक्का निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फरधान खीरी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का निर्देश साफ है कि अपराधी और माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।'लेकिन लखीमपुर के तहसील सदर क्षेत्र के कस्बा फरधान की हकीकत बाबा के इन दावों पर कालिख पोत रही है। यहाँ मिट्टी में माफिया नहीं मिल रहे, बल्कि दबंग सरकारी जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा करके लाखों-करोड़ों की काली कमाई कर रहे हैं।

सिस्टम को कथित दबंग डॉक्टर का 'चढ़ावा' या कानून की विफलता?

लखीमपुर में कानून का डंडा अब कथित भू-माफियाओं के सामने 'बोना' साबित हो रहा है। स्थानीय चर्चाओं और सूत्रों की मानें तो कथित 'भू माफ़िया का साम्राज्य इस कदर फैला है कि प्रशासन की चुप्पी अब संदेह के घेरे में है। सुत्रो के अनुसार लेखपाल से तहसील दफ्तर तक 'महीना': खबर है कि दबंग डॉक्टर- खुलेआम दावा कर रहें है कि 'नीचे से ऊपर तक हिस्सा पहुँचता है।' क्या यही वजह है कि कानूनगो, नायब तहसीलदार तहसीलदार और एस. डी. एम. सदर को दिन के उजाले में भी ये अवैध कब्जा नजर नहीं आता राजस्व विभाग सरकारी जमीनों की जानकारी गाटा सहित सार्वजनिक करने से क्यों कतरा रहा है अगर सब कुछ वैध है, तो विवरण जनता के सामने क्यों नहीं सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कथित दबंग कब्जा धारकों का आतंक है परगना खीरी के स्थानीयकस्बा सहितकई गावों का इलाका कथित दबंगों का 'एपिसेंटर' बन चुका है।आरोप है कि राजस्व की सरेआम लूट ने सरकार के खजाने में जाने वाला पैसा आज भ्रष्ट अधिक

संक्षिप्त खबरें

नवनियुक्त डीआईजी श्रीमती 'पूनम' द्वारा परिक्षेत्र मीरजापुर का पदभार ग्रहण किया गया

» अपराधियों पर सख्त कार्यवाही, आम जनमानस की समस्याओं का निस्तारण पहली प्राथमिकता

» नवनियुक्त डीआईजी श्रीमती 'पूनम' द्वारा परिक्षेत्र मीरजापुर का कार्यभार ग्रहण किया

मीरजापुर। पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदया द्वारा बताया गया कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने व महिलाओ की सुरक्षा, जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आमजन की सुरक्षा एवं विश्वास सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी बनाते हुए अपराध नियंत्रण तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का प्रयास किया जायेगा।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 25 जून तक

भदोही। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, एसएससी सीजीएल, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले इच्छुक एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को साक्षात एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण तथा शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर स्थित ई-लाइब्रेरी में निःशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए अभ्यर्थी आवेदन पत्र काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर की ई-लाइब्रेरी, समाज कल्याण विभाग कार्यालय विकास भवन अथवा अभ्युदय पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील करते हुए बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून 2026 निर्धारित की गई है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

अवैध खनन पर भदोही पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 जेसीबी और 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

भदोही। जनपद में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भदोही पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 जेसीबी और 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दी। साथ ही अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल सात मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि अवैध खनन संबंधी शिकायतों और सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में प्रयुक्त मशीनों और वाहनों को जब्त किया गया तथा संबंधित आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्षों एवं चौकी प्रभारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। किसी भी शिकायत पर तत्काल जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे अवैध खनन की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने जनसहयोग को अभियान की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भदोही पुलिस द्वारा 'पुलिस सतर्क मित्र' व्हाट्सएप चैटबॉट संचालित किया जा रहा है। इस माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए 7839860411 पर अवैध खनन या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों से संबंधित फोटो, वीडियो, ऑडियो अथवा सूचना भेज सकता है। प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित एवं गोपनीय कार्रवाई की जाएगी।

गिट्टी लदे ट्रेलर ने आगे चल रहे कंटेनर व बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार भाई बहन की हालत गंभीर

● घटना के बाद गिट्टी लदे ट्रेलर को लेकर चालक फरार, घायल बाइक सवार भाई बहन की हालत गंभीर उपचार हेतु पुलिस ने भेजा अस्पताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हलिया मीरजापुर। ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास सोमवार सुबह दस बजे के करीब गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुए बड़का मोड़ घुमान पर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ पुनीत गुप्ता, सुभाष यादव ने एनएचएआई की एंबुलेंस से उपचार हेतु लालगंज सीएचसी भेजवाया। जहां बाइक सवार भाई बहन की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।ड्रमंडगंज घाटी में गिट्टी लादकर नीचे उतर रहा तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर जैसे ही बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा तो अचार व चटनी लादकर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से टक्कर मार दी।अचार लदा कंटेनर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकराते हुए डिवाइडर से जा भिड़ा।

हादसे में 32 वर्षीय कंटेनर चालक कासिम निवासी बड़वा जिला शामली के हाथ में चोटें आई हैं जिनका पुलिस ने न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज में उपचार करवाया।वहीं गिट्टी लदे ट्रेलर के चालक ने बड़का मोड़ पर बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मारते हुए ट्रेलर लेकर भाग निकला। हादसे में 35 वर्षीय बाइक चालक मणिराज गोस्वामी निवासी मूर्तिहा थाना बहरी जिला सीधी मध्यप्रदेश व बाइक पर पीछे बैठी उनकी बहन 32 वर्षीया नीता गोस्वामी ट्रैलर की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल भाई बहन को उपचार हेतु एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भेजा जहां दोनों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। बाइक सवार भाई बहन प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के देवघाट गांव अपनी रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे।अचार लदे कंटेनर के चालक ने बताया कि गिट्टी लदे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी इसके बाद बड़का मोड़ घुमान पर बाइक में टक्कर मारते हुए भाग निकला। संयोग ठीक था कि कंटेनर डिवाइडर में जाकर टकरा गया नही तो घाटी में सैकड़ों फीट नीचे कंटेनर के पलटने से बड़ा हादसा हो सकता था। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर गिट्टी लदे ट्रेलर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक चालक व उसकी बहन को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

25 हजार का इनामिया गोवध का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

चुनार, मीरजापुर। कोतवाली पुलिस को आपरेशन चक्रव्यूह के तहत बड़ी सफलता मिली है अदलपुरा पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त दिलिप कुमार उर्फ सुभाष उर्फ अब्बास को गिरफ्तार किया है। आरोपी गोवध निवारण अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्त था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत के निर्देश पर चलाये जा रहें अभियान के तहत अलदपुरा चौकी पुलिस ने वांछित संदिग्ध व्यक्ति को वाहन चेकिंग के दौरान दिलिप कुमार उर्फ सुभाष को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त उमापुर सरैया थाना भगवानपुर जनपद कैमूर बिहार का निवासी है दिलिप कुमार के खिलाफ थाना चुनार में पूर्व में मुकदमा पंजीकृत था। पुलिस उसको काफी दिनों से तलाश कर रही थी। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय को भेज दिया गया।

दो बाइको की आमने सामने टक्कर में एक बाइक सवार की मौत तीन गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हलिया मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज सम्पर्क मार्ग बरी गांव में रविवार की देर शाम दो बाइको की आमने सामने टक्कर से एक बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दोनों बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। मृतक युवक के शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी 16 वर्षीय सत्य प्रकाश बाइक से अपने रिश्तेदार दिघिया गांव निवासी 17 वर्षीय गोलू के साथ हलिया बाजार से वापस घर लौट रहा था की जैसे ही हलिया लालगंज सम्पर्कमार्ग बरी गांव में पहुंचा की सामने से आ रहे बाइक सवार लालगंज थाना क्षेत्र धोबहा देवघटा गांव निवासी 50 वर्षीय पवन पटेल व 30 वर्षीय रणजीत की बाइक से आमने सामने टक्कर होने से बाइक सवार सत्य प्रकाश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक सत्य प्रकाश को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जबकि घायल पवन पटेल, रणजीत, गोलू की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है मृत सत्य प्रकाश दो भाइयों मे छोटा था मौके पर पहुँचे मृत किशोर के परिजन रोने बिलखने लगे इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की दो बाइको की आमने सामने टक्कर होने से बाटइक सवार किशोर की मौत हो गई है दोनों बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

बरात में शामिल होने के बाद लौट रहे बाइक सवार की नहर में गिरने से हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हलिया मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के अमदह गांव में रविवार की रात बरात में शामिल होने के बाद दूसरी बरात में शामिल होने जा रहे बाइक सवार की सेमरा कलां गांव स्थित नहर में गिरने से मौत हो गई। मृतक बाइक सवार रातभर नहर में पड़ा रहा। ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार सुबह पहुंची पुलिस ने घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।संतनगर थाना क्षेत्र के रामपुर बोदा गांव निवासी 33 वर्षीय सुनील कुमार अमदह गांव में रिश्तेदारी गंगाशायर गांव से आई बरात में शामिल होने आए थे। जहां बरात में शामिल होने के बाद लालगंज क्षेत्र के मानिकपुर गांव में अपने भाई की ससुराल में आई बरात में शामिल होने के लिए रात साढ़े नौ बजे के करीब बाइक से निकले थे।अमदह गांव से दो किलोमीटर आगे सेमरा कलां गांव में पहुंचे तो सड़क के मोड़ पर अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरे। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की मौत हो गई। सोमवार सुबह शौच के लिए नहर की ओर गए ग्रामीणों ने बाइक सवार को नहर में मृत अवस्था में पड़ा देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बाइक सवार के साले रविशंकर ने बताया कि जीजा सुनील कुमार दुबार क्षेत्र के गंगाशायर गांव से अमदह गांव में गई बरात में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से रात साढ़े नौ बजे के बाद दूसरी बरात में शामिल होने के लिए लालगंज के मानिकपुर गांव बाइक से जा रहे थे कि रास्ते में बाइक से नहर में गिरने से मौत हो गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि क्षेत्र में अमदह गांव में आई बरात में शामिल होने के बाद दूसरी बरात में शामिल होने के लिए जा रहे संतनगर थाना क्षेत्र निवासी बाइक सवार सुनील कुमार की नहर में गिरने से मौत हो गई है। घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दूषित पेयजल आपूर्ति से वार्डवासी परेशान, नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन

गोपीगंज। नगर के पश्चिम मोहाल स्थित वार्ड संख्या 9 एवं 10 में कई दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नलों से मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी आ रहा है, जो पीने और घरेलू उपयोग के योग्य नहीं है। दूषित जलापूर्ति के कारण क्षेत्र में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वार्डवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में श्रीकांत जायसवाल, अन्नू मोदनवाल, राजेश मोदनवाल, गणेश गुप्ता, मोहम्मद गरीब, विजय जायसवाल, प्रेमचंद केशरवानी, इंदू देवी, फातमा, आदर्श जायसवाल सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।

पहले दिन दोनों पालियों में 77 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी रहे उपस्थित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। जनपद भदोही में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गई, जो 8, 9 एवं 10 जून 2026 तक संचालित होगी। परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों की निगरानी कर रहे हैं। पहले दिन आयोजित परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 2976 अभ्यर्थियों में से 2306 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 670 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थिति प्रतिशत 77.49 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं द्वितीय पाली में 2976 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2312 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 664 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में उपस्थिति प्रतिशत 77.69 प्रतिशत रहा।

जनपद के गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज, काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, एम.ए. समद इंटर कॉलेज भदोही, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर तथा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा की शुचिता एवं अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया के दौरान सघन जांच, मेटल डिटेक्टर से चेकिंग तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा पार्किंग की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पूर्ण सतर्कता के साथ ड्यूटी करें तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि, नकल अथवा परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वाले प्रयासों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि जनपद पुलिस का स्पष्ट संकल्प है कि भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराया जाए। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा अभ्यर्थियों को नकल-मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हल्का लेखपाल पर रिश्वत लेकर सजातीय लोगों को सरकारी जमीन दिलाने का आरोप

● जमुनीपुर अठगवां के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। तहसील क्षेत्र के मोढ़ जमुनीपुर अठगवां गांव के ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कराने के लिए रिश्वत लेने तथा अपने सजातीय लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। सोमवार को ग्राम प्रधान शक्ति शंकर कन्नौजिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच तथा कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का लेखपाल ने कथित रूप से नाजायज लाभ लेकर ग्राम सभा की आराजी संख्या 495 ऊसर खाते की सरकारी भूमि पर अपने सजातीय लोगों को कब्जा करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर स्थित केंद्रीय बीज गोदाम का अस्तित्व भी समाप्त हो गया है, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने दावा किया कि उनके पास हल्का लेखपाल की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। आरोप है कि रिकॉर्डिंग में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कराने के एवज में धनराशि लेने तथा कब्जा कराने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रिकॉर्डिंग की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ग्राम प्रधान शक्ति शंकर कन्नौजिया ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला गंभीर है। यदि आरोप सही हैं तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव की सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस मामले में निष्पक्ष जांच जरूरी है। इस दौरान गौरव सिंह, प्रफुल्ल सिंह, रोहित गौड़, मनीष सिंह, परमेंद्र सिंह, गौरव बहादुर सिंह, बंटी सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ज्ञानपुर और अभोली ब्लॉक की बनवासी बस्तियों में चला विशेष सफाई एवं जनजागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर संचालित समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत ज्ञानपुर विकास खंड के जोरई तथा अभोली विकास खंड के मसुधी स्थित बनवासी बस्तियों में विशेष सफाई एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा ग्रामीणों को साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. सपना अवस्थी एवं स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक डॉ. सरोज पांडेय के संयोजन में खंड विकास अधिकारी ब्रजेश नारायण त्रिपाठी तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्रीधर गोपाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। अधिकारियों ने बनवासी बस्तियों में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से नियमित रूप से घर एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता संबंधी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता से होने वाले स्वास्थ्य लाभों तथा साफ-सुथरे वातावरण के महत्व की जानकारी भी दी गई।

डीपीआरओ डॉ. सपना अवस्थी का बयान

जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. सपना अवस्थी ने कहा कि, 'स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला जनआंदोलन है। प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में जनपद की ग्राम पंचायतों एवं बनवासी बस्तियों में विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्वच्छता के प्रति लोगों में स्थायी जागरूकता विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है और लोगों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आता है। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेते हुए अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

तत्काल टिकट के साथ दलाल गिरफ्तार, 4010 रुपये का टिकट बरामद

गोपीगंज। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सीआईबी वाराणसी की संयुक्त टीम ने ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन स्थित आरक्षण केंद्र पर छापेमारी कर एक कथित टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4010 रुपये मूल्य का तत्काल आरक्षित टिकट, आरक्षण प्रपत्र और मोबाइल फोन बरामद किया गया। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर रामबाग आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक डी.एस. यादव के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान जांच टीम ने अवैध टिकट बिक्री में संलिप्त रोशन लाल यादव (32) पुत्र ननकू यादव निवासी झम्मनपुर, थाना गोपीगंज को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 4010 रुपये का एक तत्काल काउंटर टिकट, दो भरे हुए एवं एक खाली आरक्षण मांग पत्र तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जांच में पाया गया कि आरोपी आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट नहीं है, इसके बावजूद वह रेल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त था। आरपीएफ ने आरोपी के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई मोहम्मद साजिद सिद्दीकी को सौंपी गई है। छापेमारी टीम में सीआईबी वाराणसी के प्रभारी निरीक्षक राजेश, उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र, कांस्टेबल शिव प्रसाद सोनी तथा आरपीएफ प्रयागराज रामबाग के कांस्टेबल त्रिवेणी सिंह कुशवाहा शामिल रहे।

जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश

● युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य, सभी विभागों को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही:- जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद भदोही में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लीड बैंक मैनेजर अमित गुप्ता, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, जिला मिशन प्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार उपलब्ध कराने वाला उद्यमी बनाया जाना इस योजना का प्रमुख लक्ष्य है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने तथा आगामी दस वर्षों में दस लाख युवाओं को उद्यमिता एवं रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण में पात्र युवाओं को ?5 लाख तक की परियोजनाओं के लिए चार वर्षों तक शत-प्रतिशत ब्याजमुक्त एवं गारंटी-मुक्त ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान तथा सीजीटीएमएसई शुल्क की प्रतिपूर्ति का लाभ भी प्रदान किया जाता है। वहीं द्वितीय चरण में सफल उद्यमियों को ?10 लाख तक की

परियोजनाओं की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता एवं नियमानुसार ब्याज अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कौशल विकास मिशन, सेवायोजन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पात्र युवाओं की पहचान कर उन्हें योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा अधिक से अधिक आवेदन ऑनलाइन माध्यम से कराए जाएं।

गोपीगंज नगर पालिका को मिली नई अधिशासी अधिकारी, बीना सिंह ने संभाला कार्यभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद गोपीगंज में नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने नगर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को अपनी प्राथमिकता बताया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने कहा कि नगर के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। नगर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी नगर पालिका परिषद की व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों और चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया जा रहा है। समीक्षा के बाद आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप विकास कार्यों को गति दी जाएगी। बीना सिंह ने नगरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के कर्मचारी बिष्णु पांडेय, विनोद सिंह, अचल श्रीवास्तव, आशीष यादव, रीना तिवारी, सुशीला, तारा सहित अन्य कर्मचारियों ने नई अधिशासी अधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त खबरें

सिविल लाइंस में सरकारी बस की ब्रेक फेल, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

प्रयागराज। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे के पास बिहारी भवन के सामने सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक सरकारी बस की अचानक ब्रेक फेल हो गई। ब्रेक फेल होने की जानकारी मिलते ही बस में सवार यात्रियों और आसपास मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। कुछ देर के लिए पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सरकारी बस सुभाष चौराहे की ओर बढ़ रही थी, तभी चालक को बस की ब्रेक में खराबी का एहसास हुआ। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक ने घबराने के बजाय सूझबूझ और सतर्कता का परिचय दिया। उसने बस की गति को नियंत्रित करते हुए किसी तरह सुरक्षित स्थान पर बस को रोक दिया, जिससे एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान सड़क पर वाहनों और राहगीरों की अच्छी-खासी आवाजाही थी। यदि बस अनियंत्रित हो जाती तो कई वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे और जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। हालांकि चालक की तत्परता और समझदारी के चलते किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ।

बरौत चौराहे पर तेज रफ्तार टेंपो पलटा, चालक घायल

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत कस्बा चौराहे पर सोमवार दोपहर करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो भीटी की तरफ से बरौत चौराहे की ओर आ रहा था। चौराहे पर पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते टेंपो सड़क पर पलट गया। दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि राहत की बात यह रही कि हादसे के समय टेंपो में कोई सवारी मौजूद नहीं थी। यदि टेंपो यात्रियों से भरा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था और कई लोग घायल हो सकते थे। हादसे में टेंपो चालक नेता हरिजन, निवासी बरौत कस्बा, घायल हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उसकी मदद की और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराई। चालक को हल्की चोटें आई हैं।

हत्या के 44 वर्ष पुराने मामले में सात दोषियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत नहीं, दोष-सिद्धि व उम्रकैद की सजा बरकरार

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हत्या के 44 वर्ष पुराने मामले में दोष-सिद्धि व उम्रकैद की सजा को बरकरार रखते हुए अभियुक्तों की अपील खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने तीनों आपराधिक अपीलें खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया। अपील के दौरान एक अभियुक्त राकेश की मृत्यु हो जाने से उसके विरुद्ध कार्यवाही पहले ही समाप्त हो चुकी थी। अभियोजन के अनुसार 10 अगस्त, 1982 की शाम करीब छह बजे सहारनपुर जिले के कनखल इलाके में सतीश कुमार नामक युवक पर सात लोगों ने गुप्ती, चाकू, चेन और देशी पिस्तौल से हमला कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में शरीर पर कुल 15 घाव पाए गए। सत्र न्यायालय ने 17 नवंबर, 1983 को सतीश, शिव कुमार, अशोक, भूपत, राकेश, विजय और विक्रम को दोषी करार देते हुए धारा 302/149 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

अदालत ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शी गवाहों नाथीराम और श्रीराम की गवाही पूरी तरह विश्वसनीय है और चिकित्सीय साक्ष्यों से इसकी पुष्टि होती है।

पुलिस की लापरवाही से इलाहाबाद हाई कोर्ट से मिली राहत, फर्जी डिग्री व मार्कशीट मामले के आरोपित की रिहाई का आदेश

● इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फर्जी डिग्री/मार्कशीट मामले के आरोपित की रिहाई का आदेश दिया। कोर्ट ने गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। साथ ही एसएसपी कानपुर को नगर जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश भी कोर्ट ने दिया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। पुलिस की लापरवाही कभी-कभी आरोपित के पक्ष में हो जाती है। फर्जी डिग्री व मार्कशीट मामले में नोएडा से गिरफ्तारी के बाद कानपुर लाए गए विनीत कुमार को सिर्फ ट्रांजिट रिमांड नहीं लिए जाने के कारण राहत मिल गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए उसे तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने यह आदेश बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याची को नौ मार्च 2026 को नोएडा से गिरफ्तार किया गया था। आरोप था कि वह संगठित गिरोह के साथ मिलकर नकली मार्कशीट और डिग्रियां बनाने तथा बेचने का काम करता था। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। इस मामले में सह अभियुक्तों से 1030 से अधिक नकली मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, डिग्रियां और दो लैपटॉप भी जब्त हुए हैं। कोर्ट ने पाया कि पुलिस नोएडा से गिरफ्तार करने के बाद याची को सीधे तीन दिन बाद 12 मार्च 2026 को कानपुर लाई और 13 मार्च को रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया, लेकिन नोएडा से ट्रांजिट रिमांड नहीं लिया। सुप्रीम कोर्ट के प्रिया इंदोरिया बनाम कर्नाटक राज्य मामले में दिए गए निर्देशों के अनुसार यह अनिवार्य था। इस चूक के कारण कोर्ट ने गिरफ्तारी को अवैध घोषित कर दिया। कोर्ट ने एसएसपी कानपुर नगर को जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने का भी निर्देश दिया है। कहा है कि इसे छह महीने में पूरा कर लिया जाए। रिमांड मजिस्ट्रेट को कोर्ट ने भविष्य में सावधानी बरतने की हिदायत दी है। पुलिस से कहा है कि वह कानून के अनुसार नए सिरे से कार्रवाई कर सकती है।

सरायइनायत पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार

सरायइनायत/ प्रयागराज। थाना सरायइनायत पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, सोमवार 8 जून 2026 को थाना सरायइनायत पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय एसीजेएम कक्ष संख्या-06, प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र के क्रम में कार्रवाई करते हुए मुकदमा संख्या 2740/03, धारा 324/504 भारतीय दंड संहिता से संबंधित तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुरेन्द्र कुमार पुत्र महारानीदीन (39 वर्ष), भुवाईलाल पुत्र मातादीन (59 वर्ष) तथा बसन्तलाल पुत्र मिठाईलाल (51 वर्ष) निवासी ग्राम वारी, थाना सरायइनायत, कमिश्नरेट प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को उनके निवास स्थान के निकट ग्राम वारी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी था, जिसके अनुपालन में पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी।

अधिवक्ता जागृति शुक्ला की मौत पर फूटा वकीलों का गुस्सा

● प्रधान डाकघर के पास चक्का जाम कर डॉक्टरों की गिरफ्तारी की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। अधिवक्ता जागृति शुक्ला की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना से नाराज वकीलों ने सोमवार को प्रधान डाकघर के पास चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि इलाज के दौरान हुई कथित मारपीट और लापरवाही के कारण जागृति शुक्ला की जान गई है। उन्होंने दोषी डॉक्टरों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। चक्का जाम के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक दोषी डॉक्टरों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि जागृति शुक्ला के साथ अस्पताल में अभद्र व्यवहार और मारपीट की गई थी, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो जाने से अधिवक्ता समुदाय में रोष व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी वकीलों से वार्ता कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि अधिवक्ता अपनी मांगों पर अड़े रहे और दोषी डॉक्टरों की गिरफ्तारी के संबंध में ठोस कार्रवाई की मांग करते रहे। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन ने अधिवक्ताओं को मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल अधिवक्ता समुदाय में घटना को लेकर गहरा आक्रोश बना हुआ है और सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

व्यापार मंडल चुनाव पुनःकराने की उठी मांग

● प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकारिणी सदस्यों को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। नैनी बाजार व्यापार मंडल के पुनःचुनाव को लेकर पूर्व पार्षद विनय जायसवाल बाबा सहित व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने व्यापार मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापार मंडल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शीघ्र चुनाव प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की गई। ज्ञापन कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, लाल जी. जायसवाल,मंगला केशरवानी, गनेशी वर्मा,मुकेश भारतीया (पूर्व पार्षद), हरिकिशन तिवारी (बबलू) एवं दिलीप केशरवानी को सौंपा गया।इस अवसर पर मुख्य कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी ने बताया कि व्यापार मंडल का कार्यकाल समाप्त हो चुका है।जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर पुनः चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी,ताकि व्यापारियों को नया नेतृत्व मिल सके और संगठन की गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित होती रहें।ज्ञापन सौंपने वालों में विनय जायसवाल (बाबा), विक्की सोनी, पप्पू मास्टर, सुनील जायसवाल, मिलन डेमरी,दशरथ जायसवाल, बेटू जायसवाल, फूलचंद्र केशरवानी, अशोक केशरवानी, अंकुर तथा मोनू पासी प्रमुख रूप से शामिल रहे। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि व्यापार मंडल का चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जल्द संपन्न कराया जाएगा,जिससे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूती मिल सके।इस मुद्दे पर मौजूदा व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल से स्वतंत्र प्रभात संवाददाता ने जब फोन से बातचीत की तो उन्हों ने कहा की हम तो चाहते है की चुनाव हो लेकीन जो पुराना ब्योरा है पहले उसको व्यापारियों के सामने सार्वजनिक करे।

भाजपा गोपीगंज मंडल की मासिक बैठक संपन्न

गोपीगंज। भारतीय जनता पार्टी गोपीगंज मंडल की मासिक बैठक नगर स्थित एक विद्यालय में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण तथा राष्ट्रीय गीत के साथ किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर की बैठकें नियमित एवं सुनियोजित ढंग से आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में संगठनात्मक कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल ने तथा संचालन मंडल महामंत्री राहुल चौबे ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री सरिता बिंद सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मासूम का शव लेकर पूरी रात थाने में बैठी रही महिला, न्याय की लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

झूसी प्रयागराज। झूंसी थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने संवेदनशील लोगों को झकझोर कर रख दिया है। अपने मासूम बच्चे को खो चुकी एक पीड़ित महिला न्याय की उम्मीद लेकर बच्चे के शव के साथ पूरी रात झूंसी थाने में बैठी रही और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती रही। महिला का आरोप है कि दबंगों द्वारा की गई मारपीट और पेट पर लात मारने के कारण उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़िता के अनुसार, कुछ दिन पूर्व हुए एक विवाद के दौरान रविन्द्र उर्फ रवि समेत तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके पेट पर कई बार प्रहार किया, जिससे गर्भस्थ शिशु को गंभीर क्षति पहुंची। घटना के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बच्चे को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण मासूम की जान नहीं बच सकी। बच्चे की मौत के बाद पीड़िता का दर्द और आक्रोश दोनों बढ़ गए।

महिला का कहना है कि उसने घटना के तुरंत बाद पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसी से आहत होकर वह अपने मृत बच्चे के शव को लेकर झूंसी थाने पहुंची और पूरी रात वहीं बैठकर न्याय की गुहार लगाती रही। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि महिला के आरोप सही पाए जाते हैं तो यह अत्यंत गंभीर मामला है और जिम्मेदार लोगों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला की तहरीर प्राप्त हो गई है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिकित्सकीय अभिलेखों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा प्रारंभ, जिलाधिकारी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गई। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने प्रथम दिवस पर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कर्नलगंज इंटर कॉलेज, जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित अन्य निर्धारित परीक्षा केंद्रों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की पवित्रता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं निर्धारित गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी इंतजामों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण परीक्षा है। ऐसे में प्रशासन

की प्राथमिकता है कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए परीक्षा प्रक्रिया की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। जनपद में 08, 09 एवं 10 जून 2026 तक आयोजित होने वाली इस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है तथा प्रत्येक केंद्र पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

खेल प्रतियोगिताएं,अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। स्वर्गीय सरदार अरजीत सिंह की स्मृति में खेल परिवार प्रयागराज द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सम्मान समारोह का आयोजन रामा देवी बालिका इंटर कॉलेज, मीरापुर, प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में पैरा खिलाड़ियों, सीपी खिलाड़ियों तथा छोटे बच्चों के लिए फन गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में देश का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में हर्षित डी (जिम्नास्टिक), खुशबू निषाद नंदा (मिक्स्ड मार्शल आर्ट), वैभव दीक्षित (बॉल बैडमिंटन), निवेश पाल (बॉक्सिंग) तथा उपेंद्र मिश्रा (बॉल बैडमिंटन) शामिल रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज पांडेय (आईपीएस), डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस, सीडीपी प्रोटोकॉल एवं मुख्यालय रहे। विशिष्ट अतिथियों में महेश कपूर (सिराना चावल, व्यापार मंडल अध्यक्ष), ओलंपियन अभिन्न श्याम गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रमोद तिवारी, रवि मेहरोत्रा, रोशनलाल वट्स, रौनक गुप्ता, सरदार देवेंद्र

पाल सिंह, सरदार कमल पहलवान, साहिल अरोड़ा, पार्षद सुनीता चोपड़ा, पार्षद नीरज टंडन, दिलजीत सिंह बंटी तथा खेल परिवार के अध्यक्ष आशीष कुमार द्विवेदी (पार्षद) उपस्थित रहे।अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल परिवार के सचिव सरदार कुलदीप सिंह ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान देने वालों को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन उत्साह और प्रेरणा का केंद्र बना।

तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर,तीन लोग गंभीर घायल

नैनी,प्रयागराज। नैनी कोतवाली क्षेत्र के प्रयागपुरम के समीप सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर स्कूटी से टकरा गई।हादसे में स्कूटी सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन अस्पताल) भेजा। पुलिस के अनुसार, समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी। उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा घायलों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और यह हादसा हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता से पीड़ित को मिले 50 हजार रुपये

भदोही। थाना औराई की साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित के खाते से गलती से दूसरे खाते में स्थानांतरित हुए 50 हजार रुपये वापस करा दिए। गिर्दबड़ागांव निवासी नीरज गुप्ता ने गलती से 50 हजार रुपये अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन साइबर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने पर साइबर हेल्प डेस्क औराई ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई कर पूरी धनराशि वापस करा दी। राशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी तथा साइबर हेल्प डेस्क औराई का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

गंगा महोत्सव में 5 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न

● संत-महात्माओं एवं गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। श्री हरिधाम सनातन सेवा ट्रस्ट, गोठी-बेलसारा (प्रयागराज) द्वारा गंगा महोत्सव के अवसर पर पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप से संपन्न कराया गया। इस आयोजन का नेतृत्व श्री निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरी महाराज के मार्गदर्शन में किया गया।समारोह में नवविवाहित जोड़ों को संत-महात्माओं एवं उपस्थित अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बाघम्बरी मठ के महंतों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख करछना विजयराज सिंह 'राजू भैया', भोजपुरी फिल्म कलाकार शिल्पी राज, विजय चौहान, मेघा श्रीराम, राकेश बाबू, रमेश कश्यप सहित कई प्रमुख हस्तियों ने सहभागिता की।कार्यक्रम में श्री हरिधाम सनातन सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष आशा शर्मा, उपाध्यक्ष ननकू लाल विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, विमल विश्वकर्मा, गौरव श्रीवास्तव, अमृत विश्वकर्मा, रविंद्र कुशवाहा, रोहित मोदनवाल, लक्ष्मीकांत शर्मा, पत्रकार मंगला प्रसाद पटेल समेत ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।गंगा महोत्सव के दौरान आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह की क्षेत्र में व्यापक सराहना हुई। आयोजकों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का विवाह संपन्न कराना एक पुण्य कार्य है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

इकाई प्रमुख ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया

● इफको फूलपुर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश, छात्रों व संविदा कर्मियों को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। इफको फूलपुर इकाई में चल रहे पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को छात्र-छात्राओं एवं संविदा कर्मियों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। सोमवार को कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल एवं ऊर्जा बचत, पौधरोपण तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

साथ ही छात्रों ने पर्यावरण से जुड़े विषयों पर अपने विचार भी साझा किए। इसके बाद दोपहर संविदा कर्मियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक उपायों, कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाए रखने और हरित वातावरण के निर्माण में व्यक्तिगत जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि इफको फूलपुर इकाई प्रमुख पीके सिंह ने कहा कि पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के माध्यम से विभिन्न वर्गों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान भी किया गया। कार्यक्रम में इफको अधिकारी संघ के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको

इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विजय कुमार यादव, महाप्रबंधक तकनीकी रत्नेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण उमेश कुमार, आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

गूगल मैप हादसे से चर्चा में आया रामगंगा पुल; 5 बार आपत्ति, 140 करोड़ का बजट... जानें डेढ़ साल बाद क्या है स्टेटस?

बरेली। रामगंगा नदी पर बदायूं के दातागंज में डेढ़ साल पहले हुई कार दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की जान चली गई थी। तब यहां से लेकर लखनऊ तक शोर मचा था। आइआइटी रुड़की के इंजीनियरों की टीम बुलाकर सर्वे कराया गया था। उनके सुझाव के अनुरूप लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम ने क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के लिए 140 करोड़ का एस्टीमेट शासन को भेजा गया है। लखनऊ में वित्त कमेटी पांच बार फाइल पर आपत्ति लगाकर लौटा चुकी है। विभागीय अभियंताओं ने फिर आपत्ति दूर करा दी है, लेकिन बजट कब तक जारी होगा, अभी कोई संकेत नहीं मिल सके हैं। विगत 24 नवंबर 2024 की रात नोएडा के तीन युवक कार से निकले और गुगल मैप के सहारे उस पुल पर पहुंच गए। कार पुल से नीचे गिर जाने से तीनों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद पुल के दोनों तरफ पक्की दीवार चलाई गई। लोक निर्माण विभाग के दो इंजीनियरों को निलंबित कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुल की मरम्मत कराने के लिए आइआइटी रुड़की के इंजीनियरों से सर्वे कराकर उनकी राय ली गई। अध्ययन रिपोर्ट में पुल की लंबाई 150 मीटर बढ़ाने के सुझाव दिए गए। उसी के आधार पर लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम 140 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया, जिसे विभागीय अधिकारियों ने शासन को भेजा था। वित्त कमेटी में महीनों से इसका अध्यय किया जा रहा है। पांच बार आपत्ति लगाकर एस्टीमेट वापस किया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकरण में दुर्घटना से लेकर कार्रवाई तक की पूरी रिपोर्ट पहले ही भेजी जा चुकी है। अब जो आपत्ति लगाई गई थी, उसका भी निस्तारण करा दिया गया है। अधीक्षण अभियंता केके सिंह ने बताया कि आपत्ति का फिर निस्तारण करवा दिया गया है। वित्त कमेटी की स्वीकृति के बाद बजट का आवंटन होने पर ही क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत कराई जाएगी।

पति को 'वो' के साथ देखकर बेकाबू हुई पत्नी, कार के बोनट पर लटककर 100 मीटर तक घिसटी

बरेली में हाई-वोल्टेज ड्रामा! कार में पति को दूसरी महिला के साथ देखकर बोनट पर लटकी पत्नी, 100 मीटर तक घिसटी। आक्रोशित भीड़ ने की पिटाई, वीडियो वायरल

भमोरा (बरेली)। क्षेत्र के देवचरा-बल्लिया मार्ग पर शनिवार शाम को पति, पत्नी व कथित प्रेमिका के बीच जमकर हंगामा हुआ। कार में पति के साथ दूसरी महिला को देखकर महिला ने कार रोकने का प्रयास किया। स्पीड ब्रेकर पर कार धीमी होते ही वह कार के बोनट पर वाइपर पकड़कर लटक गयी व सौ मीटर तक लटकी रही। मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पति व कथित प्रेमिका के विरुद्ध प्राथमिकी लिख ली है। क्षेत्र के गांव कटका रमन निवासी गोदावरी उर्फ उषा कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम करीब सात बजे वह अपने सात वर्षीय पुत्र विराट के साथ देवचरा चौराहे पर गांव जाने के लिए खड़ी थी। इसी दौरान उसका पति नेत्रपाल गांव की पंचायत सहायक साधना के साथ कार से वहां पहुंचा। पति को दूसरी महिला के साथ देखकर गोदावरी ने कार रोकने का प्रयास किया, लेकिन पति ने कार नहीं रोकी। फूल मंडी के पास स्पीड ब्रेकर पर कार की रफ्तार धीमी होने पर गोदावरी कार का वाइपर पकड़कर लटक गई। इसके बावजूद चालक ने कार की गति बढ़ा दी, जिससे वह करीब 100 मीटर तक कार के साथ घिसटती चली गई। यह नजारा देखकर राहगीरों और ग्रामीणों ने बाइक आगे लगाकर देवचरा-बल्लिया रोड पर कार को रुकवा लिया। कार रुकने के बाद लोगों ने चालक को बाहर निकलने के लिए कहा। इस दौरान कार आगे बढ़ाने की कोशिश होने पर आक्रोशित भीड़ ने कार का शीशा तोड़ दिया और चालक की पिटाई कर दी। वहीं पति के साथ मौजूद महिला को देखकर गोदावरी और साधना के बीच हाथापाई हुई। पूरे घटनाक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने वीडियो बना लिए, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वहीं, अपनी मां के साथ थाने पहुंची पंचायत सहायक साधना ने आरोपों को निराधार बताया। उसने कहा कि वह ब्लाक कार्यालय से घर लौट रही थी और रास्ते में गांव के नेत्रपाल मिल गए थे, जिनके साथ वह कार में बैठकर आ रही थी। देवचरा चौराहे पर नेत्रपाल की पत्नी ने उस पर बेवजह आरोप लगाते हुए मारपीट की। हालांकि उसने पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी। एसएचओ भमोरा पवन कुमार सिंह ने बताया कि गोदावरी की तहरीर पर पति नेत्रपाल और साधना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने भुरकुंडा में निकाला विरोध मार्च, केंद्रीय गृह मंत्री का किया पुतला दहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भुरकुंडा, झारखंडः- आदिवासी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बीते दिन हुरूमगढ़ा से भुरकुंडा तक विरोध मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित बयान का विरोध करते हुए भुरकुंडा जनता टॉकीज के समीप उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। मार्च में शामिल सैकड़ों आदिवासी महिला-पुरुष झंडा-बैनर लेकर हुरूमगढ़ा से भुरकुंडा मेन रोड तक पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने आदिवासियों को ह्यवनवासीह्न और ह्यसनातनीह्न बताए जाने का विरोध करते हुए इसे उनकी पहचान और संस्कृति पर हमला बताया।सभा को संबोधित करते हुए आदिवासी संघर्ष मोर्चा के पतरातू प्रखंड संयोजक नरेश बड़ाइक, रामगढ़ जिला अध्यक्ष जयबीर हांसदा, देवानंद गोप, मनोज मुर्मू, दशाराम हेंब्रोम, ब्रह्मदेव मुर्मू एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समुदाय की अपनी स्वतंत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान है, जिसे कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन की रक्षा, धर्म कोड की मान्यता तथा अपनी स्वायत्त पहचान के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी इतिहास, संस्कृति और अधिकारों को प्रभावित करने की साजिश की जा रही है, जिसके खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रदर्शन में सुनंदा देवी,गीता देवी, हीरा देवी,सुनीता देवी,बसंती देवी,शीला देवी, इंदु देवी,आयुषी मुर्मू, रीना हेंब्रोम,महक किस्कू, सीता सोरेन,प्रिंशी मुर्मू, अनीता सोरेन,सूरज मुर्मू, बबलू सोरेन,सचिन मुर्मू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

बरही वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी : धनबाद रोड एवं हजारीबाग रोड में बनेगा भव्य मार्केट, सर्वे कार्य पूरा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही विधानसभा क्षेत्र के विकास और स्थानीय व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक बेहद ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साझा प्रयासों से बरही के दो सबसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों धनबाद रोड एवं हजारीबाग रोड में आधुनिक मार्केट (दुकानों) का निर्माण कार्य होगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए आज दोनों चिन्हित स्थानों का विस्तृत सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया। बरही वासियों के लिए यह एक बड़ी सौगात है, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इस भव्य मार्केट का निर्माण सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव और जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता के विशेष दिशा-निर्देशन एवं उपायुक्त व उप विकास आयुक्त के कुशल प्रशासनिक सहयोग और प्रयासों का परिणाम है।

चलने-फिरने में असमर्थ पराधी कुमारी ने लगाई मदद की गुहार, प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

● विधायक मनोज कुमार यादव के निर्देश पर बीडीओ ने परिजनों को बुलाया, दिव्यांग पेंशन व इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही प्रखंड के शांति नगर निवासी 15 वर्षीय पराधी कुमारी बचपन से ही गंभीर दिव्यांगता से जूझ रही हैं। उनकी शारीरिक स्थिति ऐसी है कि वह स्वयं चलने-फिरने में असमर्थ हैं। दिव्यांगता के कारण उनकी पढ़ाई भी बीच में छूट गई है। परिजनों के अनुसार पराधी न तो सामान्य रूप से चल सकती हैं और न ही घिसटकर आगे बढ़ पाने में सक्षम हैं। ऐसी स्थिति में उनकी मां सरिता देवी उन्हें गोद में उठाकर घर के अंदर-बाहर ले जाने को मजबूर हैं। पराधी कुमारी ने अपनी समस्याएं बताते हुए बेहतर इलाज, दिव्यांग पेंशन तथा स्कूल आने-जाने के लिए इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उन्हें आवश्यक सुविधाएं मिल जाएं तो वह दोबारा शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। मामले को युवा सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव और जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया है। इसके बाद मामले पर त्वरित प्रतिक्रिया देखने को मिली। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त को आवश्यक कार्रवाई करने तथा पराधी कुमारी को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने भी सक्रियता दिखाते हुए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण विभाग को आवश्यक पहल करने को कहा। प्रशासनिक निर्देश के बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरही के प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने पराधी कुमारी के परिजनों को प्रखंड कार्यालय बुलाकर आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। संबंधित योजनाओं के तहत उन्हें दिव्यांग पेंशन, चिकित्सा सहायता तथा आवागमन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इस पहल से पराधी कुमारी और उनके परिवार में मदद मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द चिकित्सा सुविधा, दिव्यांग पेंशन और इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाए, ताकि वह सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें और अपनी शिक्षा को फिर से आगे बढ़ा सकें।

नहरों में न सफाई न पानी आने से किसान बेहाल

● गन्ना व धान की पौध पर उत्पन्न हुआ संकट विभाग मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विश्व देव राठौर

बरेली/ क्योलड़िया - क्षेत्र की कैलाश रजवाहा,नकटी रजवाहा,नवदिया रजवाहा आदि नहरों में पिछले कई महीनों से पानी न आने के कारण किसानों के सामने सिंचाई का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पिछले कई महीने से नहरों में पानी नहीं आने से फसलें सूखने लगीं हैं। जबकि खेतों में धान की रोपाई को लेकर भी किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। उन्होंने नहरों में पानी की मांग की है। क्योलड़िया के गांव धनौर जागीर, नवादा, दलेल नगर, मोहम्मद पुर बकुचिया, नकटिया,नवदिया, परतीतपुर, बिहारीपुर प्रीतम राम,करुआ साहबगंज, कटैया, सरौरा, डंडिया नजमुल निशा, ढकिया वरकली साहब, तिगरी, डंडिया सफदर अली, नकटी नारायणपुर, सिठौरा, नौगवां भगवंतपुर, समेत सैकड़ों गांवों के किसान फसलों की सिंचाई को लेकर परेशान हैं। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में गन्ने की खेती में पानी की आवश्यकता है, लेकिन नहरों में पानी न होने से फसल सूखने का खतरा मंडरा रहा है। धान की रोपाई के लिए भी पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है। लेकिन कई महीनों से नहरों में पानी नहीं आने से खेतों की नमी खत्म होने से कई स्थानों पर खेतों में दरारें दिखने लगी है। किसानों ने आरोप लगाया कि नहरें सूखी पड़ी हैं। वह सिंचाई कैसे करें।

ट्यूबवेल का सहारा भी महंगा

किसानों का कहना है कि आर्थिक रूप से सक्षम किसान निजी ट्यूबवेल के जरिए किसी तरह फसलों को बचाने में लगे हैं, लेकिन गरीब किसानों के लिए महंगे डीजल के कारण सिंचाई कर पाना मुश्किल हो गया है। लगातार बढ़ती गर्मी के बीच सब्जी, मेंथा, चरी और धान की नर्सरी समेत अन्य फसलें पानी के अभाव में प्रभावित हो रही हैं। किसानों के अनुसार करीब कई माह से नहर में पानी नहीं आया है। इससे पहले से लगी फसलें सूखने लगी हैं, जबकि जिन किसानों को रोपाई करनी है, वे नहर में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं।

अधिकारियों से शिकायत बेअसर

किसानों का आरोप है कि उन्होंने कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। किसानों ने मांग की है कि शारदा खंड मुख्य नहर और उससे जुड़ी माइनरों में जल्द पानी छोड़ा जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते सिंचाई की व्यवस्था नहीं हुई तो गन्ना, धान समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान होगा और किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। जेई शारदा नहर खंड पीलीभीत सचिन वर्मा ने बताया कि अभी कैलाश रजवाहा में पक्का काम चल रहा है। जल्द पानी भेजा जायेगा। अन्य माइनरों में भी किसानों को सिंचाई के लिए प्राप्त पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

विवाहिता पर नाबालिग को भगाने का आरोप, एक माह बाद पिता की सुपुर्दगी में लौटा किशोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

बरेली/क्योलड़िया- आमतौर पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामलों में युवक आरोपित बनता है, लेकिन क्योलड़िया क्षेत्र में सामने आए एक मामले ने सभी को चौंका दिया। यहां एक विवाहिता पर गांव के ही नाबालिग किशोर को अपने साथ ले जाने का आरोप लगा है। मामला बाल कल्याण समिति तक पहुंचा, जहां सुनवाई के बाद किशोर को उसके पिता की सुपुर्दगी में सौंपने के आदेश दिए गए। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नरेश पाल ने करीब एक माह पूर्व एक गांव की विवाहिता शिवानी, उसकी मां धर्मवती और भाई सौरभ के खिलाफ पुत्र को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि विवाहिता अपने पति के घर जाने के बजाय गांव के ही नाबालिग किशोर के साथ रहने लगी थी। जिस पर मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, बरेली के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं मजिस्ट्रेट दिनेश चंद तथा सदस्य डॉ. शीला सिंह और मोनिका गुप्ता ने सुनवाई के बाद किशोर को उसके पिता नरेश पाल की सुपुर्दगी में दिए जाने के आदेश जारी किए। आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी क्योलड़िया थाने के उपनिरीक्षक अरिमर्दन सिंह को सौंपी गई है। किशोर के पिता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजीव गंगवार ने बताया कि किशोर की आयु 17 वर्ष 11 माह है, जबकि आरोपित महिला की उम्र 23 वर्ष है। किशोर के नाबालिग होने के चलते समिति ने उसे पिता की देखरेख में भेजने का निर्णय लिया। इस मामले की क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है।

उर्दू पढ़ने आई किशोरी से इमाम ने किया दुष्कर्म

फिरोजाबाद। मस्जिद में उर्दू पढ़ने आई किशोरी से इमाम ने रविवार दोपहर दुष्कर्म किया। किसी तरह पकड़ से छूटी किशोरी बाहर रोते हुए निकली और घर जाकर उसने आपबीती बताई तो सनसनी फैल गई। स्वजन के साथ ही काफी संख्या में लोग पहुंच गए। हालांकि आरोपित मौके से भाग गया। पुलिस ने मामले में इमाम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। घटना रामगढ़ स्थित जन्नती मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे की बताई गई है। रामगढ़ में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी वहां पढ़ने गई थी। स्वजन के अनुसार पढ़ाई समाप्त होने के बाद अन्य बच्चे चले गए तो इमाम जाकिर ने उससे पीने के लिए पानी मंगाया। वह पानी लेकर गई तभी उसे अपने कमरे में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह किशोरी ने अपने आप को छुड़ाया और रोते हुए बाहर निकली। जिससे आसपास के लोग एकत्र हो गए। किशोरी ने घर जाकर अपनी मां को पूरी बात बताई तो स्वजन और मुहल्ले के लोग मस्जिद पर पहुंच गए। मां की सूचना पर पुलिस भी आ गई। तब तक आरोपित भाग गया। इंस्पेक्टर संजीव दुबे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य लिए।

ट्रांसफार्मर खराब होने से जेरूआ में छाया अंधेरा

नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः- नारायणपुर प्रखंड के टोपाटांड़ पंचायत के जेरुआ गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में अंधेरा छा गया है। पिछले छह जून को मौसम खराब होने व बिजली कड़कने के कारण जेरुआ गांव में लगा 63 कवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है, जिसे बनाया नहीं जा सका है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव के लोग तीन दिनों से अंधेरे में है। जेरूआ अब्दुल अजीज, अब्दुल करीम, इलियास मियां, रसूल मियां, मो तनवीर आदि ने कहा कि इस संबंध विभाग को सूचना देकर पहल की मांग की गई है। बताया कि जिले के कार्यपालक अभियंता को आवेदन देखकर 100 कवीए का नया ट्रांसफर लगाने की मांग की गई है। उक्त लोगों ने कहा कि बिजली नहीं रहने के कारण काफी परेशानी हो रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही है। उक्त लोगों ने कहा कि हम लोगों को उम्मीद है जल्द ही विभागीय पहल होगी और गांव को नया ट्रांसफार्मर मिलेगा। गौरतलब है कि जामताड़ा ग्रिड से नारायणपुर के जंगलपुर स्थित विद्युत सब स्टेशन को बिजली मिलती है फिर यहीं से क्षेत्र में सप्लाई की जाती है।

बरही में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और अपराध नियंत्रण पर जोर

● अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के निष्पादन और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग झारखंडः- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर की अध्यक्षता में सोमवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अनुमंडल क्षेत्र के सर्किल इंस्पेक्टर सहित सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की के मामलों में तेजी लाने तथा नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। थाना स्तर पर आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साइबर अपराध, अवैध गतिविधियों और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर भी कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान विभिन्न थानों के लंबित मामलों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पदमा थाना प्रभारी संचित दुबे, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी सहित अनुमंडल क्षेत्र के अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

चौपारण की श्री जगन्नाथ रथयात्रा बनेगी ऐतिहासिक

● तीन दिवसीय महोत्सव में उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः- धार्मिक आस्था और जनसहभागिता का प्रतीक बन चुकी चौपारण की श्री जगन्नाथ रथयात्रा अब राज्यस्तरीय पहचान हासिल करने लगी है। महज तीन वर्षों के भीतर इस आयोजन ने जिस तरह श्रद्धालुओं का विश्वास और जनसमर्थन अर्जित किया है, उससे इस वर्ष की रथयात्रा को लेकर उत्साह चरम पर है। आगामी 16 जुलाई को आयोजित होने वाली चौथी श्री जगन्नाथ रथयात्रा महा महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को माँ तारा होटल में यात्रा प्रबंधन समिति की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने की। बैठक में चौपारण, इटखोरी, मयूरहंड, बरही, पदमा एवं चंदवारा सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे प्रमुख लोगों ने भाग लिया। विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस वर्ष रथयात्रा को तीन दिवसीय महामहोत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समिति के अनुसार 16 जुलाई को सियरकोनी स्थित बैद्यनाथ नगर से भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र की प्रतिमाओं को वाहन के माध्यम से चौथी मोड़ तक लाया जाएगा। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भगवानों को भव्य रथ पर विराजमान कर मौसीबाड़ी बिगहा हनुमंत मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा। यहां दो दिनों तक भगवान विश्राम करेंगे। तीसरे दिन पारंपरिक घुमती रथयात्रा निकाली जाएगी, जो पुनः सियरकोनी मंदिर तक पहुंचेगी। बैठक में यह अनुमान व्यक्त किया गया कि इस वर्ष के आयोजन में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता हो सकती है। बढ़ती लोकप्रियता और व्यापक जनसमर्थन को देखते हुए समिति ने सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल के संस्थापक श्रीमान दास गजाधर प्रभु ने रथयात्रा की आध्यात्मिक महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होना स्वयं में एक महान पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, समर्पण और सामाजिक एकता का महापर्व है। समिति अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने सभी सदस्यों से पूर्व वर्षों की तरह तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। वहीं समिति सचिव राजदेव यादव ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी। रथ यात्रा संयोजक अभिषेक सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में चौपारण की रथयात्रा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगी। उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि क्षेत्रवासियों के अभूतपूर्व सहयोग के कारण ही इतना विशाल आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। बैठक के दौरान सभी अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक आदित्य सिंह, रसिक सिंह, मनोज सिंह, बीरेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, गुरुदेव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहु, रामस्वरूप पासवान, आशीष सिंह, रंजीत चंद्रवंशी, रिशु बर्णवाल, सहदेव यादव, मुखिया सुनीता देवी, गंदौरी दांगी, रणवीर भगत, कृष्णा रविदास, आजाद भुइंया, सतेन्द्र सिंह, बलराम दांगी, राम सिंह, कोषाध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता, उपसचिव सुमन सिंह, विवेक सिंह, कैलाश सिंह, पंकज सिंह, मनोज मिश्रा, भुनैश्वर यादव, दयानंद केशरी, नंदू केशरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बेहराबाद निवासी महावीर पाण्डेय का निधन, बराकर नदी श्मशान घाट पर हुआ अग्नि संस्कार

● धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे महावीर पाण्डेय, रामायण के प्रकांड ज्ञाता के रूप में थी विशेष पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही प्रखंड अंतर्गत बेहराबाद निवासी एवं धार्मिक प्रवृत्ति के वरिष्ठ नागरिक महावीर पाण्डेय 95 वर्ष का रविवार को नई दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों एवं क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को बराकर नदी स्थित श्मशान घाट पर पूरे विधि-विधान एवं गाजे बाजे के साथ उनका अग्नि संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। महावीर पाण्डेय अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार में दो पुत्र, बहुएं, पोते-पोतियां सहित अन्य परिजन हैं। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महावीर पाण्डेय धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए जाने जाते थे। क्षेत्र में उनकी पहचान एक धर्मनिष्ठ एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति के रूप में थी। वे रामायण के प्रकांड ज्ञाता थे और धार्मिक आयोजनों, कथा-प्रवचनों तथा सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी। धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी गहरी आस्था के कारण समाज में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। उनके दोनों पुत्र पवन पाण्डेय एवं पंकज पाण्डेय ने इस दुखद घटना को पीड़ादायक बताया। कहा कि एक पिता के खोने का दर्द बहुत ही असहनीय है। बताया कि उनके पिताजी महावीर पाण्डेय का जीवन सादगी, सेवा और आध्यात्मिक मूल्यों से परिपूर्ण था। उन्होंने अपने जीवनकाल में लोगों को धार्मिक और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया। उनके निधन से परिवार एवं क्षेत्र ने एक सम्मानित एवं मार्गदर्शक व्यक्तित्व को खो दिया है। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि महावीर पाण्डेय का योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा और उनकी सीख आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

स्मार्ट बिजली मीटर का बिल अब वॉट्सएप पर, चैट बोट के जरिए उपभोक्ता पाएंगे जानकारी

फिरोजाबाद। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने लोगों की सुविधा के लिए एक वाट्सएप नंबर जारी किया है। इस नंबर पर चैट बोट की सुविधा दी गई है। उपभोक्ता अपना कनेक्शन नंबर डालकर आसानी से बिल की जानकारी कर सकते हैं। इसके साथ किसी अन्य समस्या के लिए भी संदेश भेज सकते हैं, उसका सही जवाब आसानी से मिल सकेगा। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने, शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए विद्युत विभाग ने शहर में 70 हजार घरों और कमर्शियल प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगवाए हैं। इसके बाद सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पर बिल भेजने की व्यवस्था की गई है। अधीक्षण अभियंता शहर विजय मोहन खेड़ा ने बताया कि शहर में 64 हजार स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के जून के बिल उनके मोबाइल नंबर पर भेजे जा चुके हैं। बाकी के बिल भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को अब तक बिल नहीं मिला है, वह चेट बोट के नंबर 8010957826 अथवा यूपीपीसीएल डाट ओआरजी के माध्यम से आसानी से बिल प्राप्त कर

संक्षिप्त खबरें

नेहरू नगर स्थित शीतला माता मंदिर में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन

भक्ति गीतों से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर

आरती के बाद वितरित किया गया प्रसाद

ललितपुर। मोहल्ला नेहरू नगर स्थित अम्बेडकर तिराहा के पास श्रीशीतला माता मंदिर एवं हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। महिलाओं द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मां शीतला और देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भक्ति गीत एवं भजन प्रस्तुत किए। मधुर भजनों की स्वर लहरियों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भजनों का आनंद लेते रहे और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भजन-कीर्तन के समापन पर महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ विधिवत मां शीतला माता की आरती उतारी तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर 9 जून को डीएम को सौंपा जाएगा सात सूत्रीय ज्ञापन

» जिला उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय

» अमृत योजना के तहत खोदी गई सड़कों पर जताई चिंता

ललितपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल ललितपुर की कोर कमेटी की बैठक रविवार सायं 7 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई ने किया। बैठक में प्रांतीय कार्यालय से प्राप्त पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के आह्वान पर व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तैयार सात सूत्रीय ज्ञापन 9 जून को जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा जाएगा। इसके लिए मंगलवार 9 जून को प्रातः 10 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में नगर क्षेत्र में संचालित अमृत योजना के अंतर्गत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन के कारण सड़कों की खुदाई पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि बरसात का मौसम निकट है और सड़कों की मरम्मत न होने से आम जनता एवं व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की कि वर्षा शुरू होने से पहले खोदी गई सड़कों को शीघ्र भरवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। बैठक में मनीष सड़ैया, जिलाध्यक्ष सुरेश बडेरा, महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, प्रदेश युवा मंत्री अजय सोनी, नगर अध्यक्ष पं.नवनीत किलेदार, नगर महामंत्री समय समैया, राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, विनोद जैन, मगन सोनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

धर्मशाला व मंदिर मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग

चौकी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। विश्वकर्मा झा समाज के लोगों ने सोमवार को विश्वकर्मा झा समाज धर्मशाला के सामने तथा नाराहट-अमझरा मंदिर की मुख्य सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर अमझरा-नाराहट चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि धर्मशाला के सामने एवं मंदिर मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटाकर मार्ग को सुगम बनाया जाए, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। चौकी प्रभारी ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। सुंदर झा, गेंदालाल झा, सतीश झा, पंकज झा, सोनू झा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

रोजगार मांग रही वाल्मीकि समाज की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

● संविदा सफाई कर्मचारी पर लगाए गंभीर आरोप, डीएम से जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। बाल्मीकि समाज की बेरोजगार महिलाओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर नगर पालिका परिषद ललितपुर में तैनात एक संविदा सफाई कर्मचारी एवं कार्यवाहक स्वास्थ्य नायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि रोजगार की मांग को लेकर चलाए जा रहे उनके अभियान को बदनाम करने और प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि वाल्मीकि समाज की कई बेरोजगार महिलाएं लंबे समय से नगर पालिका और जिला प्रशासन से रोजगार उपलब्ध कराने की मांग कर रही हैं। महिलाओं का आरोप है कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञापनों और रोजगार संबंधी मांगों को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है तथा उन पर और उनके समर्थकों पर निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि 24 मई 2026 को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को तथा बाद में जिलाधिकारी और मंडलायुक्त झांसी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। आरोप है कि इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके आंदोलन को कमजोर करने और भ्रम फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की टिप्पणियां और आरोप लगाए गए। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि यदि किसी महिला से किसी प्रकार की अवैध वसूली की गई होती तो वह स्वयं इसकी शिकायत करती। महिलाओं का कहना है कि रोजगार की मांग को लेकर चल रहे अभियान को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। ज्ञापन में संबंधित कर्मचारी पर अपने पद का दुरुपयोग करने, मनमाने तरीके से कर्मचारियों को हटाने और अपने परिजनों को लाभ पहुंचाने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

महिलाओं ने दावा किया कि पूर्व में भी इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मचारी द्वारा उपस्थिति रजिस्टर और स्थानांतरण प्रक्रिया में अनियमितताएं की गईं। महिलाओं का कहना है कि कई मामलों में शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से संबंधित कर्मचारी के हौसले बढ़ गए हैं। महिलाओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही नगर पालिका में रिक्त पदों पर जरूरतमंद बेरोजगार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। महिलाओं का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना है और वे चाहती हैं कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की अपील की है। प्रदर्शन के दौरान आरती, पूनम, सपना, सीमा, राधा, किरन, नीतू, संजना, काजल, करनजीत, प्रीति, काजल, ज्योति, किरन, अरूना, सुषमा, नविता, रंजना, नविता, सरोज, शीतल, नीतू, आरती, वंदना, आरती, अनीता, नेहा, वर्षा, प्रभा, रेखा, पूजा, नेहा, नीतू, काजल, हेमा, कंचन, भारती, रंजीता, आरती, कल्पना, सपना, सरोज, नेहा, अमिता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश

जिला टास्क फोर्स की बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा

सोनभद्र/उत्तर प्रदेश - कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स नियमित टीकाकरण कार्यक्रम एवं आगामी पल्स पोलियो अभियान (28 जून 2026) की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा अभियान की तैयारियों, माइक्रोप्लान, प्रशिक्षण, निगरानी एवं नियमित टीकाकरण की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधियों द्वारा गत चरण की उपलब्धियों एवं कमियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दिसम्बर-2025 चरण में चिन्हित कमियों का प्रभावी निराकरण करते हुए पल्स पोलियो अभियान जून-2026 की सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने यू-विन पोर्टल पर प्रदर्शित एंटीजनवार ओवरड्यू बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं डाटा अपलोड एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक टीकाकरण सेवाएं पहुंचाकर जनपद में शत-प्रतिशत प्रतिरक्षण का लक्ष्य प्राप्त किया जाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी रमेश कुमार मिश्रा, डॉ0 गिरधारी लाल, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया दूध से रुद्राभिषेक पूजन

● वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री जी की कथा सुनकर भक्तगण हुए भाव विभोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश- रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर प्रांगण में सोमवार को चौथे दिन नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ में प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। वहीं शिव मंदिर में दूध से रुद्राभिषेक पूजन कराया गया। आरती पूजन के दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारों से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री जी की कथा श्रवण कर भक्तगण भाव विभोर हो गए। रात्रि में रासलीला का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज के चौथे दिन आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में पूजन व आरती कराया गया। इसके अलावा शिव मंदिर में दूध से रुद्राभिषेक पूजन कराया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री जी की कथा श्रवण कर भक्तगण भाव विभोर हो गए। रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया, जिसका श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया। भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार, विजय सिंह, इंद्रवीर, केवलानंद महाराज, हरिनंद, कृष्ण, डुग्गू, हर्ष, दिनेश, उषा देवी, चिंता मौर्य, उर्मिला देवी, कलावती देवी, प्रहलाद, रामरक्षा, छोटू, बिमलेश, विश्वनाथ, स्वामी हरिनाथ, दाऊदयाल, राजेश, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना बाबा, कालो देवी, विमला देवी, शशि देवी, हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।

केमिकल से पकाए जा रहे आम, लोगों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

● हर क्रेट के साथ मिल रहे केमिकल पाउच

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

क्रेट में आम के बीच पड़ी कैमीकल की पुडिया

ललितपुर। गर्मी के मौसम में आम की बढ़ती मांग के बीच बाजार में केमिकल से पकाए गए आमों की बिक्री धड़ल्ले से होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। जानकारों के अनुसार कई व्यापारियों द्वारा कच्चे आमों को कृत्रिम रूप से जल्दी पकाने के लिए रासायनिक पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की सेहत पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। बताया जाता है कि आम की प्रत्येक क्रेट के साथ चार से छह केमिकल पाउच दिए जा रहे हैं। इन रसायनों के प्रभाव से कच्चे आम कुछ ही घंटों में पीले होकर पके हुए दिखाई देने लगते हैं। हालांकि बाहरी रूप से आकर्षक दिखने वाले ये फल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि केमिकल से पकाए गए फलों के लगातार सेवन से पेट संबंधी समस्याएं, एलर्जी, उल्टी, दस्त, सिरदर्द तथा अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके बावजूद बाजार में ऐसे आमों की बिक्री खुलेआम जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट तथा फलों के रस की दुकानों पर नियमित जांच नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर विषय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को विशेष अभियान चलाकर जांच करनी चाहिए, ताकि मिलावटी और केमिकलयुक्त फलों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। नागरिकों ने मांग की है कि बाजार में बिक रहे आमों और अन्य फलों के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को भी जागरूक किया जाए कि वह प्राकृतिक रूप से पके हुए फलों की पहचान कर सकें और अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सकें।

जनता का सवाल

बाजार में रोजाना बिक रही खाद्य सामग्री, फल-फ्रूट और फलों के रस की गुणवत्ता की निगरानी किस प्रकार की जा रही है? यदि केमिकलयुक्त फलों की बिक्री हो रही है तो संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं दिखाई दे रही? यह सवाल आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

ललित टॉकीज के पास वृद्ध का शव मिलने से मचा हड़कंप

अस्पताल पहुंचाने में हुई देरी पर उठे सवाल, मृतक की पहचान दतिया निवासी के रूप में हुई

ललितपुर। शहर के कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत ललित टॉकीज के पास सोमवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। शव को सड़क किनारे पड़े देख स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और वृद्ध की पहचान तथा घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध काफी समय से मौके पर पड़ा हुआ था, लेकिन किसी ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध को तत्काल मेडिकल कॉलेज ललितपुर भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पहचान एवं परिजनों के आने तक मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान रज्जन प्रसाद जोशी निवासी जिला दतिया (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है तथा मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी व्यक्ति के असहाय अवस्था में मिलने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वयोवृद्ध कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर ऊर्जा का किया संचार

● कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- बुंदेलखंड क्षेत्र के दौरे पर आए भाजपा उप्र के अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी रविवार की शाम कोंच पहुंचे जहां कई स्थानों पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान एक ओर जहां प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ वयोवृद्ध कार्यकर्ताओं को उनके घर जाकर सम्मानित किया वहीं दूसरी ओर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संगठन और सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का प्रचार प्रसार कर आगामी विधानसभा चुनाव में अभी से सक्रिय होने के लिए उनमें ऊर्जा का संचार किया।

अपने लंबे काफिले के साथ कस्बा जालौन से होते हुए प्रदेश अध्यक्ष कोंच आए और सबसे पहले मोहल्ला गांधीनगर में रहने वाले जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा के वयोवृद्ध कार्यकर्ता डॉ रामस्वरूप खरे के घर पहुंचे। यहां पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ रामस्वरूप और उनकी धर्मपत्नी उमा खरे सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता सर्वाचरण वाजपेई, ओमप्रकाश अग्रवाल एड., केशरीमल तरसौलिया, शंभूदयाल स्वर्णकार, भोले गुप्ता, प्रो वीरेंद्र सिंह आदि को भगवा पट्टिका ओढ़ाकर सम्मानित कर उनकी कुशलक्षेम जानी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं ठीक बगल में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अपने निवास पर प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। प्रदेश अध्यक्ष यहां से सीधे उरई रोड स्थित अभिलाषा पैलेस पहुंचे जहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत सम्मान किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार कर आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से अभी से जुट जाने का आह्वान किया।

इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष, माधोगढ़ विधायक, जिलाध्यक्ष और पालिकाध्यक्ष के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, एमएलसी रमा निरंजन, नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र निरंजन शीलू सहित भाजपा नगर, जिला और क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सदस्य एवं नेता कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे। इससे पहले पंचानन चौराहे पर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यहाँ पर विधायक मूलचंद्र निरंजन और उनके पुत्र आशु निरंजन ने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। मारकंडेश्वर तिराहे पर नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल की अगुवाई में नगर इकाई के पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। ग्राम भेंड़ में भी प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष की सुरक्षा के मद्देनजर सीओ परमेश्वर प्रसाद के निर्देशन और कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था चुस्त रही।

विधायक द्वारा सफल टूर्नामेंट का आयोजन पीएम, सीएम के संकल्प को बढ़ाता है- पंकज चौधरी

● माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष का सिक्कों और फलों से किया तुलादान

कोंच(जालौन)- माधोगढ़ विधायक खेल महोत्सव के तहत नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी का विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित पूरी आयोजन टीम द्वारा सिक्कों एवं फलों से तुलादान किया गया। अपने इस अनूठे और अविस्मरणीय तुलादान होने पर प्रदेश अध्यक्ष अभिभूत नजर आये। इस दौरान उत्साही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की आमजनता ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जय श्रीराम, भारत माता की जय, वंदे मातरम सहित प्रदेश अध्यक्ष और माधोगढ़ विधायक जिंदाबाद के खूब नारे लगाए।

फाइनल मैच में सैंडी इलेवन टीम विजेता और प्रधान इलेवन टीम रही उप विजेता

कोंच(जालौन)- माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांच से परिपूर्ण फाइनल मैच में प्रधान इलेवन जालौन की टीम ने पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 15 ओवरों में 118 रनों का लक्ष्य सैंडी इलेवन कोंच की टीम को दिया। सैंडी इलेवन की टीम के धाकड़ बल्लेबाज अर्जुन की शानदार अर्धशतक की बदौलत सैंडी इलेवन टीम एक ओवर पहले ही लक्ष्य प्राप्त कर टूर्नामेंट की विजेता बन गई। विधायक मूलचंद्र निरंजन द्वारा पुरस्कार स्वरूप विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार और उप विजेता टीम को 75 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। मैन ऑफ द टूर्नामेंट के रूप में प्रधान इलेवन टीम के खिलाड़ी पवन राजावत को ई-बाइक, शील्ड और नगद राशि भेंट की गई। खिलाड़ी अनूप कुशवाहा को टूर्नामेंट बेस्ट बॉलर, पवन राजावत को बेस्ट बैट्समैन एवं शिव सक्सेना को बेस्ट फील्डर के लिए ट्रॉफी सहित नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं फाइनल मैच खेलने वाली दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों एवं फाइनल मैच के मेन ऑफ द मैच के लिए खिलाड़ी अर्जुन को भी शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच देखने के लिए हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग मैदान के चारों ओर जमे रहे।

कोंच (जालौन)- विधायक खेल महोत्सव के तहत माधोगढ़ विधायक द्वारा पूर्ण अनुशासित और व्यवस्थित तरीके से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का जो इतना भव्य और सफल आयोजन संपन्न कराया गया है, निश्चित रूप से यह आयोजन पीएम और सीएम के संकल्प और विश्वास को बढ़ाता है। विशाल मैदान के चारों ओर क्षेत्रवासियों की हजारों की भीड़ यह साबित करती है कि माधोगढ़ विधायक के प्रति क्षेत्र की जनता का प्यार, विश्वास और आशीर्वाद है, यह उद्गार भाजपा उप्र के अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन के आयोजकत्व में बीती 20 मई से तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में चल रहे माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार की रात खेला गया। फाइनल मैच में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी मुख्य अतिथि एवं उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान सहित अन्य कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ पदाधिकारी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन कर और फिर ग्राउंड में पहुंचकर फाइनल मैच खेल रही प्रधान इलेवन जालौन और सैंडी इलेवन कोंच की टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय लिया जिसके बाद उन्होंने टॉस कराया और फिर राष्ट्रगान हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं हाथों में बैट थामकर बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने में यह टूर्नामेंट सहायक होगा। खेल हमेशा से ही चरित्र और व्यक्तित्व की प्रयोगशाला है। पीएम मोदी और सीएम योगी की सोच है कि भारत देश युवा शक्ति का देश बने और ग्रामीण युवा अपने सपनों को खेल के माध्यम से पंख लगा सकें। उन्होंने कहा कि माधोगढ़ विधानसभा की धरती से खेल संस्कृति की जो हवा चली है वह अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणादाई होगी। वह प्रदेश में बहुत स्थानों पर खेलों के आयोजनों में शामिल हुए हैं लेकिन उन्हें इतना भव्य आयोजन यहां पर ही देखने को मिला है। वहीं आभार व्यक्त करते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता के सहयोग और आशीर्वाद से ही वह इतना अच्छा टूर्नामेंट आयोजित कर सके हैं और जनता का विश्वास भाजपा पार्टी के साथ है जो आगामी विधानसभा चुनाव में मूर्तरूप नजर आएगा। इस दौरान भरे मंच पर प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक के नाती श्रेय पटेल और नातिन पर्णिका नानू को पास बुलाकर उन्हें अपना प्यार दुलार दिया। इससे पहले टूर्नामेंट आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन महतवानी की अगुवाई में पूरी टीम ने प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर, चांदी का मुकुट पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। आयोजन स्थल के द्वार पर जेसीबी से की गई पुष्पवर्षा देखने लायक रही। इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, केशव सिंह सेंगर, राजेश सिंह सेंगर, झांसी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, अरविंद चौहान, रामकिशोर साहू, संजीव उपाध्याय, अनिल यादव, नागेन्द्र गुप्ता, उदयन पालीवाल, महिला नेत्री गुड्डी रानी पटेल झांसी, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोंच नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, नीमा अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन आदि मौजूद रहे।

आई0 जी0 आर0 एस0 शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

● जल निगम (ग्रामीण) के अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका

● असंतुष्ट फीडबैक बढ़ने पर तहसीलदार दूद्धी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/उत्तर प्रदेश- जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार स्थित जनसुनवाई कक्ष में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि अनेक प्रकरणों में शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त किए बिना ही आख्या अपलोड कर संदर्भों का निस्तारण कर दिया गया है, जिसके कारण असंतुष्ट फीडबैक की संख्या लगातार बढ़ रही है। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि शासन एवं मंडल स्तर से समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद शिकायतों के निस्तारण में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उसकी संतुष्टि सुनिश्चित करने की व्यवस्था पहले से उपलब्ध है, इसके बावजूद उसका अनुपालन न किया जाना अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। परिणामस्वरूप असंतुष्ट फीडबैक में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो शासन की मंशा के विपरीत है तथा पदीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक है। उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र के अधिशासी अभियन्ता, सहाय

संक्षिप्त खबरें

पुलिस भर्ती परीक्षा : पुलिस आयुक्त व डीए ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कानपुर। उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज, दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज एवं दयानंद विधि महाविद्यालय परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, सीसीटीवी निगरानी एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की सतर्कता का जायजा लेकर परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक का प्रतिनिधि मंडल नये बीएसए से की मुलाकात

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) प्रतापगढ़ के प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अशोक राय के नेतृत्व में सोमवार को नवांगतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देव व्रत सिंह से मुलाकात किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संगठन से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा के साथ विद्यालयों में नामांकन वृद्धि,पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य और विभिन्न विभागीय गतिविधियों में जनपद के रैंकिंग सुधार हेतु सहयोग मांगा और शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण में तत्परता बरतने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वैश्य,जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री राजीव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह, जिला संयुक्त महामंत्री/सदर अध्यक्ष डा. अजय सिंह, जिला मंत्री/शिवगढ़ अध्यक्ष सुशील द्विवेदी, जिला आडीटर विजय नारायण, आसपुर देवसरा अध्यक्ष देवेन्द्र पति तिवारी, मंगरौरा अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह,रामपुर संग्रामगढ़ अध्यक्ष डा.कामेश्वर मणि त्रिपाठी, मान्धाता अध्यक्ष अखिलेश सिंह, सण्डवा चन्द्रिका संयोजक नवनीत सिंह, मंगरौरा से अभिषेक सिंह और रामपुर संग्रामगढ़ से चिंतामणि तिवारी शामिल रहे।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालयः दीक्षांत समारोह से पूर्व अंतिम वर्ष के सभी परीक्षा परिणाम घोषित

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में आगामी 29 जून 2026 को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह के दृष्टिगत विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम समयबद्ध रूप से घोषित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। कुलपति प्रो0 कविता शाह ने अपने संदेश में कहा कि दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जानी हैं। इसके लिए यह आवश्यक था कि अंतिम वर्ष की सभी परीक्षाएं संपन्न कराकर उनका मूल्यांकन एवं परीक्षा परिणाम समय से घोषित कर दिया जाए। विश्वविद्यालय ने अत्यंत कम समय में परीक्षा आयोजन, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन तथा परीक्षा परिणामों की घोषणा का कार्य सफलता पूर्वक संपन्न किया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया गया है। परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव ने बताया कि इसी क्रम में सोमवार को बी.एड. द्वितीय वर्ष तथा बी.ए., बी.एससी. एवं बी.कॉम. षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए जा रहे हैं। इनके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम वर्ष की सभी प्रमुख परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं रोजगार संबंधी अवसरों में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा दीक्षांत समारोह में पात्र विद्यार्थियों को उनकी उपाधियां समय से उपलब्ध कराई जा सकें। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जहां विद्यार्थी अपना परिणाम देख सकते हैं। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर अविनाश प्रताप सिंह ने दी है।

ताकि पुलिस भर्ती परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थियों किसी परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। आज दिनांक 8 जून 2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात, कानपुर नगर रवीन्द्र कुमार द्वारा द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा के दृष्टिगत शहर के विभिन्न प्रमुख तिराहों/चौराहों एवं अस्पताल क्षेत्रों का स्थलीय एवं भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी यातायात द्वारा हैलट चौराहा, कार्डियोलॉजी चौराहा, गोल चौराहा, नन्दलाल चौराहा, चावला चौराहा, दीप तिराहा, बर्रा चौराहा ,सचान चौराहा, रमईपुर , एवं नौबस्ता चौराहा* सहित परीक्षा केन्द्रों से जुड़े प्रमुख मार्गों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, अभ्यर्थियों के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्गों की उपलब्धता, संभावित यातायात दबाव वाले स्थानों तथा सुरक्षा व्यवस्था का सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया।

डीसीपी द्वारा संबंधित यातायात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान यातायात को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक वाहन पार्किंग, अतिक्रमण एवं जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए, पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा निर्देश दिए गए कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक समय से पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा आमजन के आवागमन को भी सुगम बनाए रखने हेतु पर्याप्त यातायात पुलिस बल की तैनाती की जाए। निरीक्षण के दौरान यातायात संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान हैलट अस्पताल, कार्डियोलॉजी संस्थान एवं अन्य प्रमुख चिकित्सीय संस्थानों के आसपास यातायात का संचालन निर्बाध एवं सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए, जिससे मरीजों, तीमारदारों एवं आपातकालीन सेवाओं विशेषकर एम्बुलेंसों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों की ओर आने वाले अभ्यर्थियों एवं अस्पताल क्षेत्र में आने- जाने वाले नागरिकों

के मध्य यातायात का समुचित समन्वय स्थापित करते हुए जाम की स्थिति को रोकने हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।

द्वारा निर्देशित किया गया कि भर्ती परीक्षा के दौरान शहर के यातायात की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण स्थलों- घंटाघर चौराहा, झकरकटी बस अड्डा क्षेत्र, टाटमिल चौराहा, नौबस्ता चौराहा, रामादेवी चौराहा एवं बड़ा चौराहा- पर विशेष सतर्कता एवं प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए व यातायात का निर्बाध संचालन, जाम की रोकथाम तथा अभ्यर्थियों, आमजन एवं आपातकालीन सेवाओं के वाहनों के सुगम आवागमन हेतु समुचित व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए गए।

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने एवं लाइब्रेरी की व्यवस्था

कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून 2026 को आयोजित की जा रही है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऊषा डिफेन्स एकेडमी, कानपुर द्वारा निःशुल्क ठहरने एवं अध्ययन के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है। एकेडमी प्रबंधन के अनुसार, परीक्षा के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कानपुर पहुंच रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें परीक्षा अवधि के दौरान सुरक्षित आवास अथवा अध्ययन के लिए शांत वातावरण की आवश्यकता है, वे इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। प्रबंधन ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए सीमित संख्या में निःशुल्क आवास एवं अध्ययन कक्ष उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे परीक्षा से पूर्व अपनी तैयारी बेहतर ढंग से कर सकें।

एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने फतेहगढ़ में साइबर क्राइम के प्रति त्वरित कार्यवाही के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद फतेहगढ़ भ्रमण दौरान रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर साइबर अपराध, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, महिला एवं बाल सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं, प्रभावी अभियोजन, अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों तथा अन्य महत्वपूर्ण पुलिसिंग संबंधी विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित अनावरण, जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, संवेदनशील प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी चुनौतियों एवं प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता, उत्तरदायित्व एवं समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित

किया गया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं, कार्यालयों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, कार्यालयीय कार्यों की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस कर्मियों के कल्याण, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। गोष्ठी एवं निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

एक माह में 101 खोए मोबाइल बरामद, पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। शहर पुलिस और सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली है। पिछले एक माह के दौरान चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 101 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई। सर्विलांस टीम ने तकनीकी सहायता से मोबाइल फोन को ट्रेस कर विभिन्न स्थानों से बरामद किया। बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस द्वारा सभी पंजीकृत मोबाइल स्वामियों को बुलाकर विधिवत उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

अभियान की विशेष बात यह रही कि

बरामद मोबाइलों में कुछ ऐसे फोन भी शामिल हैं, जो वर्ष 2023 से गुम थे। करीब दो वर्ष बाद अपने मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस और सर्विलांस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों की खोई हुई संपत्ति वापस दिलाने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाते रहेंगे। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

बाइक की टक्कर से घायल किशोरी की मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से घायल किशोरी की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अवदर जेवई गांव निवासी जियालाल विश्वकर्मा की सत्रह वर्षीया पुत्री रूबी विश्वकर्मा रविवार की शाम करीब सात बजे दवा लेकर साइकिल से घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में गांव के ही एक बाइक सवार ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए किशोरी की साइकिल में टक्कर मार दी।

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने रूबी को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतका रूबी बीएससी की छात्रा थी। वह छः बहनों व दो भाईयों में सबसे छोटी थी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

अपराधियों पर शिकंजा कसने में जुटे तबादले के बाद गोविंद नगर पहुंचे नए इंस्पेक्टर अशोक दुबे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले यहां के पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कई थानेदारों में फेर बदल बदल किया है, जिसके क्रम में चकेरी अनवर गंज और किदवई नगर के बाद अब चुनौती पूर्ण गोविंद नगर की कमान इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे के हवाले की है। गोविंद नगर से पहले नौबस्ता, चकेरी ,जाजमऊ, घाटमपुर ,अनवरगंज और किदवई नगर में भी पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के मामले में इंस्पेक्टर अशोक दुबे की नेतृत्व कुशलता सदैव सफल रही है और अब कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा कठोर परिश्रम के साथ पीड़ितों के हित में अपराधियों के खिलाफ गोविंद नगर में भी सक्रिय है।

दरअसल पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल की मंशा चार्ज के मामले में केवल उन्हीं थानेदारों को महत्व देना है ,जो कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करते हुए अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करते हैं ,जिनमें इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे का भी नाम शामिल है। जहां तक प्रभारी निरीक्षक गोविंद नगर के रूप में तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है , उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपनी धुन के भी पक्के बेहद निडर और स्वाभिमानी इंस्पेक्टर अशोक दुबे ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले इंस्पेक्टर अशोक दुबे की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की

हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है, जिसके अनुरूप ही भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले इंस्पेक्टर अशोक दुबे जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। साथ ही उनकी निडरता कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकती। यही वजह है कि भौतिक संसार में हर स्तर की सक्षमता और संपन्नता से परिपूर्ण होने के बाद भी अहंकार शून्य 'शिवत्व' स्वभाव के इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे की कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

पुलिस चेकिंग में एक करोड़ रुपए की नशीला पदार्थ एमडी बरामद और पांच गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। पुलिस की विशेष टीम ने एक करोड़ रुपए की कीमत के एमडी के साथ बाइक व कार सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।आसपुर देवसरा थाना के एसओ राकेश चौरसिया व विशेष टीम प्रभारी विजेंद्र सिंह सैफाबाद चौकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह आदि के द्वारा रविवार की रात सैफाबाद से मुरैनी मार्ग पर चेकिंग दौरान एक अर्टिगा कार व एक बिना नम्बर प्लेट की बाइक को रोककर तलाशी करने पर 202.31 ग्राम नशीला पदार्थ मैथमफेटामाइन ड्रग्स (एमडी) बरामद की गई,जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने सूरज दुबे उर्फ दीपेश पुत्र अनन्त प्रसाद दुबे निवासी लच्छी पट्टी थाना सिंगरामऊ जौनपुर, दिव्यांशु दुबे उर्फ गब्बर पुत्र संजय दुबे निवासी उपरोक्त, आनंद मिश्रा पुत्र तीरथ राज मिश्रा निवासी सौराई थाना आसपुर देवसरा,आलोक शुक्ला पुत्र अशोक शुक्ला निवासी औगापुर आसपुर देवसरा, मंजीत मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी लखनीपुर थाना आसपुर देवसरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि एमडी के अवैध कारोबारी कुशु मिश्रा व छोटू मिश्रा के साथ करते है।ये दोनों नशे के बड़े सौदागर है और लम्बा अपराधिक इतिहास है और

इनका बड़ा भाई लवी मिश्रा पहले ही हरियाणा व दिल्ली पुलिस का शिकार हो चुका है,जिसे जेल भेजा गया था।पकड़े गए पांचों आरोपी पेशेवर नशा तस्कर हैं और कई अपराधिक मामलों मे मुकदमा दर्ज है।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के प्रथम दिवस डीसीपी सेंट्रल ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (PPRPB) द्वारा आयोजित पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के प्रथम दिवस रविवार को पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रथम पाली के दौरान डीसीपी सेंट्रल ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), जीआईसी गर्ल्स इंटर कॉलेज चुन्नीगंज, हरसहाय पीजी कॉलेज (पी. रोड), ज्वाला देवी विद्या मंदिर (आनंद बाग), सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज तथा गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी एवं अन्य आवश्यक

व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कार और लोडर की टक्कर में एक गंभीर रुप से घायल

कानपुर। रावतपुर थाना क्षेत्र के सिलेंडर चौराहे पर कार और लोडर के बीच भीषण टक्कर हो गई।

हादसे में कार सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नगर पालिका परिषद बेल्हा का विशेष स्वच्छता अभियान जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा जनपद में व्यापक स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 08 जून से 14 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान के प्रथम दिन जोगापुर कांशीराम कालोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पालिका की सफाई टीमों ने क्षेत्र में एकत्रित कूड़े का निस्तारण किया तथा चोक नालियों की साफ-सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया।बरसात के मौसम और संक्रामक रोगों की संभावनाओं को देखते हुए क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर एवं एंटी लार्वा दवाओं का

छिड़काव भी कराया गया, ताकि मच्छरजनित एवं अन्य संक्रामक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। अभियान के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई कार्यक्रम,जन-जागरूकता रैलियां एवं स्वच्छता संबंधी प्रचार-प्रसार गतिविधियां आयोजित की जायेगी। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करें, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

संदेह के लाभ में कोर्ट ने आरोपियों को किया बरी

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

लालगंज, प्रतापगढ़। अपर जिला जज की अदालत द्वारा घर में घुसकर मारपीट व धमकी के मामले मे आरोपियो को संदेह का लाभ देते हुए बरी किये जाने का आदेश पारित किया है। लालगंज कोतवाली के केदौरा गांव निवासी मिटठूलाल ने बीते वर्ष 2020 में गांव के आरोपी नन्हें लाल व उनके बेटे मनोज व लकी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व धमकी का केस दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने के बाद इसकी सुनवाई शुरू हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विनोद मिश्र के मुताबिक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने आरोपी नन्हें लाल व मनोज तथा लकी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

जनता को मंहगाई से राहत देने के बजाय पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही है मोदी सरकार- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने घरेलू गैस सिलेंडर के दामों मे बढ़ोत्तरी को मंहगाई में भारी इजाफे के जरिए पूंजीपतियों की तिजोरी भरने का तीखा हमला मोदी सरकार पर बोला है।सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल मे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह असंतुलित हो गयी है। सोमवार को लालगंज में पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि या तो पीएम मोदी को अर्थव्यवस्था को लेकर समझ नहीं है अथवा वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारी दबाव में वित्तीय क्षेत्र में राष्ट्रहित की अनदेखी करने को मजबूर हो गये हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एक बार फिर केंद्र सरकार ने एलपीजी घरेलू गैस सिलेण्डर में 29 रूपये प्रति सिलेण्डर की कीमत में भारी बढ़ोत्तरी की है। उन्होने कहा कि बीते सात मार्च को ही गैस सिलेण्डर की कीमत 60 रूपये प्रति सिलेण्डर बढ़ाई गयी थी। उन्होने कहा कि इसी वर्ष तीन महीने के भीतर ही घरेलू गैस की कीमत 79 रूपये प्रति सिलेण्डर बढ़ाई गयी है।उन्होने कहा कि एक सप्ताह पूर्व कामर्शियल गैस सिलेण्डर में भी 42 रूपये प्रति सिलेण्डर तथा 05 किलो के छोटे गैस सिलेण्डर की कीमत भी 11 रूपये बढ़ाई गयी थी।उन्होने कहा कि आश्चर्य है कि मोदी सरकार ने बीते बारह साल में घरेलू एलपीजी की कीमतों में साढ़े पांच सौ रूपये की भारी बढोत्तरी की है।सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जरूरी चीजों की कीमतो में बार बार हो रही बढ़ोत्तरी से नाराज जनता मोदी सरकार को सही समय पर करारा जबाब देगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने एक दिवसीय दौरे में ननौती, मंगापुर, पूरे बक्शी, उदयपुर, अठेहा, दलापटटी, लखहरा, सांगीपुर में भी लोगों से मिलकर स्थानीय विकास में सहयोग मांगा। ननौती तथा लालगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का

गर्मजोशी से स्वागत भी किया। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, मंटू उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, रामचंद्र तिवारी, आशीष कौशल, दारा सिंह, बीएन सिंह, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, त्रिभु तिवारी, अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, अक्षत तिवारी, शेरू खां, एबादुर्रहमान, बेलाल रहमानी, छोटे सिंह, विपिन शुक्ल, गुडडू सिंह, रामकृपाल पासी, शिवकुमार साहू आदि रहे।

कलयुगी बेटे ने मां को पीट-पीट कर उतरा मौत घाट, क्षेत्र में मचा हड़कप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के विशुनपुर खुर्द गांव में रविवार रात एक घटना सामने आई। शराब के नशे में अपनी पत्नी से मारपीट कर रहे एक युवक ने बीच-बचाव करने पहुंची अपनी मां को जमीन पर पटक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। मृतका कैलाशी देवी (60) के पति छोट्टन गिरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका सबसे छोटा बेटा सुनील गिरी रविवार रात शराब के नशे में अपनी पत्नी रूपा के साथ मारपीट कर रहा था इसी बीच कैलाशी देवी मौके पर पहुंचीं और विवाद शांत करने की कोशिश करने लगीं।

आरोप है कि इससे नाराज सुनील ने अपनी पत्नी को छोड़कर मां के साथ अभद्रता शुरू कर दी। उसने मां को घसीटते हुए जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों के संभालने के करीब एक घंटे बाद उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कठेला समय माता पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर आरोपी सुनील गिरी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों ने बताया कि कैलाशी देवी के चार बेटे थे, जिनमें पप्पू, दयाराम, अर्जुन और सुनील शामिल हैं। ग्रामीणों के

मृतका फाइल फोटो

अनुसार, सुनील अक्सर शराब के नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करता था, जिससे परिवार में आए दिन झगड़े होते रहते थे। कठेला समय माता के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है और मामले की जांच जारी है।

पुलिस कार्रवाई से ठेला-खोमचा व्यवसायियों में दहशत

151 की कार्रवाई का आरोप, वैकल्पिक स्थान की मांग

गोपीगंज। नगर क्षेत्र में रेडी, ठेला और खोमचा लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले छोटे व्यवसायियों ने पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी

संक्षिप्त खबरें

लापरवाही और भ्रष्टाचार पर चलेगी 'जीरो टॉलरेंस' नीति, मंत्री नीतीश मिश्रा का अफसरों को सख्त निर्देश



पटना। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को आरोप एवं निगरानी संबंधी समीक्षा बैठक की। विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित शिकायतों, आरोपों तथा निगरानी मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों को सभी लंबित मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों एवं आरोपों की जांच प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक मोड में संचालित किया जाए, ताकि दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्यों द्वारा अधिकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दे जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं से जुड़े होते हैं। इसलिए ऐसी शिकायतों के निपटारे में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन के लिए एक स्पष्ट एवं प्रभावी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए तथा उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग में नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचार एवं लापरवाही के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायतों की जांच निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं पारदर्शी ढंग से की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां दोष सिद्ध हो वहां कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, वहीं असत्य अथवा आधारहीन शिकायतों के मामलों पर भी गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदारी से कार्य कर रहे अधिकारियों का मनोबल प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करना भी सुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

महिला पत्रकार को राहत देने से दिल्ली हाई कोर्ट का इनकार, मानहानि केस में खान सर समेत अन्य यूट्यूब शिक्षकों को नोटिस

● दिल्ली हाई कोर्ट ने टीवी एंकर अंजना ओम कश्यप द्वारा खान सर के खिलाफ दायर मानहानि मुकदमे में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने खान सर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली। अपमानजनिक टिप्पणियां करने को लेकर फैसल खान (खान सर) सहित अन्य के खिलाफ टीवी एंकर अंजना ओम कश्यप द्वारा दायर मानहानि मुकदमा पर सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने जवाब मांगा है। हालांकि, अदालत ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित सामग्रियों को हटाने की टीवी एंकर की मांग पर अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। मामले पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने फैसल खान सहित अन्य का नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 17 जून को होगी।

वीडियो और पोस्ट हटाने की मांग की थी

अंजना ओम कश्यप द्वारा एक टीवी शो के दौरान स्टार टीचर्स के बढ़ते असर की आलोचना की थी और इसके बाद खान सर ने अंजना पर तमाम सवाल उठाते हुए टिप्पणियां की थी। संबंधित वीडियो और पोस्ट को हटाने की मांग करते हुए अंजना ओम कश्यप की तरफ से कहा गया कि प्रतिवादियों द्वारा इंटरनेट मीडिया पर किए गए अपमानजनक सामग्री व पोस्ट को अन्य लोग भी प्रसारित करते।

'शिक्षकों के पोस्ट हटें तो महिला पत्रकार के भी'

वहीं, प्रतिवादियों की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता राकेश मल्होत्रा ने अंजना ओम कश्यप द्वारा किए गए पोस्ट की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर उनके मुवक्किलों का पोस्ट हटाया जाना है, तो अंजना का पोस्ट भी हटाया जाना चाहिए। राकेश मल्होत्रा ने शिकायत करने वाले ने ही मानहानि करने वाली सामग्री पोस्ट की है। हालांकि, अंजना की तरफ से तर्क दिया गया कि प्रतिवादियों की भाषा हिंसा भड़काने वाली है और मेरे बच्चों को इसमें घसीट रहे हैं।

अब 17 जून को होगी अगली सुनवाई

अंजना की तरफ से अदालत से अंतरिम आदेश पारित करने का अनुरोध किया गया। वहीं, इस कुछ प्रतिवादियों ने कहा कि शिकायतकर्ता ब्लैंकेट आदेश नहीं मांग सकता है। इस पर पीठ ने अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 जून तय कर दी। दो करोड़ रुपये का हर्जाना की मांग करते हुए मानहानि मुकदमे में अंजना ने दावा किया कि कई डिजिटल प्लेटफार्म पर प्रसारित किए गए वीडियो, पोस्ट और ब्रॉडकास्ट में कई अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

सजा पूरी करने के बाद भी बांग्लादेश की जेलों में सड़ रहे 148 भारतीय

● बांग्लादेश की जेलों में 148 भारतीय अपनी सजा पूरी करने के बावजूद फंसे हुए हैं, जिनकी वापसी नौकरशाही और पहचान प्रक्रिया में देरी के कारण अटकी है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बांग्लादेश की जेलों में 148 भारतीय सजा पूरी करने के बावजूद सड़ रहे हैं और स्वदेश वापसी नहीं कर पा रहे हैं। नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक जेल अधिकारी ने बताया कि छह महीने पहले प्रकाशित जेल आंकड़ों के अनुसार, 148 भारतीयों सहित 152 विदेशी सजा पूरी करने के बावजूद जेलों में बंद हैं। इनमें से कई विदेशी कैदियों ने अपनी सजा वर्षों पहले ही पूरी कर ली थी, लेकिन आधिकारिक पहचान प्रक्रिया और नौकरशाही या राजनयिक निष्क्रियता के कारण उनकी कैद लंबी खिंच गई। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में भारतीय कैदियों को अवैध सीमा पार प्रवेश जैसे आरोपों में हिरासत में लिया गया है। एक समाचार पोर्टल ने सोमवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिमी शरियतपुर जिला जेल में अकेले 17 भारतीय सजा पूरी करने के बावजूद सड़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कैदियों को रिहा नहीं किया जा सका, क्योंकि उनकी पहचान सत्यापित नहीं हो पाई है। इस मामले में भारतीय दूतावास से संपर्क के बार-बार प्रयास करने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पुलिस ने 2022 और 2023 में पद्मा पुल के पास अलग-अलग समय पर 20 लोगों को हिरासत में लिया था, जिन्हें बाद में जेल भेज दिया गया था। उन्होंने सजा पूरी कर ली है, लेकिन सत्यापन और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया अधूरी रहने के कारण वे अब भी 'रिहा कैदी' की स्थिति में कैद में हैं।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

● श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान हुआ टूण्डला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला – नगर के प्रेम रेजिडेंसी स्थित पुष्पा एंक्लेव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं बच्चियों ने सिर पर कलश धारण कर नगर की परिक्रमा की। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा प्रेम रेजिडेंसी, पुष्पा एंक्लेव से प्रारंभ होकर टूण्डला नगर के विभिन्न मार्गों से निकली। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। नगरवासियों ने भी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में कलश धारण कर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी स्वर्गीय राजवीर शर्मा द्वारा कराया जा रहा है। कथा का वाचन भागवताचार्य आचार्य पंडित श्री मोहित जी महाराज, वृंदावन धाम (मथुरा) के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं एवं सनातन धर्म के आदर्शों का वर्णन किया जाएगा। कथा आयोजन में परीक्षित के रूप में अमित भारद्वाज एवं तम्मना भारद्वाज तथा यज्ञपति के रूप में संजय भारद्वाज एवं गीता भारद्वाज, साथ ही प्रदोष भारद्वाज एवं गोल्डन भारद्वाज को दायित्व सौंपा गया है। सभी ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कथा महोत्सव के सफल आयोजन की कामना की। कलश यात्रा नगर भ्रमण के उपरांत कथा पंडाल पहुंचकर संपन्न हुई, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कथा का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। कथा स्थल पर भक्तों के बैठने, प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं की विशेष तैयारी की गई है। आगामी दिनों में श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं संस्कारों का संदेश दिया जाएगा।

असम के बराक घाटी के सोनाई में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर जागरूकता सभा और जन-हस्ताक्षर अभियान

● दो सौ से अधिक लोगों के हस्ताक्षर से मांग को मिला मजबूत समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमिः असम के बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की एक स्थायी बेंच की स्थापना की मांग को और मजबूत करने के लिए सोमवार को सोनाई मधव चंद्र दास कॉलेज में एक जागरूकता सभा और जन-हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। हाईकोर्ट बेंच मांग कार्यान्वयन समिति, कछार जिला समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिवक्ता, शिक्षाविद, समाजसेवी, राजनीतिक व्यक्ति, छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। दोपहर 2 बजे कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जागरूकता सभा में समिति के उपाध्यक्ष अधिवक्ता शांतनु नायक, कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ए. के. आज़ाद लस्कर, कॉलेज के प्राचार्य बहारुल इस्लाम लस्कर, कछार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता दुलाल मित्रा, सह-अध्यक्ष अधिवक्ता तुहिना शर्मा, शिक्षाविद विभाष देव, मुईनुल हक चौधरी उच्च माध्यमिक विद्यालय की पूर्व प्राचार्या सुमिता घोष, अधिवक्ता रजत घोष, अधिवक्ता धर्मानंद देव सहित कई विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता दुलाल मित्रा ने बराक घाटी में स्थायी हाईकोर्ट बेंच की मांग का पूर्ण समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'बराक घाटी के लाखों न्यायप्रार्थियों की यह मांग पूरी तरह न्यायसंगत है। न्याय तक आसान पहुंच और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यहां स्थायी हाईकोर्ट बेंच की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।' उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायिक कार्यों के लिए बराक के लोगों को लंबी दूरी तय कर गुवाहाटी जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम की भारी हानि होती है। विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। यदि यहां बेंच स्थापित होती है तो न्याय प्राप्ति अधिक सुलभ और सस्ती हो जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज के प्राचार्य बहारुल इस्लाम लस्कर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि न्याय का अधिकार संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार है और इसे सुनिश्चित करने के लिए बराकवासियों की यह मांग पूरी तरह उचित और समयानुकूल है। समिति के उपाध्यक्ष अधिवक्ता शांतनु नायक ने आंदोलन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि लगभग चालीस लाख आबादी वाले बराक घाटी में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी आने-जाने की कठिनाइयों के कारण आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सभा का प्रमुख आकर्षण अधिवक्ता धर्मानंद देव की तथ्य-आधारित पावरपॉइंट प्रस्तुति रही। उन्होंने ऐतिहासिक दस्तावेजों, सरकारी अभिलेखों और न्याय व्यवस्था के विकास क्रम को प्रस्तुत करते हुए बराक घाटी में हाईकोर्ट बेंच की आवश्यकता को समझाया। उन्होंने फोर्ट विलियम कोर्ट से लेकर शिलांग और फिर गौहाटी हाईकोर्ट के विकास की ऐतिहासिक श्रृंखला भी प्रस्तुत की। शिक्षाविद विभाष देव ने कहा कि बराक घाटी की इस न्यायसंगत मांग को समाज के हर वर्ग का समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय तक पहुंच को आसान और प्रभावी बनाने में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सभा का संचालन अधिवक्ता तुहिना शर्मा ने किया। अंत में कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ए. के. आज़ाद लस्कर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इसके बाद शाम 4 बजे कॉलेज परिसर में जन-हस्ताक्षर अभियान शुरू हुआ। इसमें महिला-पुरुष, शिक्षक, छात्र, व्यापारी, नौकरीपेशा सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, इस दिन दो सौ से अधिक लोगों ने हाईकोर्ट बेंच की मांग के समर्थन में हस्ताक्षर किए। समिति ने बताया कि बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी बेंच की स्थापना की मांग को लेकर आगे भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। संगठन के नेताओं ने आशा जताई कि जनता के व्यापक समर्थन और आंदोलन के माध्यम से यह लंबे समय से लंबित न्यायसंगत मांग एक दिन अवश्य पूरी होगी।

IPA की जमीन खाली कराने पर हाई कोर्ट की केंद्र सरकार को फटकार

नई दिल्ली। लुटियन दिल्ली स्थित इंडियन पोलो एसोसिएशन (आइपीए) की जमीन को खाली करने से संबंधित केंद्र सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणियां की हैं। अदालत ने कहा कि दिल्ली का दम घुट जाएगा, भगवान हम सबकी रक्षा करे। पीठ ने मौखिक रूप से केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि यह सब सालों से चल रहा है और आप दिल्ली को क्या बनाना चाहते हैं। केंद्र के बेदखली के निर्णय को लोगों के कल्याण के लिए बताने पर अदालत ने कहा कि दिल्ली के लोग किसी छोटे-मोटे पहाड़ पर जाकर रहने लगेंगे। दिल्ली हमारे लिए नहीं बचेगी। लुटियन दिल्ली लोगों के पास एक छोटी सी खुली जगह है और आप उसे भी छीनना चाहते हैं। पीठ ने यह भी कहा कि निश्चित कीजिए कि लोग दिल्ली न आएं। साथ ही यह भी पूछा कि क्या इतनी ऊंची इमारतें बनाना क्या जनहित में है? हर तरफ बस ऊंची इमारतें ही हैं। आइपीए ने जगह खाली करने के केंद्र के नोटिस को चुनौती दी है।

बरेली हवाला कांडः हिंदू-मुस्लिम दोनों नाम से रखे थे आधार कार्ड

● दुबई कनेक्शन या इंटरनेट का खेल?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली। हवाला का रुपया कहीं किसी देश विरोधी गतिविधियों में तो नहीं खपाया जा रहा था? गिरोह का सरगना जीशान क्या वाकई दुबई में बैठा है या फिर भारत के ही किसी कोने से बैठकर यह पूरा गिरोह संचालित कर रहा है। चूंकि अभी तक पुलिस को जो भी नंबर मिले हैं वह देखने में दुबई के जरूर लग रहे मगर वह इंटरनेट जेनरेटेड भी हो सकते हैं। दिल्ली निवासी लालचंद्र और धम्मा राम उस हवाला की रकम को आगे किसे सप्लाई करते थे। ऐसे तमाम सवालों के जवाब अभी पुलिस के पास नहीं हैं। इन सभी सवालों जानकारी के लिए विशेष टीम लगी है। पुलिस को आशंका है कि हवाला का यह रुपया कहीं देश विरोधी गतिविधियों में तो नहीं खपाया जा रहा था। इस मामले में एटीएस भी सक्रिय हो गई है।

दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने जब जीशान का मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाई तो वह दुबई में पंजीकृत निकला। चूंकि उसकी सभी काल्स वाट्स-एप के माध्यम से होती थीं। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि आरोपित दुबई में ही रह रहा है। हो सकता है कि जीशान ने दुबई के नंबर से वाट्स-एप अकाउंट बनाया हो और भारत या किसी अन्य देश में बैठकर उसी के माध्यम से सभी बातचीत होती हो...। क्योंकि वाट्स-एप खाता एक बार बनाने के बाद कहीं भी चल सकता है। इसलिए पुलिस ने अब जीशान के नंबर का इंटरनेट प्रोटोकाल डिटेल रिकार्ड (आइपीडीआर) निकलवाया है। उससे यह स्पष्ट होगा कि जीशान आखिर बैठा कहां पर है। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी की भी तैयारी होगी। तब पता चलेगा कि आखिर यह हवाला का नेटवर्क कहां-कहां से संचालित है और जो भी रुपया भेजा जा रहा है वह कहां-कहां भेजा जा रहा है। किन गतिविधियों में इन रुपयों का इस्तेमाल हो रहा है। उधर, दूसरी ओर देश विरोधी गतिविधियों की आशंका के चलते एटीएस समेत तमाम खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। पुलिस का कहना हैं कि इस पूरे नेटवर्क का राजफाश कर बड़ा नेटवर्क खोला जाएगा।

इतने राज्यों से एक ही खाते में कैसे आ रहा रुपया

पुलिस ने जब जमीर और मोईन अली के खाते खंगाले तो हैरान हो गई। इनके खाते में कोई एक दो नहीं बल्कि, कई राज्यों से रुपये भेजे गए थे। सभी जगहों से कैश में रुपयों का डिपोजिट होना काफी संदिग्ध है। इतना रुपया कैश में आखिर आया कहां से इस बात की जानकारी बेहद जरूरी है। ताकि पूरी कहानी से पर्दा उठ सके।

एक-एक दिन में होते थे चार-पांच ट्रांजेक्शन

खातों की जानकारी के अनुसार, आरोपितों के खाते में एक-एक दिन में चार-चार, पांच-पांच ट्रांजेक्शन किए गए हैं। यह ट्रांजेक्शन एक लाख से लेकर दो हजार रुपये तक हैं। पुलिस का कहना हैं कि अभी पुराने सभी ट्रांजेक्शन भी निकाले जा रहे हैं।

हिंदू मुस्लिम दोनों नाम से रखते थे आधार कार्ड

फर्जीवाड़ा इस कदर था कि आरोपित जमीर अहमद ने अपने दो आधार कार्ड बनाए थे। पहला आधार कार्ड राकेश के नाम से था और दूसरा अशफाक के नाम से था। पूछताछ में पता चला कि ऐसा उसने इसलिए किया यदि किसी स्थान पर हिंदू बनने की जरूरत तो हिंदू का आधार कार्ड दिखाया जाए और यदि मुस्लिम की जरूरत हो तो मुस्लिम का आधार कार्ड दिखाया जाए।

कश्मीरियों संग व्यापार पर भी संदेह

आरोपितों ने बताया कि वैसे वह जरी का काम करते हैं और उसकी सप्लाई कश्मीर में भी करते हैं। मगर हकीकत यह है कि कश्मीर में जरी का कारोबार इतना नहीं होता कि वहां के व्यापारियों से मिलकर इसे किया जा सके। ऐसे में उनके कश्मीर के व्यापारियों संग जरी का काम भी करना संदेह पैदा कर रहा है।

'लगा कि मोबाइल चोरी कर लिया...' और युवक ने मौलाना को ट्रेन से दे दिया धक्का

● बरेली मर्डर केस का चौंकाने वाला राजफाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली। बिहार के किशनगंज निवासी मौलाना तौसीफ रजा की ट्रेन से धक्का देकर हत्या करने वाले को जीआरपी ने दबोच लिया है। आरोपित ने शराब के नशे में तौसीफ को ट्रेन से धक्का दिया था। उसे यात्रियों ने पकड़ भी लिया था, लेकिन वह शाहजहांपुर स्टेशन पर चकमा देकर भाग गया था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर जल्द पूरे मामले का राजफाश करेगी। मौलाना तौसीफ रजा उर्स में शामिल होकर 26 अप्रैल को बरेली जंक्शन से योगनगरी स्पेशल ट्रेन से अपने घर बिहार जा रहे थे। उनका शव कैंट क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला था। कैंट थाना पुलिस ने इसे हादसा माना था, लेकिन कुछ दिनों बाद मौलाना की पत्नी तब्बसुम ने पति की हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में बिहार में प्रदर्शन भी हुआ था। तब्बसुम ने एक आडियो भी सौंपी थी, जिसमें पति का किसी से झगड़ा हुआ था। जीआरपी ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। जीआरपी ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के साथ ही ट्रेन के कोच एस 10, नौ और आठ में सवार यात्रियों से पूछताछ की, जिसमें पता चला कि मौलाना का किसी से झगड़ा हुआ था। लंबी पूछताछ और सर्विलांस की मदद से मुरादाबाद के पंकज का नाम पता चला। जीआरपी ने रविवार को उसे मुरादाबाद से दबोच लिया। जीआरपी को पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसकी बहन का मुरादाबाद में रिश्ता तय हुआ था। बहन की ससुराल वालों के किसी रिश्तेदार की शादी बरेली में थी, जिसमें शामिल होने वह मुरादाबाद से आ रहा था। उसने शराब पी थी। उसे आला हजरत एक्सप्रेस से आना था, लेकिन ट्रेन छूट गई थी। इसके बाद उसने और शराब पी और रात में योगनगरी स्पेशल ट्रेन में सवार हुआ लेकिन नशा अधिक होने पर वह ट्रेन की फर्श पर लेट गया था। वह बरेली में उतर नहीं पाया। बरेली में मौलाना ट्रेन में चढ़े और आगे बढ़ते हुए अगले कोच में जाने लगे तो उसे लगा कि उसका मोबाइल मौलाना ने चोरी किया था। इस पर उसने चोरी का आरोप लगाते हुए मौलाना से झगड़ा किया। इसके बाद नशे में उसने ट्रेन से मौलाना को धक्का दे दिया और उसने अपना मोबाइल व पर्स नीचे फेंक दिया ताकि पकड़ा न जाए, लेकिन उसे यात्रियों ने पकड़ लिया और पिटाई कर दी। जीआरपी को पूछताछ में पता चला कि यात्रियों ने आरोपित को शाहजहांपुर स्टेशन पर पुलिस को सौंपना चाहा। इस दौरान सादा वर्दी में दो पुलिसकर्मी मिले तो उन्होंने जीआरपी थाने में जाकर सुपुर्दगी के लिए कहा। इस दौरान ट्रेन चल दी तो वह चकमा देकर भाग गया। इसके बाद रात में दुकानों के बाहर सो गया और दूसरे दिन अपने घर चला गया। उसके भाई ने जब उसके नंबर पर फोन लगाया तो वह किसी रेलवे कर्मचारी को मिला था तो वह उससे उसका फोन भी वापस ले आया था।

बरेली में फर्जी कंपनी से हवाला कारोबार का भंडाफोड़ः दो गिरफ्तार, 30 लाख रुपये जब्त

बरेली। बरेली पुलिस ने फर्जी कंपनी के जरिए हवाला का कारोबार करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हवाला की रकम दुबई में बैठा जीशान टोकन के माध्यम से भेजता है। यह रकम कश्मीर के कारोबारियों की होती है, जो हवाला के माध्यम से विदेश भेजी जाती है। एक आरोपित मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है और बारादरी में माधोबाड़ी में रहता था। बारादरी थाना पुलिस ने आरोपितों के पास से 30 लाख रूपये बरामद किए हैं। पुलिस ने तीन आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना के आधार पर माधोबाडी से जमीर और जगदीश चौटिया को गिरफ्तार किया। जमीर से केजीएन नाम से फर्जी कंपनी बना रखी है। वह कंपनी के खाते में हवाला की रकम डलवाता है। उसके खाते में पिछले छह महीने में 4.7 करोड़ का लेनदेन हुए। उसे 20 प्रतिशत कमीशन मिलता है। उसका संपर्क जीशान से वाट्सएप के जरिए हुआ था, जिसने खुद को दुबई में रहना बताया। उसने ही फर्जी कंपनी खुलवाई थी। उसके साथ ही मूलरूप से राजस्थान के बीकानेर के नाकोदेशर गांव के जगदीश चौटिया को गिरफ्तार किया गया। जगदीश भी कमिशन पर काम करता है। अब पुलिस जीशान का पता लगा रही है।

'कॉकरोचों ध्यान रखना.....', अवध ओझा ने दिया कॉकरोच जनता पार्टी को ज्ञान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। मशहूर कोचिंग शिक्षक और आप के पूर्व नेता अवध ओझा ने कॉकरोच जनता पार्टी को सफल आंदोलन चलाने के आसान और प्रभावी सुझाव दिए हैं। उन्होंने हिंसा और अराजकता से बचने की सलाह देते हुए कहा कि आंदोलन संवैधानिक और अहिंसात्मक तरीके से चलाया जाए। अवध ओझा ने CJP को खास सुझाव देते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर केवल 100 लोग ही अनशन पर बैठें। बाकी लोग अपने-अपने घरों पर कॉकरोच पार्टी का झंडा लगाएं। उन्होंने कहा, 'प्रतीकात्मक अनशन करो। 100 प्रमुख लोग जंतर मंतर पर बैठें और बाकी युवा पूरे देश में घरों पर झंडे लगाएं। जब सरकार को दिखेगा कि हर घर में झंडा लगा हुआ है, तो उसे अहसास हो जाएगा कि गलत रास्ते पर जा रहे हैं। ' ओझा ने वायरल वीडियो में CJP से अपील की कि वे किसी भी बहकावे या भड़कावे में न आएं। उन्होंने कहा, 'जितने भी काम करना, संवैधानिक तरीके से करना। यह तुम्हारा देश है। बहुत आराम से तुम संवैधानिक ढंग से इस देश को बदल सकते हो। हर घर में कॉकरोच है, इसलिए हिट मार देंगे वाली सोच गलत है। कॉकरोचों की बात सुननी पड़ेगी। ' अवध ओझा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर CJP कोई गलती कर दी या अराजकता फैलाई तो यह आंदोलन शुरू होने से पहले ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा, 'बचपना मत करना। कोई भी अराजकता वाला काम मत करना। जो प्रजातंत्र में किया जाता है, उसी तरह करना। ' ओझा ने सत्य और अहिंसा की ताकत पर भरोसा जताते हुए कहा कि अहिंसात्मक आंदोलन करने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी समर्थन देगा। उन्होंने सुझाव दिया, 'एक शहर चुन लो, दिल्ली को चुन लो और हर घर में कॉकरोच का झंडा लगवा दो। देखो रातोंरात दिल्ली की हवा बदल जाएगी। सत्य और अहिंसा में बहुत ताकत है। ' अवध ओझा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे CJP को व्यावहारिक और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन चलाने की सीख दे रहे हैं।

पटना मेट्रो निर्माण में तेजी, अक्टूबर तक तैयार होगा खेमनीचक स्टेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पटना। राजधानी की महत्वाकांक्षी पटना मेट्रो परियोजना की प्रगति की सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा की गई। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव-सह-पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी की अध्यक्षता में हुई बैठक में परियोजना के विभिन्न कॉरिडोरों में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का आकलन किया गया। बैठक में पीएमआरसीएल, डीएमआरसी और अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि खेमनीचक मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में भूमिगत कारिडोर के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि राजेंद्र नगर और मोइनुलहक स्टेडियम के बीच सुरंग की खोदाई का कार्य अंतिम चरण में है और अगले दो दिनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, नेहरू पथ क्षेत्र में मेट्रो सुरंग निर्माण के लिए नवंबर माह में जू के समीप टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) लॉन्च की जाएगी, जिसके बाद इस हिस्से में भूमिगत निर्माण कार्य को गति मिलेगी। सचिव-सह-प्रबंध निदेशक ने विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा परियोजना की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पटना मेट्रो परियोजना के विभिन्न कारिडोरों में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने परियोजना की वर्तमान स्थिति, कार्यों की प्रगति तथा निर्माण के दौरान सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही सभी महत्वपूर्ण बाधाओं और लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सचिव-सह-प्रबंध निदेशक ने संबंधित एजेंसियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने, आपसी समन्वय को और मजबूत बनाने तथा निर्धारित समयसीमा का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटना मेट्रो राजधानी की यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाली परियोजना है, इसलिए इसके निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक में परियोजना के विभिन्न चरणों की प्रगति का आकलन करते हुए निर्माण कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों को नियमित निगरानी और प्रभावी समन्वय के माध्यम से कार्यों को समय पर पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।